www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:16 सूर्यास्त 5:21

**आज का तापमान**

| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| शिमला | 6.04 | 16.04 |
| धर्मशाला | 6.02 | 22.00 |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71437.19 |
| निफ्टी | 21453.10 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | बुधवार, 20 दिसंबर 2023 | 5 पौष, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 2 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए | जैकलीन फर्नांडीज ने खटखटाया दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा...पेज 16

## न्यूज शॉर्ट्स

### ज्ञानवापी केस, मुस्लिम पक्ष की पांच याचिकाएं खारिज

**प्रयागराज।** ज्ञानवापी मामले में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की पांच याचिकाएं खारिज कर दीं। इसमें ज्ञानवापी परिसर के अंदर मंदिर मरम्मत को चुनौती दी गई थी। हाई कोर्ट ने वाराणसी कोर्ट को निर्देश दिए कि इस मामले 1991 में दायर सिविल मामले में से एक की सुनवाई छह महीने में पूरी करें। ज्ञानवापी मस्जिद, वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर के बगल में है।

### केरल में आए कोरोना के नए वेरिएंट जेएन-1 के 115 केस



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामले एक बार फिर बढ़ते जा रहे हैं। केरल में कोविड-19 के नए वेरिएंट जेएन-1 के 24 घंटे में कुल 115 नए मामले सामने आए हैं। नए मामले सामने आने के बाद राज्य में कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 1,749 हो गई है। देशभर के कोरोना आंकड़ों की बात करें तो 24 घंटे में कोरोना के 142 नए मामले सामने आए हैं।

### तमिलनाडु के मंत्री पोनमुडी आय से अधिक संपत्ति के मामले में दोषी

**नई दिल्ली।** मद्रास हाई कोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में तमिलनाडु के मंत्री के. पोनमुडी को दोषी ठहराया है। पोनमुडी को 2016 में इस मामले में निचली अदालत ने बरी कर दिया था। मद्रास हाई कोर्ट ने निचली अदालत के फैसले को पलट दिया है। होई कोर्ट पोनमुडी को सजा इसी सप्ताह में सुनाएगा। तमिलनाडु सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय ने 2002 में पोनमुडी और उनकी पत्नी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगाया था।

### शाहरुख की पत्नी गौरी खान को ईडी का नोटिस

**लखनऊ।** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान को ईडी (प्रर्वतन निदेशालय) ने नोटिस भेजा है। गौरी खान लखनऊ की रियल स्टेट कंपनी तुलसियानी ग्ररुप की ब्रांड एंबेसडर हैं। इस कंपनी पर निवेशकों और बैंक का करीब 30 करोड़ रुपए हड़पने का आरोप है। इस कंपनी के जांच के दायरे में गौरी खान भी आ रही हैं। गौरी खान को तुलसियानी ग्रुप ने 2015 में अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया था। लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी में तुलसियानी ग्रुप का प्रोजेक्ट है।

## टॉप स्टोरीज

क्रिसमस और न्यू ईयर पर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें ...पेज 2

काजा-ग्राम्फु मार्ग पर फंसे पांच पर्यटकों को किया रेस्क्यू ...पेज 3

### हाई कोर्ट ने चार अधिकारियों से एक सप्ताह में मांगा स्पष्टीकरण

# जज ने पूछा, क्यों न जेल भेज दें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**प्रदेश** हाई कोर्ट ने आदेशों की अक्षरश: अनुपालना न होने पर उद्योग विभाग के सचिव सहित उद्योग निदेशक, सेरीकल्चर ऑफिसर कांगड़ा और डीएम इंडस्ट्रीज कांगड़ा से पूछा है कि क्यों न उन्हें जेल भेज दिया जाए। कोर्ट ने इन चारों अधिकारियों से एक सप्ताह के भीतर इस बारे में स्पष्टीकरण मांगा है। मामले की सुनवाई 27 दिसंबर को होगी। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश संदीप शर्मा की खंडपीठ ने प्रार्थी सतनाम सिंह की ओर से दायर अनुपालना याचिका की सुनवाई के पश्चात यह आदेश जारी किए। याचिकाकर्ता ने हाई कोर्ट की ओर से उसके पक्ष में सुनाए गए निर्णय को लागू करने के लिए याचिका दायर की थी। कोर्ट ने पाया कि 11 मई 2023 को खंडपीठ ने याचिकाकर्ता के पक्ष में निर्णय सुनाया था। प्रार्थी ने उसकी आठ साल की दिहाड़ीदार सेवाओं के पश्चात वर्क चार्ज अथवा नियमित करने की गुहार लगाई थी। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने प्रतिवादियों को आदेश दिए थे कि वह राज्य सरकार बनाम सूरजमणि वाले मामले में दिए आदेशों के दृष्टिगत प्रार्थी के मामले में भी निर्णय ले।

सूरजमणि मामले में कोर्ट ने सरकार की अपील खारिज करते हुए आदेश दिए थे कि वह प्रार्थियों को तब से नियमित और वर्क चार्ज नियुक्ति प्रदान करें, जब से नियमितिकरण नीति के तहत बतौर आठ साल दिहाड़ीदार सेवाएं पूरी की हों। प्रार्थी की अनुपालना याचिका पर हाई कोर्ट ने चार बार विभाग को कोर्ट के आदेशों की अनुपालना करने के मौके दिए, परंतु विभाग ने फैसले के अनुसार, प्रार्थी के मामले में कोई निर्णय नहीं लिया।

**प्रार्थी ने आठ साल की दिहाड़ीदार सेवाओं के बाद वर्क चार्ज और नियमित करने की लगाई थी गुहार**

### झील पर अनंत ज्ञान



बिलासपुर की गोबिंदसागर झील किनारे दैनिक अखबार अनंत ज्ञान का पहला अंक पढ़ता एक युवक।

### विधानसभा का शीतकालीन सत्र : कांग्रेस की 10 गारंटियों का चोला पहनकर पहुंचे भाजपा विधायक

# सुक्खू भाई, सुक्खू भाई 10 गारंटियां कित्थे पाई

**विधानसभा के बाहर भाजपा का अनोखा प्रदर्शन**

**पहले दिन गारंटियों को लेकर विपक्ष का हल्ला बोल**

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**तपोवन** में विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले भाजपा विधायकों ने गारंटियों को लेकर प्रदर्शन किया। शीतकालीन सत्र का मंगलवार को पहला दिन था और भाजपा हमलावर नजर आई। भाजपा विधायकों ने गारंटियों का जिक्र करते हुए गले में पोस्टर लटकाकर 'सुक्खू भाई, सुक्खू भाई... 10 गारंटियां कित्थे पाई के नारे लगाए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ने कहा कि यह प्रदर्शन कांग्रेस सरकार को याद दिलाने के लिए है कि उन्होंने जनता को दस गारंटियां दी थीं, लेकिन एक साल के बाद भी पूरी नहीं हो पाई हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, प्रभारी राजीव शुक्ला सभी कांग्रेस नेता पहली कैबिनेट में सभी गारंटियां पूरी करने का दावा करते रहे, लेकिन अब गारंटियों को पांच साल में पूरा करने का बहाना लगा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



तपोवन में विस शीतकालीन सत्र से पहले कांग्रेस की 10 गारंटियां का लिखा चोला पहनकर पहुंचे भाजपा विधायक।

### कांग्रेस ने विकास कार्यों पर लगाई ब्रेक

**कांग्रेस** ने पांच लाख युवाओं को रोजगार देने, तीन सौ यूनिट बिजली फ्री, महिलाओं को 1500, दो रुपए किलो गोबर खरीदने के साथ ही अन्य दस गारंटियां दी थीं और सभी गारंटियों को पहली कैबिनेट की बैठक में पूरा करने का वादा जनता के साथ किया था, लेकिन अब कांग्रेस की सरकार पांच साल में गारंटियां पूरी होने का बहाना बना रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में प्रदेश में विकास हुआ है, जिस पर कांग्रेस ने ब्रेक लगा दी है।

### विनय कुमार बने विधानसभा के डिप्टी स्पीकर

**धर्मशाला।** रेणुका से विधायक विनय कुमार को विधानसभा शीतकालीन सत्र के पहले दिन सर्वसम्मति से विधानसभा का उपाध्यक्ष चुना गया। विनय तीन बार विधायक रह चुके हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विनय के नाम का प्रस्ताव किया, जिसका उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने समर्थन किया। कृषि मंत्री चंद्र कुमार और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भी विनय के नाम का प्रस्ताव किया। विनय कुमार ने विधानसभा उपाध्यक्ष चुने जाने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष का आभार जताया और कहा कि वह अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाने का प्रयास करेंगे। मुख्यमंत्री सुक्खू, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विनय कुमार को उपाध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश विधानसभा की उच्च परंपराएं रही हैं और यहां होने वाली चर्चाओं का स्तर काफी ऊंचा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उपाध्यक्ष विपक्ष को अधिक से अधिक मौका सदन में बोलने का मौका देंगे।



## सुरक्षा चूक पर लोकसभा में विपक्ष का हंगामा, 49 सांसद सस्पेंड



फाइल फोटो

**एजेंसी, नई दिल्ली**

संसद के शीतकालीन सत्र के 12वें दिन यानी मंगलवार को विपक्ष ने सांसदों के निलंबन को लेकर दोनों सदनों में हंगामा किया। विपक्षी सांसदों ने सदन के गेट और परिसर में नारेबाजी और प्रदर्शन किया। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही सुबह से तीन बार स्थगित की गई। इसके बाद लोकसभा से विपक्ष के 49 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। अब कुल 141 सांसद सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। यही नहीं, लोकसभा की प्रश्नसूची से 27 सवाल हटा दिए गए हैं। ये सवाल निलंबित सांसदों की तरफ से पूछे गए थे। सोमवार को कुल 78 सांसदों (लोकसभा-33, राज्यसभा-45) को निलंबित किया गया था। आजादी के बाद पहली बार एक ही दिन में इतने सांसद निलंबित किए गए हैं। इससे पहले 1989 में राजीव सरकार में 63 सांसद निलंबित किए गए थे। पिछले हफ्ते भी 14 सांसदों को निलंबित किया गया था।

### मिमिक्री पर धनखड़ नाराज कहा- भगवान इन्हें सद्बुद्धि दे

**राज्यसभा** सभापति जगदीप धनखड़ ने टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी के मिमिक्री वाले वीडियो को लेकर सदन में नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि चैनल के सामने सदन की मर्यादा को तार-तार किया गया है। भगवान इन्हें सद्बुद्धि दे। सदन में नारेबाजी करना, तख्तियां लाना, विरोध करते हुए वेल में आना ठीक नहीं है। लोकसभा से जिन सांसदों को सस्पेंड किया गया है, उनका सुरक्षा में चूक मामले से कोई संबंध नहीं है।

**सस्पेंशन के बाद लोकसभा में विपक्ष के 102, राज्यसभा में 94 सांसद बचे**

लोकसभा में इस समय 538 सांसद हैं। एनडीए के 329 सांसद हैं। विपक्ष के 14 दिसंबर को 13, 18 दिसंबर को 45 और 19 दिसंबर को 49 सांसद निलंबित किए गए। अब तक लोकसभा से 107 सांसद सस्पेंड किए जा चुके हैं। अब विपक्ष के 102 सांसद बचे है। राज्यसभा में 105 सांसद हैं। 34 विपक्षी सांसदों को निलंबित किया गया है।

## चीन में भूकंप से कई इमारतें जमींदोज, 118 लोगों की मौत

### रिक्टर स्केल पर 6.2 रही तीव्रता, 200 से अधिक लोग घायल

**एजेंसी, बीजिंग**

**चीन** में सोमवार रात करीब 12 बजे आए भूकंप से 116 लोगों की मौत हो गई, जबकि 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। ऐसे में मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है।

भूकंप से कई इमारतें जमींदोज हो गई हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 मापी गई है। यह भूकंप गांसू और किंघई प्रांत में आया। भूकंप का केंद्र गांसु के लिंक्सिया हुई में साला काउंटी में जमीन के 10 किलोमीटर नीचे रहा। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने सरकार और प्रशासन के सभी अंगों से ऑल आउट ऑपरेशन चलाने को कहा है।



फाइल फोटो

### किंघई प्रांत के हैडोंग में सबसे ज्यादा नुकसान

शिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक, कई गांवों में इस भूकंप के बाद बिजली और पानी की सप्लाई कट गई। भूकंप से किंघई प्रांत के हैडोंग में ज्यादा नुकसान हुआ है। यहां न्यूनतम तापमान शून्य से 12 डिग्री सेल्सियस नीचे है। कड़ाके की ठंड के बीच राहत और बचाव अभियान चल रहा है।

### तमिलनाडु में बाढ़ से तीन की मौत, 800 सुरक्षित निकाले

**चेन्नई।** तमिलनाडु के दक्षिणी जिले में बाढ़ से हालात बिगड़ गए हैं। यहां पिछले तीन दिनों से भारी बारिश हो रही है। इससे कई इलाके जलमग्न हो गए हैं और बाढ़ के चलते तीन लोगों की मौत हो गई है। वहीं, ट्रेन सेवाएं बाधित होने से यात्री फंस गए हैं। थिरुचेंदुर और तिरुनेलवेली स्टेशन के बीच चलने वाली एक ट्रेन में 800 यात्री फंस गए हैं, एनडीआरएफ की मदद से सुरक्षित निकाल लिया गया है। तमिलनाडु के थुटुकुडी जिले में बाढ़ से आम जनजीवन बुरी तरह से त्रस्त है। अब सेना ने मोर्चा संभाला है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में वायुसेना के हेलिकॉप्टर से खाने के पैकेट और अन्य जरूरी सामान गिराया जा रहा है।

## प्रदेश में तीन सड़क हादसों में पांच लोगों की गई जान

### बंजार में खाई में गिरी कार, पांवटा साहिब में ट्रक के नीचे आई स्कूटी, अंब में ट्रैक्टर से टकराई बाइक

**अनंत ज्ञान टीम, बंजार/पांवटा साहिब/अंब**

**प्रदेश** में तीन सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई। ये हादसे कुल्लू जिले के उपमडल बंजार और पांवटा साहिब-कालाअंब नेशनल हाईवे-7 और ऊना जिले के भंजाल गांव में पेश आए। उपमंडल बंजार में जिभी-गाड़ागुशैणी मार्ग स्थित बाहू मोड के पास कार 500 मीटर खाई में गिर गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।

मंगलवार सुबह जब लोग यहां से गुजर रहे थे तो उन्हें हादसे का पता चला। उन्होंने बंजार पुलिस को सूचित किया। सड़क हादसे के दोनों मृतकों की पहचान भाषा अध्यापक टेकचंद निवासी मोहिनी और गेवे राम के रूप में हुई है। एसपी कुल्लू साक्षी वर्मा ने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों का बंजार अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया। वहीं, अंब पुलिस थाने के तहत भंजाल गांव में सोमवार रात को सड़क हादसे में नेपाली मूल के दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान चंदेश मैहतों व फुलगेन मैहतों निवासी नेपाल के रूप में हुई है। मृतक अंब क्षेत्र में काम करते थे। दोनों मोटरसाइकिल (एचपी 19 ई-5946) पर जा रहे थे कि ट्रैक्टर से टक्कर हो गई। दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।



बंजार के बाहु मोड़ में 500 मीटर नीचे खाई में गिरी कार।

### तीखे मोड़ के कारण युवक की मौत

**पांवटा** साहिब-कालाअंब नेशनल हाईवे-7 पर मंगलवार सुबह सड़क हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सराहां निवासी अक्षय पुत्र गोपाल अपनी स्कूटी पर पांवटा साहिब की ओर जा रहा था। बोहलियों के समीप तीखे मोड़ पर स्कूटी दूसरी तरफ से आ रहे ट्रक के पिछले टायर के नीचे आ गई। इस हादसे में अक्षय की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने नाहन सदर पुलिस को सूचना दी। सहायक निरीक्षक धर्मपाल टीम सहित मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज नाहन भेजा। नाहन पुलिस हादसे की जांच में जुटी है।

**विस शीत सत्र** राष्ट्रीय और प्रदेश की राजनीति में एक-दूसरे के हथियार भांज रहे पक्ष व विपक्ष

## आम चुनावों की तपिश में पहले दिन खूब तपा तपोवन

**तेजपाल नेगी, धर्मशाला**

**देश** की केंद्रीय राजनीति की छाया से हिमाचल भी बच नहीं सका। आसन्न आम चुनावों की रणदुदुंभी बजने से पहले हिमाचल के राजनीतिक गलियारों में गर्म हवाएं बहने लगीं। ऐसे में धर्मशाला के तपोवन में आहूत विधानसभा का शीतकालीन सत्र चुनावी तपन से कैसे अछूता रहता। जैसी संभावना थी, ठीक वैसा ही हुआ। हिमाचल में विपक्ष की भूमिका निभा रही भाजपा ने सत्र के पहले ही दिन सरकार को घेरने के लिए उन तमाम हथियारों को धार दी, जिन्हें केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष कभी से भांज रहा है। चुनाव पूर्व कांग्रेस की ओर से दी गई दस गारंटियां, बेरोजगारी,



महंगाई, बढ़ता अपराध और भ्रष्टाचार आदि मुद्दों को लेकर भाजपा ने मंगलवार विधानसभा के बाहर जमकर हो हल्ला किया। चोला पहनने से लेकर नारेबाजी तक सभी पैतरे मुख्य विपक्षी दल ने आजमाए। हालांकि, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने देर शाम कहा कि विधानसभा सत्र का पहला दिन शांतिपूर्ण ढंग से गुजरा। विपक्ष चाहे केंद्र में हो या फिर प्रदेश में, दोनों ही जगह सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाना उसका दायित्व है।

केंद्रीय राजनीति पर गौर करें तो पाएंगे कि कांग्रेस समेत पूरा विपक्ष प्रधानमंत्री मोदी की ओर से किए गए कथित दावों को पूरा न करने को लेकर अरसे से उसे घेरता आ रहा है। अब प्रदेश में भाजपा के नेताओं व विधायकों ने कांग्रेस की ओर से चुनाव पूर्व ऐलानिया दी गई दस गारंटियों को लेकर आक्रामकता के साथ मुख्यमंत्री सुक्खू को घेरने की रणनीति अपनाई है। इन गारंटियों में महिलाओं को प्रति माह 1500 रुपए देने, हर वर्ष पांच लाख युवाओं को रोजगार देने और उपभोक्ताओं को तीन सौ यूनिट बिजली देने जैसी गारंटियों की याद दिला कर भाजपा के विधायकों ने सुक्खू से पूछा सुक्खू भाई...दस गारंटियां कित्थे पाईं...।

### केंद्रीय विपक्ष भी घेरता रहा है मोदी सरकार को बेरोजगारी व महंगाई के मुद्दे पर

**केंद्रीय** परिप्रेक्ष्य में विपक्ष भी मोदी सरकार को बेरोजगारी, महंगाई आदि मुद्दों को लेकर घेरता रहा है। देश व राज्य की राजनीति में दोनों ही प्रमुख राजनीतिक दलों के पास मुद्दों का अभाव वाला तर्क यहां सही दिखाई पड़ रहा है। राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा जिन मुद्दों से पीछा छुड़ाने का प्रयास कर रही है, प्रदेश स्तर पर उन्हीं मुद्दों को अपना हथियार बना रही है। होना तो यह चाहिए था कि 19 से 23 दिसंबर तक चलने वाले शीतकालीन सत्र को मिलजुल कर ऐतिहासिक बनाने की दिशा में पहल करते। इस सुरम्य तपोवन में शांति के साथ बैठक-विचार कर प्रदेश के लिए कुछ ऐसी योजनाएं तैयार करते, जिससे प्रदेश के लोगों को लाभ होता। सरकार की नजरों से छिपे मुद्दों को विधानसभा में विपक्ष उठाता और सरकार उन पर कार्य करने के लिए अपनी इच्छा शक्ति का प्रदर्शन करती, लेकिन सत्र के पहले दिन इस तरह का कोई संकेत तो नहीं दिखा। अलबत्ता सदन के बाकी दिनों में भी जोरदार हंगामे के लक्षण जरूर दिखने लगे। अभी शीतकालीन सत्र के चार दिन बाकी हैं और कम से कम उम्मीद तो यही की जानी चाहिए कि हमारे नीति निर्धारक इन दिनों में प्रदेश की जनता के हित में कुछ अहम व सराहनीय फैसले लेंगे। (अनत ज्ञान)

### ममता बनर्जी ने रखा प्रस्ताव, सीएम केजरीवाल ने किया समर्थन

## मल्लिकार्जुन खड़गे हों विपक्षी गठबंधन का प्रधानमंत्री चेहरा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**विपक्षी** गठबंधन की बैठक में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विपक्ष के पीएम चेहरे को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने किया है।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की चीफ ममता बनर्जी के प्रस्ताव पर खड़गे ने कहा कि हमें चुनाव जीतने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलकर काम करेंगे और सीट शेयरिंग को लेकर जिस राज्य में हमारे लोग हैं, वे एक-दूसरे से समझौता करेंगे, अगर समझौता नहीं बन सकता तो विपक्षी गठबंधन के लोग निर्णय करेंगे।




दिल्ली में बैठक करते विपक्षी गठबंधन के नेता।

**इन मुद्दों पर चर्चा**

**सीट शेयरिंग फॉर्मूला फाइनल करना :** 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर सीट शेयरिंग का मुद्दा चर्चा का केंद्र रहा। बीजेपी के खिलाफ 400 सीटों पर कॉमन कैंडिडेट उतारने के टारगेट पर बात हुई।

**को-ऑर्डिनेटर कौन होगा? :** मीटिंग में विपक्षी गठबंधन के को-ऑर्डिनेटर के नाम पर चर्चा हुई। इसके लिए उद्धव ठाकरे, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार के नामों पर विचार किया जा सकता है। बैठक में रणनीति बनाई गई कि भाजपा के सनातन और भगवा जैसे मुद्दों के जवाब में वे किन मुद्दों को लेकर जानता के बीच जाएं। गठबंधन के नेताओं ने चर्चा की कि कैंडिडेट फाइनल होने के बाद लोकसभा चुनाव के लिए टोन कैसे सेट किया जाए। लोकसभा व राज्यसभा से सांसदों के निलंबन की निंदा की।



धर्मशाला में पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए। इस दौरान उन्होंने अनंत ज्ञान परिवार को समाचार पत्र के प्रकाशन पर शुभकामनाएं दीं।



नूरपुर के विधायक रणवीर सिंह निक्का अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए। उन्होंने अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं।



पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष तथा भाजपा के चुराह विस क्षेत्र से विधायक हंसराज अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



तपोवन में शाहपुर विस क्षेत्र से विधायक केवल सिंह पठानिया अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



नाचन के विधायक विनोद कुमार अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।



पूर्व शिक्षा मंत्री एवं पूर्व विधायक आशा कुमारी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुईं।



विस परिसर में सुलह के विधायक विपिन परमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



कांगड़ा के विधायक पवन काजल अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



भरमौर के विधायक डॉ. जनक राज अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



ठियोग के विधायक कुलदीप राठौर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



देहरा के विधायक होशियार सिंह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# क्रिसमस और न्यू ईयर पर चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

## कालका-शिमला ट्रैक पर रोमांच भरे सफर को पर्यटक हो जाएं तैयार

**आर मोहन चौहान, सोलन**

क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए हिमाचल में आ रहे देश-विदेश के पर्यटकों की पहली पसंद कालका-शिमला रेल ट्रैक पर चलने वाली हिमालय एक्सप्रेस का आराम दायक सफर है। यही कारण है कि पर्यटकों की बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे अंबाला डिवीजन इस ट्रैक पर एक महीने तक स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। कालका-शिमला हेरिटेज ट्रैक पर विशेष ट्रेन 18 दिसंबर से 15 जनवरी तक चलेगी।

कालका से शिमला तक सभी ट्रेनों की ओक्यूपेन्सी फुल होने के कारण पर्यटकों के लिए विशेष ट्रेन शुरू करने की घोषणा की है। इस बार शिमला सहित अन्य हिल स्टेशन में क्रिसमस और न्यू ईयर में बर्फबारी के आसार है। यही कारण है कि पर्यटकों का रुझान शिमला मनाली की तरफ बढ़ा है।

हिमाचल सहित राजधानी शिमला में हर साल क्रिसमस और नए साल का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में देशी और विदेशी सैलानी आते हैं। कालका और शिमला के बीच इन दिनों होलीडे स्पेशल ट्रेन सहित सात गाड़ियां चल रही हैं।

इनमें हिमालयन क्वीन, शिवालिक डीलक्स, कालका शिमला एक्सप्रेस, हिम दर्शन, कालका शिमला अप मिक्स-डाउन मिक्स, कालका-शिमला मेन ट्रेन है। सैलानियों के लिए अब होलीडे स्पेशल चलाई गई है। मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) मनदीप सिंह भाटिया ने कहा कि कालका-शिमला हेरिटेज ट्रैक पर विशेष ट्रेन 24 दिसंबर से 25 जनवरी तक चलेगी। उन्होंने कहा कि कालका से शिमला तक सभी ट्रेनों की ऑक्यूपेंसी फुल होने के कारण रेलवे अंबाला डिवीजन ने पर्यटकों की भीड़ को देखते विशेष ट्रेन शुरू करने की योजना की घोषणा की है। (अनंत ज्ञान)

### सोलन तक सफल ट्रायल

**विश्व** धरोहर कालका-शिमला रेलवे ट्रैक पर सोलन तक भी ट्रेन सेट (सेल्फ प्रोपेल्ट हाइड्रोलिक मल्टीपल यूनिट) का सफल ट्रायल हुआ। मंगलवार को सुबह 9:35 बजे ट्रेन सेट कालका स्टेशन से रवाना हुआ और 11:40 बजे सोलन रेलवे स्टेशन पर पहुंचा। वहीं, 15 मिनट बाद 11:55 बजे यह वापस कालका के लिए रवाना हो गया। ट्रायल के दौरान गाड़ी में तकनीकी टीम भी साथ रही। इसके साथ बंगलूरू से भी टीम आई। टीम ने ट्रेन सेट के बारे में रिपोर्ट तैयार की। अब यह रिपोर्ट बोर्ड को भेजी जाएगी।

### स्पेशल ट्रेन में सात कोच होंगे



कालका-शिमला ट्रैक में चलने वाली स्पेशल ट्रैन।

**वर्तमान** में कालका-शिमला रेलवे लाइन पर छह ट्रेनें चलती हैं। कालका से पहली ट्रेन (ट्रेन नंबर 52457) सुबह 3:45 बजे निकलती है और ट्रेन नंबर. 52458 शिमला से सुबह 10:55 बजे चलती है। ट्रेन नं. 04506 सुबह 4:45 बजे रवाना होती है और वापसी में ट्रेन नं. 04505 शिमला से दोपहर 2:15 कालका के लिए रवाना होती है। ट्रेन नं. कालका से 52451 सुबह 5:45 बजे प्रस्थान करती है और ट्रेन नं. 52452 शिमला से शाम 5:25 बजे चलती है। ट्रेन नं. 52453 सुबह 6:20 बजे प्रस्थान करती है और वापसी ट्रेन नं. 52454 शिमला से शाम 5:45 बजे निकलती है। ट्रेन नं. 52459 सुबह सात बजे प्रस्थान करती है। ट्रेन नं. 52460 शिमला से कालका के लिए दोपहर 3:50 बजे चलती है। ट्रेन नं. 52455 दोपहर 12:10 बजे प्रस्थान करती है और वापसी में ट्रेन नं. 52456 शिमला से शाम 6:30 बजे चलती है।

## बधाइयां



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम प्रकाशन पर हार्दिक शुभकामनाएं। आशा है कि यह समाचार पत्र जन समस्याओं को प्रभावी ढंग से सरकार व प्रशासन के समक्ष उठाएगा।
**- मोहन लाल ब्राकटा विधायक रोहड़ू।**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
**-राजेश धर्माणी, कैबिनेट मंत्री**



हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।
**-मुल्क राज प्रेमी, भाजपा के पूर्व विधायक।**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को शुभकामनाएं।
**-डॉ. जनकराज, विधायक भरमौर-पांगी विधानसभा क्षेत्र**



अनंत ज्ञान समाचार पत्र का देवभूमि हिमाचल में स्वागत है।
**त्रिलोक कपूर, प्रदेश भाजपा महामंत्री एवं वूल फेडरेशन के पूर्व अध्यक्ष**

## न्यूज ब्रीफ

### कार चालक से पकड़ा चिट्टा

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले के पुलिस थाना बरमाणा की टीम ने गश्त के दौरान एक कार चालक को 2.57 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। मामले में आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम बरमाणा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक कार को जांच के लिए रोका। कार में एक व्यक्ति मौजूद था। पुलिस को देख वह घबरा गया। शक होने पर पुलिस ने उसकी और कार की तलाशी ली। कार से 2.57 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी की पहचान अंकित निवासी बरमाणा तहसील सदर के रूप में हुई है। खबर की पुष्टि करते हुए बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### संजौली में चिट्टे संग पकड़ा युवक

**शिमला।** उपनगर संजौली में पुलिस ने एक युवक को चिट्टे संग पकड़ा है। युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके पास से पुलिस ने 8.12 ग्राम बरामद किया गया है। स्पेशल सैल शिमला की टीम जब गश्त पर थी तो उन्हें सूचना मिली कि सिंघला गेस्ट हाउस संजौली के कमरा नंबर-102 में आदित्य नाम का एक युवक ठहरा है, उसके पास चिट्टा हो सकता है। पुलिस वहां पहुंची और युवक के पास से चिट्टा बरामद किया। युवक से पूछताछ जारी है।

### देवदार के 40 स्लीपर किए बरामद

**शिमला।** पुलिस थाना देहा के तहत देवदार के स्लीपर चोरी करने का मामला सामने आया है। फोरेस्ट विभाग ने एक व्यक्ति के घर से लकड़ी बरामद कर ली है। फोरेस्ट गार्ड कपिल शर्मा ने देहा थाने में देवेंद्र सिंह पुत्र जयराम गांव मेहा पीओ चनैर सब-तहसील देहा के खिलाफ दर्ज करवाया है कि उसने सीज किए हुए 40 स्लीपर देवदार के स्लीपर अपनी गाड़ी पिकअप में जोड़ना जंगल से उठाए, जिस को फोरेस्ट विभाग ने उसके घर से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### जान से मारने को चलाई गोली

**शिमला।** ननखड़ी के तहत गांव बनौला में एक व्यक्ति ने बंदूक से गोली चलाने का मामला सामने आया है। इस घटना में एक व्यक्ति बाल-बाल बच गया है। आर्म्स एक्ट के तहत पुलिस थाना ननखड़ी में मोहित कुमार पुत्र प्रमोद कुमार गांव बनौला डाक घर लैलोन तहसील ननखड़ी जिला शिमला ने शिकायत दर्ज करवाई है कि जब वह सेब के बागीचे में प्रूनिंग का कार्य समाप्त करके बनोगा से अपने घर वापस आया तो हरपाल पुत्र कीमत राम ग्राम बनौला डाक घर लैलोन तहसील ननखड़ी ने रास्ते में जान से मारने की नियत से उस पर बंदूक से गोली चला दी, जो उसे नहीं लगी और बगल से निकल गई। आरोप है कि वह उससे गोली से मरना चाह रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### क्रशर में आया युवक का बाजू, कटा

**भरेड़ी।** भोरंज के डेरा परोल में क्रशर पर काम करने वाले एक युवक के साथ दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है। इसमें युवक का बाजू मशीन में आने से कट गया। जानकारी के अनुसार छोटू राम उम्र 19 वर्ष निवासी बिहार का क्रशर पर काम कर रहा था कि अचानक उसका बाजू क्रशर में आकर कट गया। इस दौरान उसके साथ काम करने वाले लोग उसे भोरंज सिविल अस्पताल ले आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। भोरंज बीएमओ डॉ. ललित कालिया ने बताया कि युवक का बाजू कट गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल हमीरपुर रेफर कर दिया गया है।

## पर्यटकों के लिए खुशखबरी 22-23 को बर्फबारी की संभावना

**शिमला।** हिमाचल आने वाले पर्यटकों के लिए खुशखबरी की खबर सामने आई है। 22-23 दिसंबर को बर्फबारी की संभावना है। शिमला मौसम केंद्र के निदेशक डॉ. सुरेंद्र पॉल ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होगी। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में पर्यटन सीजन की शुरुआत हो चुकी है। बड़ी संख्या में पर्यटक हिमाचल प्रदेश का रुख कर रहे हैं। पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते लाहौल-स्पीति, चंबा और शिमला के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। जिला शिमला के नारकंडा और खड़ापत्थर में भी बर्फबारी हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र ने शिमला शहर में बारिश की संभावना जाहिर की है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक डॉ. सुरेंद्र पॉल ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी होगी। हालांकि, यह पश्चिमी विक्षोभ कम इंटेंसिटी वाला है। उन्होंने बताया कि इस बार व्हाइट क्रिसमस की संभावना नहीं है। मौसम सिर्फ 22-23 दिसंबर को खराब रहेगा। 25 दिसंबर को प्रदेश में मौसम साफ बने रहने का अनुमान है। वहीं, हिमाचल प्रदेश में बीते कई दिनों से लगातार धूप खिली हुई है। इसके चलते ज्यादातर इलाकों में तापमान सामान्य बना हुआ है। आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी। फिलहाल सबसे कम तापमान कुकुमसेरी में दर्ज किया गया है। यहां न्यूनतम तापमान -8.6 डिग्री तक लुढ़क चुका है।

## करसोग में दो मंजिला मकान राख

### तीन परिवारों को 25 लाख का नुकसान, प्रशासन ने लिया जायजा

**अनंत ज्ञान, करसोग**



आग लगने से राख हुए दो मंजिला मकान के पास खड़ा प्रभावित।

उपमंडल करसोग के सनारली गांव में आग लगने से दो मंजिला मकान जलकर राख हो गया। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य दूसरे घर में गए थे। आग लगने की घटना से तीन परिवारों की सारी संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना में करीब 25 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। देर रात दो बजे तक अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों व ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के लिए भरसक प्रयास किया, लेकिन पलभर में सब जलकर राख हो गया।

ग्रामीणों ने घटना के बारे प्रभावित परिवार को सूचित किया। मकान चंद्र सिंह, केसर सिंह, देवेंद्र सिंह के परिवार का सामूहिक था। मकान को लगी आग की लपटें इतनी तेज थीं कि मकान के भीतर रखे सामान को निकालने के प्रयासों के बावजूद बचाया नहीं जा सका। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत प्रधान देवेंद्र कुमार घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने नुकसान का जायजा लिया और आग लगने की घटना की सूचना एसडीएम करसोग को दी। एसडीएम करसोग ने प्रभावित परिवारों को फौरी राहत जारी कर हलका पटवारी को नुकसान की रिपोर्ट तैयार करने के आदेश जारी किए हैं। घटना से घर के भीतर रखी कुछ नकदी, कपड़े, बर्तन, अनाज, लकड़ी, आभूषण सब जल गए। पंचायत प्रधान देवेंद्र ने बताया कि यह परिवार अति निर्धन है। इन परिवारों की जीवन भर की पूंजी मकान में राख हो गई। प्रशासन से प्रभावित परिवार की हर संभव मदद की मांग की है। इस बारे में करसोग पुलिस ने घटनास्थल का दौरा कर परिवार के बयान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्कूल बस में लगी आग

**ऊना।** मुख्यालय के तहत रक्कड़ कॉलोनी में मंगलवार सुबह एक निजी स्कूल की ट्रैवलर गाड़ी में अचानक आग भड़क उठी। समय रहते स्कूली बच्चों को गाड़ी से बाहर निकाल लिया गया, अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। अग्निशमन दलबल की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्कूल गाड़ी में लगी आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह एक निजी स्कूल की टेंपो ट्रेवलर गाड़ी बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। रक्कड़ कॉलोनी में अचानक गाड़ी के इंजन में आग लग गई। गाड़ी में लगी आग को देखकर चालक ने एक साइड में गाड़ी रोक दी। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से स्कूली बच्चों को बाहर निकाला गया।

## बडैहर में शिकारी की गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत

- शिकारियों ने सुअरों का शिकार करने के लिए डाला था घेरा
- किसने चलाई गोली, जांच में जुटी पुलिस

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**



भोरंज उपमंडल की बडैहर पंचायत के सीर खड्ड के किनारे शिकारी की गोली लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक व्यक्ति की पहचान बलवीर सिंह (55) पुत्र मरचू राम निवासी बड़ैहर तहसील भोरंज जिला हमीरपुर के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शिकारियों ने मंगलवार दोपहर बाद को शिकार करने के लिए क्षेत्र में घेरा डाला हुआ था।

इस क्षेत्र में जंगली सुअर बड़ी संख्या में झाड़ियों में रहते हैं। ऐसे में जंगली सुअर को मारने के लिए शिकारी ने गोली चलाई। इसकी चपेट में बलवीर सिंह आ गया। शिकारी की गोली मृतक के शरीर को आर-पार कर गई है और वहां पर ही मौत हो गई। यह घटना मंगलवार दोपहर बाद की है। शिकारी कौन थे या मृतक भी उनके साथ था। यह अभी जांच का विषय बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही जाहू पुलिस चौकी प्रभारी अजैब सिंह मौके पर पहुंच कर गए हैं और शव को कब्जे में लेकर मेडिकल कॉलेज व जिला अस्पताल हमीरपुर भेज दिया है। उधर, जाहू पुलिस चौकी प्रभारी अजैब सिंह का कहना है कि मृतक की मौत गोली लगने के कारण हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गोली किस ने चलाई है यह अभी जांच का विषय है।

**सौगात** घुमारवीं ब्वॉयज स्कूल में विकसित की जाएगी इसरो की अंतरिक्षशाला, होगी मुख्य आकर्षक

# बिलासपुर में खुलेगी हिमाचल की पहली स्पेस लैब

**शुभम राही, बिलासपुर**

बिलासपुर जिले के घुमारवीं क्षेत्र में प्रदेश की पहली स्पेस लैब खुलने जा रही है। यह लैब घुमारवीं के ब्वॉयज स्कूल इसरो की अंतरिक्षशाला होगी, जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है और जल्द ही इसका कार्य भी शुरू होने जा रहा है। बता दें कि यह लैब दस लाख रुपए की लागत से तैयार की जा रही है। प्रशासन ने लैब विकसित करने का जिम्मा शिक्षा विभाग को सौंपा है। बिलासपुर उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि शहरी के साथ साथ ग्रामीण बच्चों में साइंस टेक्नोलॉजी के प्रति रुचि बढ़ाने के मकसद से इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए खाका तैयार किया गया है। इसके लिए यूपी के सिद्धार्थनगर की एक पंचायत के मॉडल को स्टडी किया गया है। स्पेस लैब निर्माण को लेकर डिस्ट्रिक्ट माइनिंग फंड से दस लाख रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि घुमारवीं सीनियर सेकेंडरी ब्वॉयज स्कूल में स्पेस लैब विकसित करने के लिए शिक्षा विभाग को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जानकारी के अनुसार स्पेस लैब विकसित कर ग्रामीण विद्यार्थियों को साइंस एंड टेक्नोलॉजी के प्रति विस्तृत जानकारी उपलब्ध होगी, जिससे बच्चों में इसके प्रति रुचि बढ़ेगी और इसमें वे अपना करियर भी बना सकेंगे। बच्चों के ज्ञानवर्धन के लिए स्पेशल ट्यूटर प्रोग्राम भी चलाया जाएगा, जिसमें बाहरी राज्यों के एक्सपर्ट नवीनतम जानकारियां प्रदान करेंगे। इसके अलावा विज्ञान की महत्वपूर्ण जानकारियों से लैस अंतरिक्ष से संबंधित नए-नए मॉडल विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करने में सहायक बनेंगे। घुमारवीं में विकसित की जाने वाली यह पहली स्पेस लैब होगी, जहां विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच को विकसित करने के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जाएंगे। घुमारवीं ब्वॉयज स्कूल में विकसित की जाने वाली स्पेस लैब में आसपास स्कूलों के विद्यार्थी भी आकर विज्ञान के प्रति जानकारी हासिल कर सकेंगे। विद्यार्थी सेटेलाइट लांचर प्रणाली के साथ-साथ ड्रोन कैसे तैयार किए जाते हैं सहित इसरो के अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। आपको बता दें कि यहां पर एक टीम विजिट भी कर गई है। (अनंत ज्ञान)



घुमारवीं में प्रदेश की पहली स्पेस लैब खोली जा रही है। सभी औपचारिकताएं पूरी हो चुकी है, जल्द ही यहां पर कार्य शुरू होगी। होगी।
**आबिद हुसैन सादिक उपायुक्त बिलासपुर।**

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे 392.51 करोड़ के आईआईएम धौला कुआं का उद्घाटन

**पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर पांवटा साहिब के धौला कुआं में निर्माणाधीन आईआईएम का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। करीब 392.51 करोड़ रुपए के आईआईएम सिरमौर के प्रथम चरण का उद्घाटन फरवरी के पहले सप्ताह में किया जाएगा। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से केंद्रीय लोक निर्माण विभाग को आईआईएम सिरमौर के प्रथम चरण के कार्य को दिसंबर तक पूरा करने का लक्ष्य दिया गया था, मगर दिसंबर तक 90 प्रतिशत कार्य पूरा होगा। शेष दस प्रतिशत कार्य को जनवरी में पूरा कर लिया जाएगा। फरवरी में प्रधानमंत्री आईआईएम के प्रथम चरण में निर्माणाधीन भवन का लोकार्पण करेंगे। गौर हो कि आईआईएम सिरमौर 2015 से पांवटा साहिब के रामपुरघाट में एक निजी भवन में चल रहा है। नेशनल हाई-वे पर धौलाकुआं में इसके लिए दस बीघा भूमि दी गई थी। केंद्र सरकार की ओर से आईआईएम परिसर के लिए प्रथम चरण के लिए 392.51 करोड़ रुपए जारी किए थे। उधर, आईआईएम सिरमौर के निदेशक डाक्टर प्रफुल्ल अग्निहोत्री ने बताया कि धौलाकुआं में निर्माणाधीन भवन का 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। जनवरी के अंत में शेष कार्य को भी पूरा कर लिया जाएगा।

## उद्घोषित आरोपी गिरफ्तार

**सुंदरनगर।** पीओ सेल मंडी टीम द्वारा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट नंबर-1 सरकाघाट में विचाराधीन अवैध शराब बरामदी मामले में उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस टीम द्वारा आरोपी को बल्ह के नेरचौक बाजार से हिरासत में लिया गया है। पीओ सेल टीम ने आगामी कार्रवाई के लिए आरोपी को पुलिस थाना सरकाघाट के हवाले कर दिया है। जानकारी के अनुसार आरोपी दीपक उर्फ दीपू पुत्र प्रेम सिंह निवासी केहनवाल डाकघर टिल्ली तहसील सदर जिला मंडी पर पुलिस थाना सरकाघाट में वर्ष 2017 में आबकारी अधिनियम के तहत अवैध शराब बरामदी को लेकर एफआईआर दर्ज की गई थी। वहीं, आरोपी के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस द्वारा चालान तैयार कर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कोर्ट नंबर-1 सरकाघाट के न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। ट्रायल के दौरान आरोपी कोर्ट से लगातार गैर हाजिर रहा और इस पर न्यायालय द्वारा उसे छह दिसंबर जुलाई 2023 को उद्घोषित अपराधी घोषित कर दिया गया। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने कहा कि पीओ सेल टीम मंडी ने एक उद्घोषित आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।




## वार्म वेलकम


शीतकालीन सत्र के पहले दिन हाथ मिलाते सीएम सुक्खू व पूर्व सीएम जयराम ठाकुर।


शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधानसभा की ओर जाते जयराम ठाकुर व अन्य

### सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन भाजपा के प्रदर्शन पर कसा तंज

# खाने को नहीं बचा, खबरों में रहना मकसद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाजपा के विरोध-प्रदर्शन पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश की भाजपा के पास खाने के लिए कुछ नहीं बचा है। ऐसे में खबरों में बने रहने के लिए यह प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेता केंद्र जाएं और एसजेवीएनएल तथा टीएचडीसी जैसे उपक्रमों को वाटर सेस पर की गई याचिका को वापस लेने को कहें। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में टिहरी डैम पर टीएचडीसी ने तो कोई याचिका दायर नहीं की। मुख्यमंत्री ने कहा, लेकिन इस पर विपक्ष के पास कोई जवाब नहीं है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नेता विपक्ष जयराम ठाकुर को भी निशाने पर लिया। वहीं, विधानसभा सत्र के दौरान कर्ज का मुद्दा एक बार फिर चर्चाओं में है। इसको लेकर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा के लोग अलग-अलग तरीकों से झूठ बोलने का काम कर रहे हैं।



उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रदेश पर साढ़े छह हजार करोड़ प्रति वर्ष कर्ज लेने की कर्ज लेने की सीमा लगा दी है।

भाजपा के समय में यह सीमा 14,000 करोड़ की थी और भाजपा ने तय सीमा तक कर्ज लिया। ऐसे में भाजपा नेता वर्तमान सरकार पर कैसे कर्ज लाने का आरोप लगा रहे हैं।




## कभी भी कहर ढा सकते हैं क्षतिग्रस्त स्कूल: जयराम ठाकुर



**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त स्कूलों की स्थिति ठीक नहीं है। ये स्कूल कभी भी कहर बन सकते हैं और इन स्कूलों में बच्चों को बिठाना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र सिराज में भी ऐसे कई क्षतिग्रस्त स्कूल हैं, जिनमें बच्चों की पढ़ाई चल रही है। उन्होंने जानना चाहा कि जिन क्षतिग्रस्त स्कूलों में बच्चों को बिठाने की सुविधा नहीं है और वहां स्कूलों का निर्माण भी संभव नहीं है, ऐसे स्कूलों में बच्चों के लिए क्या व्यवस्था की गई है। इस पर शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया कि सरकार इस बात को लेकर गंभीर है और पहली प्राथमिकता पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त स्कूलों के निर्माण की रहेगी।

## हिमाचल प्रदेश में बारिश से 1057 स्कूल क्षतिग्रस्त, 51 पूरी तरह से तबाह

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष मानसून सीजन में भारी बारिश से 1057 स्कूलों को नुकसान पहुंचा है। इनमें 51 स्कूल पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हो गए हैं।



राज्य सरकार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त स्कूलों का प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कराएगी। इसके लिए बजट का प्रावधान किया जाएगा। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मंगलवार को विधानसभा के प्रश्नकाल के दौरान नाचन के विधायक विनोद कुमार के सवाल के जवाब में उक्त जानकारी दी। रोहित ठाकुर ने कहा कि आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त स्कूलों की चरणबद्ध तरीके से मरम्मत की जाएगी और इसके लिए वितीय वर्ष 2024-25 में बजट का प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बारिश के कारण राज्य की 541 प्राथमिक और 25 माध्यमिक स्कूलों को नुकसान पहुंचा है। मंडी जिले में सबसे अधिक 130 प्राथमिक स्कूल क्षतिग्रस्त हुए हैं। इसी तरह कुल्लू में 87, शिमला में 65, कांगड़ा में 57, सोलन में 56, ऊना में 52, बिलासपुर में 26, चंबा में 23, हमीरपुर में दस और किन्नौर में नौ प्राथमिक स्कूल क्षतिग्रस्त हुए हैं। लाहौल-स्पीति जिले में बारिश से किसी भी स्कूल को नुकसान नहीं पहुंचा। उन्होंने बताया कि स्कूलों के क्षतिग्रस्त होने से शिक्षा विभाग को 69.27 करोड़ का नुकसान हुआ है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि नाचन हल्के के 20 स्कूल बारिश से क्षतिग्रस्त हुए, जिससे 72 लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।




शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधानसभा की कार्यवाही में सीएम सुक्खू का स्वागत करते गणमान्य।


शीतकालीन सत्र के पहले दिन विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेते सीएम सक्खू।


विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

## पहले दिन शांतिपूर्ण तरीके से चला सदन: पठानिया


सदन की कार्यवाही सुनते विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सदन की पहले दिन की कार्रवाई लगभग खत्म होने के उपरांत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने कहा कि पहले दिन सदन के अंदर के वातावरण की बात है तो सदन नियमों के अनुरूप ही चला और जो विषय आज की कार्य सूची में थे वे सारे चल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आखिरी के दो विषय बच्चे हैं और मंगलवार को उपाध्यक्ष का भी चुनाव हुआ है। वह नियम तो समय की मांग है, लेकिन विनय कुमार को सर्वसमिति से सत्ता पक्ष और विपक्ष की तरफ से उनका समर्थन मिला है। इसलिए सर्वसमिति से उनका चुनाव हुआ है और विनय कुमार को डिप्टी स्पीकर चुना गया। उन्होंने कहा कि विनय कुमार तीन बार के सामान्य विधायक हैं। इस सदन के सदस्य हैं, उससे पहले उससे उनके पिता छह बार इस सामान्य सदन के विधायक रह चुके हैं और एक अच्छे व्यक्तित्व के मालिक हैं। वह हर तरह से हर विषय के ऊपर परिपक्व हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि सदन के संचालन में मुझे उनका दायित्व भी मिलेगा और सदन की कार्रवाई करने में उनका सहयोग प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि वह अपनी ओर से उनको और उनके परिवार के सदस्यों को शुभकामनाएं देना चाहेंगे, जो नई जिम्मेदारी उनको मिली हैं, इसमें उनका साथा दें और हिमाचल प्रदेश की विधानसभा में अपना काम करते हुए चुनाव क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश की जनता की सेवा करें।

## शोक प्रस्ताव; सदन ने पूर्व विधायक बीके चौहान को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन पूर्व विधायक स्वर्गीय बीके चौहान को सदन ने श्रद्धांजलि अर्पित की। बीके चौहान 2007 व 2012 में विधासनभा के सदस्य रहे हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में शोकोद्गार प्रस्तुत किया।

इस पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, विधायक हंसराज, नीरज नैय्यर, विपिन सिंह परमार, डॉक्टर जनकराज ने भी सदन में अपने विचार रखे। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने भी शोकोद्गार में शामिल होते हुए स्वर्गीय बीके चौहान को श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि स्वर्गीय बीके चौहान का जन्म 11 अप्रैल, 1947 को चंबा जिला में हुआ था। 29 नवंबर को हाल ही में उनका दुखद निधन हुआ है। वह दो बार के विधायक रहे और एक बेहतरीन प्रशासक भी थे। उन्होंने कहा कि बीके चौहान बिहार राज्य में प्रशासनिक सेवाएं देने के बाद हिमाचल की राजनीति में आए और जनसेवा में उनका बेहतरीन योगदान रहा है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि बीके चौहान हरफनमौला व हंसमुख इंसान थे। उन्होंने अपने बेहतरीन तजुर्बे के साथ चंबा की जनता की सेवा की। साल 2007 के चुनाव में वह राजनीति में आए और भाजपा ने उन्हें टिकट दिया, तब जयराम ठाकुर पार्टी के अध्यक्ष थे। उन्होंने चौहान की सेवाओं की सराहना की।

भाजपा विधायक डॉ. हंसराज ने कहा कि स्वर्गीय बीके चौहान ने नेता और प्रशासन के तौर पर अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया है। उनके परिवार ने कड़ा संघर्ष किया। पुरानी यादों को ताजा करते हंसराज ने कहा कि स्वर्गीय चौहान से उन्हें हमेशा मार्गदर्शन मिलता रहा है। वह चंबा जिला के पिछड़े पन को लेकर हमेशा से कुंठित रहे।

विधायक विपिन सिंह परमार ने भी शोक जताया, वहीं नीरज नैय्यर ने कहा कि उनके पिता व मेरे पिता दोनों मित्र थे। तब वह कांग्रेस के लिए काम किया करते थे।

## शर्तों पर जो काम करेगा, उसे मिलेंगे बिजली प्रोजेक्ट: सुक्खू

### 107 स्थानों पर स्थापित होंगे ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन: मुकेश अग्निहोत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सदन में दो टूक कहा है कि हिमाचल प्रदेश में जो सरकार की शर्तों पर काम करेगा, उसे ही बिजली परियोजनाएं दी जाएंगी। प्रदेश में पनबिजली परियोजनाओं के लिए भी नीति को बदला जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने वाटर सेस से प्रदेश की आमदनी बढ़ाने के रास्ते में केंद्र सरकार की ओर से रोड़ा डाले जाने पर कहा कि अच्छा होगा कि जयराम ठाकुर नई दिल्ली जाकर प्रधानमंत्री से मिलें और इस विषय पर हिमाचल के हितों की बात करें।

#### जमीन देने के 752 मामले उपायुक्तों के पास लंबित

**हिमाचल** प्रदेश में घर बनाने के लिए जमीन देने के 752 मामले उपायुक्तों के पास लंबित हैं। सरकार भूमिहीन परिवारों को 2 से 3 बिस्वा भूमि उपलब्ध करवा रही है। लंबित मामलों में ऊना जिला में सबसे अधिक 273 और कांगड़ा में सबसे कम 5 मामले लंबित हैं। हमीरपुर, लाहौल-स्पीति और सिरमौर में एक भी मामला लंबित नहीं है। वहीं, प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक लोकेंद्र कुमार की ओर से उठाए गए सवाल का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने तंज कसते हुए कहा कि किसी ठेकेदार या अधिशाषी अभियंता के बोलने पर यह सवाल लगाया गया है। सवाल में जिस तरह की जानकारियां मांगी गई हैं वो कोई ठेकेदार या अधिकारी ही बता सकता है।

वहीं, गगरेट के विधायक चैतन्य शर्मा के प्रश्न के लिखित उत्तर में उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने जानकारी दी कि हिमाचल प्रदेश के 53 पेट्रोल पंपों सहित 107 स्थानों पर ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। जहां तक गगरेट का सवाल है तो यहां फिलहाल चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का कोई विचार नहीं है।

## योजनाओं का लाभ नहीं मिला तो जल्द भरें फार्म: धूमल

**सुजानपुर।** मोदी सरकार द्वारा चलाई गई अनगिनत योजनाएं देशभर के लोगों को फायदा पहुंचा रही हैं। अगर अभी भी फायदा नहीं लिया है तो जल्दी फॉर्म भरिए और आप भी लाभ उठाइए। यह बात पूर्व सीएम प्रेम धूमल ने सुजानपुर विधानसभा की ग्राम पंचायत लगदेवी में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के रथ देश की दो लाख 69 हजार पंचायतों में घर-घर जाकर यह बात कह रहे हैं। प्रत्येक योजना की जानकारी दे रहे हैं और यदि कोई किसी योजना का लाभ लेने से छूट गया है तो उसका फॉर्म भी भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों नागरिकों को लाभान्वित कर चुकी मोदी सरकार की सब योजनाओं का लाभ लेने से एक भी व्यक्ति अगर छूट गया है और वो उस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र है तो उसको ढूंढ कर उसे लाभ पहुंचाया जाए।


विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल।

## कोरोना वॉरियर्स ने सरकार को बताया दर्द

**धर्मशाला।** कई महीनों बिना वेतन तथा बाद में नौकरी से निकाल दिए गए कोरोना वॉरियर्स शीतकालीन सत्र के पहले दिन अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रखने को पहुंचे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों की वजह से हिमाचल प्रदेश कोरोना वैक्सीनेशन में नंबर वन बना है वे कर्मी प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। निशा कटोच ने कहा कि सरकार कर्मचारियों को बहाल करवाए तथा इनका बकाया वेतन जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि सैकड़ों परिवारों को नौकरी जाने के कारण प्रभावित होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि वे लोग यहां उन्हें फिर से नौकरी पर बहाल करने की मांग को लेकर आए हैं।



शीतकालीन सत्र के पहले दिन गले में नारे लिखे पोस्टर टांग कर प्रदर्शन करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व अन्य भाजपा नेता।

## झंडूता के विधायक जेआर कटवाल ने हिमाचल की ऊर्जा नीति में सुधार की वकालत की

**बिलासपुर।** झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने हिमाचल की ऊर्जा नीति में सुधार की वकालत की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने की बात कर रही है। हिमाचल को ग्रीन एनर्जी स्टेट बनाने के लिए प्रदूषण रहित ऊर्जा को बढ़ावा देना सही है, लेकिन हाइड्रो एनर्जी को नजरअंदाज करना ठीक नहीं है। हजारों मेगावाट क्षमता के हाइड्रो पावर प्लांट अधर में लटके हुए हैं। उन्हें पूरा करने के लिए त्वरित कार्रवाई के साथ ही दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करने की जरूरत है। इससे युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। मंगलवार को धर्मशाला में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन ऊर्जा के स्रोत विषय पर अपने विचार रखते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि हिमाचल में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 1990 के बाद से काफी काम हुआ है। इसके बावजूद ग्रिड एनर्जी प्रोडक्शन में बढ़ोतरी नहीं हो रही है।



## मनाली में 'मनाली' फिल्म की शूटिंग


पर्यटन नगरी मनाली में चल रही 'मनाली' फिल्म की शूटिंग के दौरान फिल्म के हीरो शमशेर व हीरोइन रीवा देसाई के साथ एक प्रशंसक घनश्याम शर्मा।

**आयोजन**

### लोसर के ग्रामीणों के रोकने के बावजूद पर्यटक फॉर्चयूनर गाड़ी में निकल गए थे लोसर की ओर

# काजा-ग्राम्फू मार्ग पर फंसे पांच पर्यटकों को किया रेस्क्यू

**कमलेश वर्मा, काजा**

स्पीति के लोसर गांव से 40 किलोमीटर दूर काजा-मनाली मार्ग पर दो दिन से फंसे पांच पर्यटकों को प्रशासन ने स्थानीय युवकों की मदद से सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया है। प्रशासन को सूचना मिली थी कि 17 दिसंबर को एक फॉर्चयूनर गाड़ी लोसर से मनाली के लिए निकली है। स्थानीय लोगों ने उक्त गाड़ी के सवार लोगों को जाने से रोकने के प्रयास भी किया, लेकिन वे निकल गए। अगले दिन जब प्रशासन को पर्यटकों के परिजनों ने संपर्क किया तो प्रशासन हरकत में आया।

उपायुक्त कुल्लू राहुल कुमार ने 18 दिसंबर को स्पीति और केलांग दोनों ओर से रेस्क्यू टीम को भेजा, लेकिन टीम पहुंच नहीं पाई। 18 दिसंबर को रेस्क्यू टीम में स्थानीय प्रशासन, आईटीबीपी, बीआरओ, गर्ग संस एस्टेट प्रमोटर, लोक निर्माण विभाग, वन विभाग, पुलिस, लोसर काजा, स्पीति के विभिन्न गांव के युवा और टीएसी सदस्य केसांग रापचिक शामिल रहे। मंगलवार सुबह दस गाड़ियों के साथ रेस्क्यू टीम लोसर से बातल के लिए निकलीं। दोपहर अढ़ाई बजे टीम बातल रेस्ट हाउस में पहुंची, जहां पर पांचों पर्यटक रुके हुए थे। बातल से करीब दस किलोमीटर दूर चढ़ाई में इन पर्यटकों को गाड़ी बर्फ के कारण फिसल कर लटक गई थी और यह पांचों फंस गए थे। दो पर्यटकों का स्वास्थ्य काफी खराब हो गया था, जब इन लोगों की गाड़ी फंस गई तो तीन दोस्त पैदल छतड़ू तक मदद मांगने गए, लेकिन इन्हें कोई मदद नहीं मिली और थक-हार कर वापस आ गए। फिर इन्होंने फैसला किया कि बातल में बंद पड़े रेस्ट हाउस में ताला तोड़ कर रात के ठरहने का इंतजाम करते हैं और फिर पांचों रेस्ट हाउस पहुंचे। उधर,

### इन्हें किया गया रेस्क्यू

**फॉर्चयूनर** गाड़ी (सीएच एक सीएल 8251) के चालक लक्ष्य गर्ग द्वारिका पूरी सिरसा हरियाणा, यश ढींगरा 65/24 फर्स्ट फ्लोर न्यू रोहतक रोड करोल बाग, सेंट्रल दिल्ली, आयुष पांघल 27 ज्योति अपार्टमेंट सेक्टर 14, रोहणी सेक्टर नॉर्दन वेस्ट दिल्ली, अंश भारती आर्यपुरी रतु रोड़ हेहल, रांची झारखंड और अंशुल चौहान गांव चोगांव तहसील कोटखाई जिला शिमला के रहने वाले हैं।


काजा-ग्राम्फू मार्ग पर पर्यटक गाड़ी सहित फंस गए थे, जिन्हें प्रशान से रेस्क्यू कर हलया है।

- परिजनों के संपर्क करने पर प्रशासन को मिली सूचना
- कुंजुम पास में बर्फ में फंस गया था वाहन

उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने बताया कि काजा की टीम पहले पहुंच गई और सभी को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। एसडीएम हर्ष अमरेंद्र नेगी की अगुआई में रेस्क्यू टीम ने बेहतर काम किया है। वहीं, नायब तहसीलदार प्रेम सिंह भी टीम को लीड कर रहे थे।

स्पीति के युवाओं ने रेस्क्यू ऑपरेशन में बड़ी भूमिका निभाई है । लाहौल-स्पीति प्रशासन उनका विशेष आभार व्यक्त करता है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सहित विधायक रवि ठाकुर ने जिला लाहौल-स्पीति प्रशासन और स्थानीय लोगों का रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए दिल से आभार व्यक्त किया है। (अनंत ज्ञान)

## हर जगह अनंत ज्ञान


ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ के पुजारी धर्मेंद्र शर्मा और संजय शर्मा मंगलवार को अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


जयसिंहपुर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़तीं सुदर्शन मिश्रा और प्रवीण मिश्रा।


बैजनाथ में सुबह-सुबह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते डॉक्टर विनोद पांडे।

पालमपुर में सुबह-सुबह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़तीं पूनम कटोच।


अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते एडिशनल डायरेक्टर इंडस्ट्रीज तिलक राज शर्मा।

नगरोटा के अशोका पैलेस में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते अशोक वर्मा।


बैजनाथ बस स्टैंड में सुबह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते लोग।

धलूं में सुबह-सुबह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते युवा।


जवाली में सुबह-सुबह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते लोग।

जवाली में सुबह-सुबह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते लोग।


जवाली के करड़िया में सुबह-सुबह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ता युवक।

एरिस्टोक्रेट होटल के मालिक कृष्ण कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


शहीद भगत सिंह स्कूल बगली में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती मैडम कुसुम लता।

शहीद भगत सिंह स्कूल बगली में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती मुख्याध्यापिका मंजू बाला।


गांव कौना में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते नरेंद्र मोहन शर्मा।

पालमपुर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते रणजीत शास्त्री।


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-डॉ. रुबी भारद्वाज बीएमओ नगरोटा।

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-रमेश ठाकुर, एसएचओ नगरोटा बगवां


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-सौरभ शर्मा

हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-विश्व राज, प्रिंसिपल कैंब्रिज इंटरनेशनल


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-शिवेश सुमन

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-रणधीर सेखड़ी


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-स्मृति शर्मा

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-सुभाष कटोच


दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-रेणु

शहीद भगत सिंह स्कूल बगली में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़तीं शिक्षक रंजना।


डरोह में सुबह-सुबह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते रविंद्र कुमार।

नगरोटा बगवां के ठेकेदार विकास पुरी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


नगरोटा बगवां में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते वरजिंद्र पॉल।

धर्मशाला में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते एडवोकेट विश्व चक्षु।


हंदवाड़ा में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़तीं याशिका।

शहीद भगत सिंह स्कूल बगली में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़तीं शिक्षक शबनम।


तपोवन में विधानसभा के बाहर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते पुलिस कर्मचारी।

## बधाइयां


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-डॉ. रागिनी संगीत

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-डॉ. सतीश ठाकुर


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-दिनेश कुमार, रुबानी मोटर्स कांगड़ा

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-कपिल वर्मा


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-किशोरी लाल शर्मा

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-मदन गुलेरिया


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-मेला राम शर्मा

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-मोनिका शर्मा


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-मनोज मेहता, संस्थापक अध्यक्ष एंटी ड्रग्ज ऑर्गेनाइजेशन (एडॉन)

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-सतपाल, असिस्टेंट प्रोफेसर, म्यूजिक ढलियारा कॉलेज


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-नसीम बाला

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-नरेंद्र वालिया, तंगरोटी


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-नवीन गुप्ता

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-गायक नवीन वशिष्ठ


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-नीमो

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-रामस्वरूप शर्मा


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-राजीव मेहरा

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-राजेश शर्मा

## बधाइयां


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
--जगदंबा प्रसाद, असिस्टेंट जीएम बीएसएनएल धर्मशाला।

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
-आचार्य योगेश और राकेश परमार


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई ।
-अजीत सिंह

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-आकाश


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-अल्का बेदी

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-अमी चंद जसवाल


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-अमित सोनी

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-अमित वालिया


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-अंकुर चमन, जयंती बस के मालिक

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-अनुपम शर्मा, चामुंडा देवी मंदिर पुजारी


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
- अतुल भाटिया, बिजली बोर्ड सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-भरत भूषण भाटिया, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-बलवंत गुलेरिया

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-वरुण मरवाह, प्रेसिडेंट नगरोटा सेवियर्स


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-चरण दास, जीएम बीएसएनएल

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-धर्मपाल एंड सन्स नगरोटा बगवां


हिमाचल से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-दिव्यांश शर्मा

दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक बधाई।
-डॉ. कविता ठाकुर

## न्यूज ब्रीफ

### 26 से पहले बिजली का बिल जमा करवाएं

**डाडासीबा।** बिजली उपमंडल ढलियारा के सहायक अभियंता मनीष संधू ने बताया बिजली उपमंडल ढलियारा के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया जाता है कि जिन उपभोक्ताओं ने अपने बिजली के बिलों का तय तिथि तक भुगतान नहीं किया है। सहायक अभियंता बिजली उपमंडल ढलियारा मनीष कुमार संधू ने बताया कि वह सभी उपभोक्ता 26 दिसंबर, 2023 तक अपने बिजली के बिलों को उपमंडल ढलियारा या बिजली बोर्ड की ऑनलाइन साइट के माध्यम से जमा करवा दें अन्यथा उपरोक्त दिनांक के बाद डिफाल्टर उपभोक्ताओं के बिजली के कनेक्शन बिना किसी पूर्व सूचना के अस्थायी तौर पर काट दिए जाएंगे।

### चार छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

**जयसिंहपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर में 14 से 17 दिसंबर तक राज्य स्तरीय बाल विज्ञान मेले का आयोजन हुआ, जिसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालकरूपी के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और चार छात्रों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बालकरूपी के रसायन प्रवक्ता तिलक राज राणा को बेस्ट स्किट स्क्रिप्ट राइटर का अवॉर्ड मिला। 14 छात्र-छात्राओं में सायना और शिवम साइंटिफिक मॉडल, स्किट में कनिका, स्नेहा , सौरभ, अमन, आदित्य, अक्षित, शाक्षी, सुहानी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। साइंटिफिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट में स्नेहा राणा, अंशिका, नितिन, संचित, सृजन तनुजा ने भाग लिया। बेस्ट साइंटिफिक प्रोजेक्ट में राष्ट्रीय स्तर के लिए कनिष्ठ वर्ग में कनिका, नितिन और संचित तथा वरिष्ठ वर्ग में अंशिता का चयन हुआ। प्रधानाचार्य राजिंद्र कुमार सभी छात्रों को बधाई दी। साथ ही विज्ञान संकाय के अध्यापकों में जीव विज्ञान प्रवक्ता अरुण, भौतिक विज्ञान प्रवक्ता रिंकल, मैथेमेटिक्स प्रवक्ता मोना, सुशील सयाल, विक्रम चंदेल, राजेश राणा, अश्वनी कुमार, अरविंद राणा, पूजा राणा, सुजाता शर्मा, परविंदर रांगड़ा, कामना, पूनम, नीता, निर्मल ठाकुर और निर्मल उपस्थित रहे।

### कांग्रेस छोड़ 'आप' में हुए शामिल



**शाहपुरकंडी।** आम आदमी पार्टी की ओर से पंजाब के पठानकोट जिले में शुरू किए सदस्यता अभियान के चलते सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव अबा के सरपंच करतार चंद पूरी पंचायत के साथ कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। आम आदमी पार्टी के जिला प्रधान एवं पार्टी के सीनियर नेता ठाकुर अमित सिंह मंटू ने पार्टी में शामिल होने वाले पर इनको पार्टी चुनाव चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पार्टी में शामिल होने वाले लोगों का पूरा मान-सम्मान किया जाएगा। ठाकुर मंटू ने कहा कि आम आदमी पार्टी की नीतियों और पंजाब सरकार की ओर से करवाए जा रहे विकास कार्यों को देखकर विभिन्न पार्टियों के भारी संख्या में लोग आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। लोकसभा चुनावों में पार्टी पंजाब में 13 की 13 सीटों पर विजय हासिल करेगी। इस मौके पर भारी संख्या में गांववासी उपस्थित थे।

### मेधावियों को टैब देकर किया सम्मानित

**रोशन लाल, इंदौरा।** इंदिरा मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल इंदौरा में 2021-2022 दसवीं कक्षा के पांच छात्रों को टैप देकर सम्मानित किया गया। इनमें हर्षी कटोच, कविता देवी, जाननी, प्रिया देवी का सम्मानित किया। वहीं, प्लस-टू से विज्ञान संकाय के तीन छात्राओं को टैप देकर सम्मानित किया गया, जिसमें पलक सालरिया, कोमल कुमारी, महक कुमारी, वाणिज्य संकाय में स्नेहा देवी ने बोर्ड मेरिट में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। सभी छात्राओं को इंदौरा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन ने टैप देकर सम्मानित किया। स्कूल की प्रधानाचार्य ललित मोहिनी ने बच्चों और उसके अभिभावकों बधाई दी है।

### चार प्रतिशत महंगाई भत्ता पेंशनर्स से मजाक

**शाहपुरकंडी।** पंजाब सरकार की ओर से अपने कर्मचारियों एवं पेंशनरों पेंशनर्स चार प्रतिशत महंगाई भते की किस्त देना कर्मचारियों के साथ भद्दा मजाक है। भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख ओपी वर्मा और जिला कोषाध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह सैनी ने कहा कि पंजाब के कर्मचारियों एवं पेंशनरों का दिसंबर 2023 तक 12 प्रतिशत महंगाई भत्ता बनता है। इसके अलावा जनवरी 2016 से नए-पे स्केल का एरियर के भुगतान सहित 12 प्रतिशत महंगाई भत्ते के एरिया का भुगतान का अभी तक कोई अता-पता ही नहीं है? उन्होंने कहा कि सरकार बनने से पहले आम आदमी पार्टी ने कर्मचारियों से वादा किया था कि किसी भी कर्मचारियों को अपनी समस्याओं के बारे में धरना-प्रदर्शन नहीं करना पड़ेगा। कर्मचारियों के 40 दिन के संघर्ष के बाद सरकार ने कर्मचारियों को चार प्रतिशत महंगाई भता जारी कर उनके साथ मजाक किया है। जिसके चलते पंजाब के समूह मुलाजिम वगः एवं पेंशनरों में सरकार के खिलाफ भारी रोष पाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुलाजमों की अनदेखी सरकार को भारी पड़ सकती है।

### खैरा स्कूल के 10 मेधावियों को बांटे टैबलेट



**राकेश डोगरा, डरोह।** सुलह विधानसभा क्षेत्र के टैबलेट वितरण समारोह का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भवारना में आयोजन किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल खैरा के 10 छात्रों में दशवीं की रीवा, देवांशी, शायना, शानवी, अनुशिका, कनिका, विभूति, अभय, अंकुर और बारहवीं की पल्लवी को हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय चौहान ने टैबलेट प्रदान किए। हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से यह टैबलेट मेधावी छात्रों को प्रदान किए जा रहे हैं। प्रधानाचार्य विजय शर्मा, प्रवक्ता राकेश भड़वाल व राजकुमार छात्रों के साथ शामिल हुए। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान सुरेश राणा, एसएमसी के सदस्यों, ग्राम पंचायत प्रधान राजीव धीमान व समस्त विद्यालय के अध्यापकों ने छात्रों को बधाई दी।

### मिनर्वा कॉलेज के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**इंदौरा।** मिनर्वा कॉलेज ऑफ एजुकेशन इंदौरा में बीएड द्वितीय सत्र के परीक्षा परिणाम में छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। सभी ने प्रथम श्रेणी में आकर नाम रोशन किया है। इसमें से 28 छात्रों ने 65 से 70 प्रतिशत और 33 छात्रों ने 70 से 75 प्रतिशत और 28 छात्रों ने 75 से 80 प्रतिशत और 9 छात्रों ने 80 से 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। यह परीक्षा परिणाम शैक्षणिक योग्यता की सफलता को दर्शाता है। सभी बच्चों ने प्रदेश भर में प्रथम स्थान प्राप्त करके मिनर्वा कॉलेज का नाम रोशन किया है। इसके अलावा कोई भी विद्यार्थी किसी भी विषय में अनुत्तीर्ण नहीं है। अमनदीप कौर ने 82.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व अनुष्का शोम ने 80. 8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान और ईशा देवी ने 80.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। मिनर्वा कॉलेज ऑफ एजुकेशन प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष चेयरमैन जे. एस पटियाल ने सभी छात्रों और अध्यापकों को बधाई दी। मिनर्वा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रिंसिपल डॉ. प्रशांत कुमार ने सभी स्टूडेंट्स को शुभकामनाएं दीं।

### बैंक की योजनाएं लोगों को बताईं



**बैजनाथ।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक महाकाल शाखा ने सुकरना सकड़ी में एक कैंप लगाया। कैंप में लोगों को वित्तीय सतर्कता और बैंक में होने बाले फ्रॉड की जानकारी दी गई। साथ ही सरकार की चलाई जा रही लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। इसमें बैंक की ओर से सुमीत शर्मा बीना, रजिंदर आदि अधिकारी मौजूद रहे।

---

**मिसाल : प्रदेश की पहली पुलिस जो नशेड़ी युवाओं पर कर रही पायलट स्टडी**

# नशे के खिलाफ नूरपुर पुलिस के तेज हथियार, जिंदगी भी रही संवार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

**नूरपुर** के पुलिस जिला बनने के बाद यहां की पुलिस बड़ी सक्रिय हो गई है। जहां वह नशा तस्करों के खिलाफ सख्ती से पेश आ रही है, वहीं समाज को बेहतर बनाने में और नागरिकों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने में बड़ी भूमिका निभा रही है।

नूरपुर पुलिस ने जहां कई नशा तस्करों को सलाखों के पीछे पहुंचाया है, वहीं काला पीलिया और एड्स जैसे रोगों से ग्रस्त नशे के मामले में पकड़े गए कई लोगों को आर्ट ऑफ लिविंग जैसे कैंपों और अस्पताल पहुंचाकर उनका उपचार करवाने में अहम भूमिका निभाई है। प्रदेश में नशेड़ी युवकों के लिए ऐसी पायलट स्टडी पहली बार नूरपुर जिला पुलिस की कर रही है। (अनंत ज्ञान)



कैंप में नशे के शिकार युवाओं को जीवन में बदलाव के लिए प्रेरित करती पुलिस।

### 22 महिलाएं नशा तस्करी में पकड़ीं

नशे को लेकर प्रदेश में वर्तमान हालात काफी गंभीर है। वहीं नूरपुर पुलिस जिला की बात करें, तो यहां महिलाएं भी नशा तस्करी में संलिप्त पाई जा रही हैं। आंकड़ों पर गौर करें, तो इस साल नूरपुर जिले में 22 महिलाओं को नशा तस्करी में गिरफ्तार किया गया। खास बात ये कि इन मामलों में नशे की खेप के अलावा करीब एक करोड़ 27 लाख रुपए भी जब्त किए गए हैं।

### इस साल 2020 नशा तस्कर किए गिरफ्तार

इस साल अब तक पुलिस ने कुल 130 विभिन्न मामलों में 22 महिलाओं के साथ 2020 तस्करों को नशे की खेप के साथ गिरफ्तार किया है। सान 2023 के आंकड़ें के अनुसार पुलिस ने जिला में सात किलो 628 ग्राम चरस के अलावा 346.34 ग्राम अफीम और 36.734 किलोग्राम भुक्की बरामद की है। इसके अलावा 4.120 किलोग्राम हेरोइन और 878 नशे की टैबलेट व कैप्सूल भी बरामद किए हैं।

### पायलट स्टडी की पहल

नूरपुर पुलिस ने युवाओं को नशे के अलावा बीमारियों से बचाने की भी पहल शुरू की है। इसके तहत 119 सैंपलों में से 82 में हेपेटाइट्स सी यानी काला पीलिया और 32 एचआईबी संक्रमित पाए गए। हेपेटइट्स बी के करीब तीन मामले भी इस जांच के बाद सामने आए। इस मुहिम में बीमारियों का पता चलने के बाद पुलिस और प्रशासन की अगुआई में स्वास्थ्य विभाग टांडा में इन युवाओं का उपचार किया जा रहा है।

### जीवन का गुरुमंत्र

पुलिस की योजना प्रधाव के तहत नूरपुर पुलिस नशे के शिकार युवाओं के लिए आर्ट ऑफ लिविंग का कैंप भी लगा रही है। इसके तहत जिले के 22 नशे के शिकार युवाओं को आर्ट ऑफ लिविंग कैंप में स्टडी करवाई और जीवन में बदलाव लाने के गुरु मंत्र भी दिया। पुलिस की यह मुहिम कारगर साबित हो रही है।

### रंग लाए नूरपुर के पहले एसपी के प्रयास



नूरपुर के पुलिस जिला बनने के बाद यहां आईपीएस कैडर के अधिकारी अशोक रत्न ही पहले एसपी बने थे। उनकी युवाओं के में सकारात्मक सोच और परिवर्तन लाने की पहल अब रंग ला रही है। 26 अगस्त 2022 को बतौर प्रथम पुलिस अधीक्षक उन्होंने ज्वॉइन किया था। एसपी अशोक के अनुसार, अगर नशे के साथ युवाओं को पकड़ा जाता है, तो हो सकता है कुछ लोग नशे से न जुड़ पाएं। इसके लिए पुराने नशेड़ियों को युवाओं में सुधार की एक कड़ी के रूप में उपयोग में लाना जरूरी है। इस तरह से 10 लोग भी नशा छोड़ते हैं, तो इससे लंबी श्रृंखला टूटती है। आर्ट ऑफ लिविंग कैंप में भाग ले चुके युवा भविष्य में नई युवा पीढ़ी को नशे से बचने के लिए भी जागरूक करेंगे।

---

## पुलिस ने चरस के साथ पकड़े चंबा के दो युवक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**कांगड़ा** पुलिस ने चंबा के दो युवकों को चरस के साथ पकड़ा है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार दोपहर कांगड़ा पुलिस की टीम जमानाबाद के पास मनोली पुल से गुजरने वाले वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पंजाब नंबर की एक काले रंग की मोटरसाइकल पर दो युवक जमानाबाद की तरफ से आए।

इन युवकों ने तेज रफ्तार से पुलिस की टीम के लगाए गए नाके को पार करना चाहा, लेकिन थाना कागंड़ा के मुख्य आरक्षी रजनीश कुमार व उनकी टीम ने दोनों को काबू कर लिया। शक होने पर जब मोटरसाइकल को चेक किया तो इसके हेडलाइट में 128 ग्राम चरस बरामद हुई। दोनों आरोपियों पर मामला दर्ज कर हिरासत में ले लिया है। दोनों युवाओं की शिनाख्त चंबा जिले के साहिल और नमन के रूप में की गई है।

**तेज स्पीड बाइक से नाका तोड़ने का किया प्रयास, पकड़े गए**

### दोनों हिरासत में लिए

डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि दोनों युवकों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### नकल करता एक स्टूडेंट पकड़ा

**धर्मशाला।** बहुतकनीकी की इंजीनियरिंग व नॉन इंजीनियरिंग परीक्षाओं के पहले दिन नकल का मामला आया। परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग के दौरान एक विद्यार्थी को नकल करते पकड़ा गया है। तकनीकी बोर्ड ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने को नौ उड़नदस्ते बनाए हैं। करीब 30 परीक्षा केंद्र बनाए हैं और लगभग 9300 विद्यार्थियों को एडमिट कार्ड जारी किए हैं। तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला सचिव अशोक पाठक ने कहा कि मंगलवार को परीक्षा के दौरान नकल का एक मामला आया है।

### टीबी, एचआईवी के बारे में बताया

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि के सप्त सिंधु परिसर में देहरा के रेड रिबन क्लब के सहयोग से समाज कार्य विभाग और राजनीति विज्ञान विभाग के स्टूडेंट्स एवं शोधार्थियों ने एचआईवी/एड्स और टीबी पर धवाला पंचायत में एक दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान स्टूडेंट्स ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में भी जानकारी दी। अभियान की नोडल अधिकारी डॉ. शशि पूनम ने बताया कि इस दौरान केंद्रीय योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

---

## प्रिंसिपल को प्राथमिक स्तर के स्कूलों का मुखिया नियुक्त करने का विरोध

**राकेश डोगरा, डरोह**

**प्राथमिक** शिक्षक संघ खंड इकाई भवारना, थुरल व धीरा ने हिमाचल प्रदेश सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान के माध्यम से मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री व शिक्षा सचिव को ज्ञापन प्रेषित किया और सरकार से मांग की है कि शिक्षा विभाग की ओर से नए क्लस्टर बनाने और प्रिंसिपल को प्राथमिक स्तर के स्कूलों का मुखिया नियुक्त करने की, जो नोटिफिकेशन जारी की गई है, उसे तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाए।

यह मांग पत्र नई पेंशन योजना के ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप कुमार व अन्य ब्लॉक अध्यक्षों के माध्यम से सौंपे गए। संजय सिंह चौहान ने कहा कि नई क्लस्टर प्रणाली में जहां एक तरफ नन्हे-मुन्ने बच्चों को प्रार्थना सभा में प्रतिनिधित्व करने का कम मौका मिलेगा, वहीं दूसरी ओर प्राथमिक स्तर पर नियुक्त अध्यापकों की पदोन्नति पर भी प्रभाव पड़ेगा। संजय सिंह चौहान ने उपरोक्त मांगों का समर्थन करते हुए राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ को शीतकालीन विधानसभा सत्र के दौरान ही मुख्यमंत्री से मिलवाकर समस्या के निवारण का भरोसा दिलवाया। गौरतलब है कि इस सभा में चालीस से अधिक अध्यापक मौजूद रहे।



खंड इकाई धीरा,भवारना व थुरल के सदस्य संजय चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए।

**प्राथमिक शिक्षक संघ खंड के सदस्यों ने संजय चौहान को सौंपा ज्ञापन**

### अवैध खनन मामले में एक पोकलेन मशीन जब्त

**अशोक ठाकुर, इंदौरा ।** चक्की दरिया बाड़ीखड में अवैध खनन मामले में एक पोकलेन मशीन को पुलिस ने जब्त किया है। पंजाब-हिमाचल पुलिस के दोनों पुलिस कर्मियों ने संयुक्त दबिश दी और पोकलेन मशीन को जब्त कर मलिक पर अवैध खनन और आईपीसी की धारा 379 के तहत मामला दर्ज किया। डीएसपी विशाल वर्मा ने बताया कि सोमवार रात को रात पंजाब पुलिस को चक्की दरिया में अवैध खनन की सूचना प्राप्त हुई। मौके पर डमटाल पुलिस के थाना प्रभारी इंस्पेक्टर कल्याण सिंह और उनकी टीमों के पर पहुंची तो पाया गया कि अवैध माइनिंग हिमाचल में की जा रही है। एएस आई गोविंद सिंह और उनकी टीम ने मौके पर जायजा लिया। फिलहाल, जांच की जा रही है कि यह जमीन हिमाचल की है या पंजाब की है।

## पोस्टर मेकिंग में शालिनी नारा लेखन में रितिका प्रथम

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**पंडित** संतराम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ के रेड रिबन क्लब ने एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि प्राचार्य डॉ. महेंद्र पाल ने शिरकत की। इस कार्यक्रम में डॉ. अभिषेक अवस्थी, मेडिकल ऑफिसर पीएचसी महाकाल और बीरबल वर्मा, हेल्थ एजुकेटर रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहे।

इसके अलावा स्टाफ और स्टूडेंट्स के लिए खंड स्वास्थ्य अधिकारी महाकाल की स्वास्थ्य विभाग की टीम ने निशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया, जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर, हेपेटाइटिस-बी, हेपेटाइटिस-सी, मलेरिया, रैपिड एचआईवी टेस्ट किए गए। इस स्वास्थ्य कैंप में लगभग 80 स्टाफ सदस्यों और स्टूडेंट्स ने निशुल्क जांच करवाई।

रेड रिबन क्लब ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया। इसमें पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में शालिनी धीमान प्रथम, प्रियांजल द्वितीय और सुमेधा शर्मा तृतीय स्थान पर रहीं। नारा लेखन में रितिका ने प्रथम, मुकुल ने द्वितीय और ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

रंगोली प्रतियोगिता में ईशानी ने प्रथम, स्वाति ने द्वितीय और प्रियांजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में सुमेधा और तमन्ना प्रथम, रूपाली और दीपांशी द्वितीय, ईशानी और आरुषि तृतीय स्थान पर रहीं। इस अवसर पर डॉ. आरके पठानिया और रेड रिबन क्लब से डॉ. चेतना शर्मा, प्रो. अंजलि सैनी, प्रो. तृप्ता शर्मा, डॉ. अतुल, डॉ. सुशील कुमार और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### केंद्र की योजनाओं की समीक्षा

**धर्मशाला।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने आयोग की सदस्य डॉ. अंजू बाला की अध्यक्षता में कांगड़ा मंडल स्तरीय बैठक उपायुक्त कार्यालय के सभागार में की। आयोग से निदेशक एवं डीआईजी सनमीत कौर, अनुसंधान अधिकारी अरुणाभ भटाचार्य, बीके भोला उपस्थित रहे। बैठक में कांगड़ा, चंबा और ऊना जिला में केंद्र सरकार की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुद्रा, स्टार्टअप, जनधन योजना, छात्रवृत्ति, मनरेगा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना आदि योजनाओं की जिलावार समीक्षा की।

### बच्चों ने जानी विधानसभा



**धर्मशाला।** शीतकालीन सत्र के पहले दिन डीपीएस स्कूल कांगड़ा के बच्चों ने विधानसभा परिसर का दौरा किया। उन्होंने राजनीतिक व्यक्तित्वों के साथ बात की तथा फोटो भी ली। बच्चों ने बताया कि यहां आकर उन्हें विधानसभा की कार्यशैली का पता चला। वहीं आठवीं की छात्रा कात्यायिनी ने कहा कि वो भी चाहती है कि चुनाव लड़कर एमएएलए बने। अध्यापिका कोमल शर्मा ने बताया कि बच्चे इसे दौरे से बहुत ही उत्साहित हैं और इसका उनका ज्ञान भी बढ़ा है। -अनंत ज्ञान

## क्लस्टर व्यवस्था में न हो फेरबदल

**प्राथमिक शिक्षक संघ नगरोटा बगवां ने शिक्षा सचिव को भेजा ज्ञापन**

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

**राजकीय** प्राथमिक शिक्षक संघ नगरोटा बगवां ने शिक्षा सचिव हिमाचल प्रदेश को उपमंडल अधिकारी नागरिक नगरोटा बगवां के माध्यम से ज्ञापन प्रेषित किया।

प्राथमिक शिक्षक के जिला अध्यक्ष अनिल भाटिया, खंड अध्यक्ष सुरिंद्र राणा, महासचिव भूपेंद्र जम्वाल, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार और वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुलदीप आनंद ने कहा कि प्राथमिक पाठशालाओं नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के लिए क्लस्टर व्यवस्था में फेरबदल की आवश्यकता नहीं है, वर्तमान ढांचे के अनुसार और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। प्राथमिक शिक्षक संघ वार्ता करने व सुझाव देने के लिए तैयार है। इस अवसर पर आनंद अवस्थी, कमलजीत गुलेरिया, छाया, सुशीला, विक्रमजीत, सुरजीत, विनय, हुजतीराम, प्रवीण, संवेदना, रीना, आशिमा, छाया, सुनील, मिलाप, राकेश, राजेश, अनिल डोगरा, अशोक, रवींद्र, सुरिंद्र, ममता, सुमन, आरती शर्मा, उत्तम, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।



उपमंडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपने के दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्य।

---

**सूरत-ए-हाल** | **कृषि मंत्री चंद्र कुमार के गृह क्षेत्र के जवाली अस्पताल में भारी कमियां**

# डॉक्टर हैं, पर मशीनरी नहीं, कैसे हो इलाज?

**अनिल छांगू, जवाली**

जवाली उपमंडल की एक लाख से अधिक आबादी सिविल अस्पताल जवाली पर निर्भर करती है, लेकिन यह अस्पताल खुद राम भरोसे है। सिविल अस्पताल जवाली में विशेषज्ञ तो हैं, लेकिन मशीनरी के अभाव में विशेषज्ञों की टीम लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देने में नाकाम साबित हो रही है। यहां नेत्र रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की गई है, लेकिन उनके पास मशीनरी न होने से मरीजों को लाभ नहीं मिल पा रहा, वहीं हड्डी रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति हुई है, लेकिन एक्स-रे की सुविधा नहीं है।

मरीजों को निजी अस्पतालों में एक्स-रे करवाना पड़ रहा है। इसके अलावा सिविल अस्पताल जवाली में विशेषज्ञों को बैठने की पर्याप्त सुविधा नहीं है। रेडियोग्राफर न होने से एक्स-रे मशीन धूल फांक रही है, वहीं रेडियोलॉजिस्ट न होने से अल्ट्रासाउंड मशीन को जंग खा रहा है। रेडियोलॉजिस्ट न होने से अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहे हैं और मरीजों को दिक्कत पेश आ रही है, वहीं पिछले तीन महीने से दंत चिकित्सक का तबादला हो गया है, जिससे यह पद खाली चल रहा है। (अनंत ज्ञान)



### एंबुलेंस ड्राइवर नहीं

आउटसोर्स पर रखे एंबुलेंस ड्राइवरों को कंपनी निकाल दिया है। अब सिविल अस्पताल जवाली में पिछले तीन महीने से खड़ी एंबुलेंस को चलाने के लिए ड्राइवर तक नहीं है, जिससे एंबुलेंस खड़े-खड़े जंग खा रही है। साढ़े तीन करोड़ की लागत से बने ऑक्सीजन प्लांट को चालू करने के लिए न जनरेटर न बिजली ट्रांसफॉर्मर लगा है। अब ऑक्सीजन प्लांट के इंस्ट्रूमेंट को भी जंग लगना शुरू हो गया है। अस्पताल में डॉक्टर तो तैनात कर दिए हैं, लेकिन उनके रहने के लिए आवासीय भवन नहीं है, जिससे कि डॉक्टर इधर-उधर क्वार्टर लेकर रह रहे हैं। जो आवासीय भवन है वह खस्ता हालत में है।

### जल्द व्यवस्था में सुधार किया जाए

लोगों का कहना है कि कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार के गृह क्षेत्र में ही चिकित्सा सुविधा के यह हाल है तो अन्य स्वास्थ्य संस्थानों की हालत का अंदाजा खुद ही लग सकता है। मरीजों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल से मांग की है कि सिविल अस्पताल जवाली में पर्याप्त मशीनरी उपलब्ध करवाई जाए और दंत चिकित्सक का पद शीघ्र भरा जाए।

> जब विशेषज्ञ मिल गए हैं, तो इंस्ट्रूमेंट भी उपलब्ध हो जाएंगे। जल्द ही डिमांड अनुसार इंस्ट्रूमेंट्स उपलब्ध करवाए जाएंगे।
> **-डॉ. सुशील शर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी।**

### सीएम आज करेंगे प्लांट का शिलान्यास

**धर्मशाला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि कांगड़ा के इतिहास में पहली बार पेप्सिको कंपनी 270 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है! कंपनी का संयंत्र इंदौर में लगेगा। प्लांट का शिलान्यास करने सीएम बुधवार को इंदौर जाएंगे। हिमाचल विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन मंगलवार को सीएम ने धर्मशाला में यह घोषणा की। उन्होंने भाजपा को घेरते हुए कहा कि पूर्व जयराम सरकार ने इन्वेस्टर मीट पर 36 करोड़ रुपए खर्च किए, लेकिन निवेश का एक पैसा आज तक प्रदेश में नहीं पहुंचा। यह पहला मौका है कि जब 270 करोड़ का यह निवेश आया है। उन्होंने बताया कि बुधवार को वो इंदौरा जाकर प्लांट का शिलान्यास करेंगे। हिमाचल को डॉक्टरों की आवश्यकता है। ऐसे में 65 और 68 साल की आयु का सवाल नहीं है और डॉक्टर की कम संख्या को देखते हुए सरकार उनकी सेवाएं लेती रहेगी। कोरोना वारियर्स से मुलाकात को लेकर उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने जब उनकी नियुक्तियां की, तो कोई नियम नहीं बनाए. केवल आउटसोर्स के रूप में अस्थाई रूप से रख लिया सरकार की इन लोगों के प्रति सहानुभूति है और इन्हें समायोजित करने का पूरा प्रयास सरकार करेगी

### खज्जियां में दोबारा बनेगा गोसदन

**धर्मशाला।** नुरपूर के तहत खज्जियां में गोसदन का पुनर्निर्माण किया जाएगा। यहां फोरलेन का काम पूरा होने के बाद इसको दोबारा बनाकर यहां पर गोवंश को आश्रय देंगे। यह बात सदन में पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने विधायक रणवीर सिंह निक्का की ओर से नियम 62 पर लाई चर्चा के जवाब में दिया। चंद्र कुमार ने कहा कि बरसात के कारण इस गो सदन सदन को काफी ज्यादा नुकसान हुआ। इस कारण पशुओं को कहीं दूसरे स्थान पर भेजा गया। अगस्त में बारिश के कारण गांव बाडा, ग्राम पंचायत न्यांगल, सब तह कोटला, तहसील ज्वाली, जिला कांगड़ा में आई आपदा में भूमि जमीदोंज होने के कारण बेघर हुए पशुपालकों के 16 गोवंश को वर्तमान में गोसदन में आश्रय उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नूरपुर विधान सभा क्षेत्र में अन्य गोसदन खोलने का न तो प्रदेश सरकार का विचार है, न ही निजी क्षेत्र से ऐसा कोई आवेदन प्राप्त हुआ है।

## हिमाचल प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी चिंता का सबब

**हिमाचल** में बेरोजगारी दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। प्रदेश के शहरी इलाकों में बेरोजगारी दर देशभर में सबसे ज्यादा 33.9 फीसदी हो गई है। दूसरे नंबर पर राजस्थान है। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण कार्यालय के हाल ही में जारी हुए श्रमबल सर्वेक्षण आंकड़े काफी डरावने लगने लगे हैं। शहरी क्षेत्रों में महिलाओं में बेरोजगारी दर 49.2 फीसदी है। हालांकि, पुरुषों की बेरोजगारी दर 25.3 फीसदी ही है। जम्मू-कश्मीर में भी बेरोजगारी काफी बड़ी समस्या बन चुकी है। हालांकि, बेरोजगारी के मामले में गुजरात की स्थिति काफी अच्छी है। भारत में बेरोजगारी को दूर करने के लिए जबसे ज्यादा जनसंख्या पर नियंत्रण करना जरूरी है। जब तक जनसंख्या पर नियंत्रण नहीं होगा, तब तक बेरोजगारी की स्थिति ऐसी ही बनी रहेगी। भारत में जनसंख्या की समस्या तेजी से बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र विश्व जनसंख्या डैशबोर्ड 2023 के अनुसार, भारत की जनसंख्या 142.86 करोड़ हो गई है, जो चीन की अनुमानित जनसंख्या 142.57 करोड़ से कुछ अधिक है। बेरोजगारी दर अप्रत्याशित रूप से बढ़ने के पीछे एक सबसे बड़ा कारण यह है कि हमारे देश के पास सीमित संसाधन हैं, जिनसे सरकार निश्चित और सीमित लोगों को ही रोजगार प्रदान कर सकती है। यही कारण है कि बढ़ती हुई जनसंख्या के साथ उसी अनुपात में बेरोजगारी भी बढ़ रही है। दूसरा, शिक्षा की गुणवत्ता में भी लगातार कमी आ रही है। संस्थानों में किताबी ज्ञान तो दिया जाता है, परंतु व्यावहारिक ज्ञान नहीं दिया जाता है। हमारे देश में शैक्षणिक संस्थानों की जैसे बाढ़ आ गई है। ये सभी संस्थान बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान करवाते हैं और उन्हें रोजगार के लिए तैयार करते हैं, परंतु जनसंख्या ज्यादा होने के कारण रोजगार नहीं मिल पाता। मशीनों के अधिक उपयोग से भी बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। भारत में आज के समय में तेजी से औद्योगिकीकरण हुआ है और साथ ही इससे मशीनों और टेक्नोलॉजी का उपयोग भी बढ़ गया है। पहले जिस कार्य में पचास मजदूरों की जरूरत होती थी, वहीं अब केवल बीस मजदूरों की जरूरत पड़ती है। सरकार को लोगों को निजी व्यवसायों में लगने के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करके उन्हें धन उपलब्ध कराना चाहिए। अपने निजी व्यापार में व्यक्ति अन्य लोगों को भी रोजगार प्रदान करता है। इससे बेरोजगारी बहुत हद तक कम होगी। गांवों में बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए कुटीर उद्योग-धंधों को बढ़ावा देना चाहिए। साथ ही उन्हें इन रोजगारों के लिए प्रशिक्षित भी किया जाना चाहिए। गांवों में लोगों के पास बहुत अधिक धन नहीं होता, इसलिए उन्हें आसान किस्तों पर लोन उपलब्ध कराया जाना चाहिए। लंबे समय में बेरोजगारी को खत्म करने के लिए सरकार को जनसंख्या नियंत्रण कानून लाना होगा। हर व्यक्ति को अधिकतम दो संतान पैदा करने का कानून पारित करना होगा। तभी बेरोजगारी की समस्या खत्म हो सकती है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार इन उपायों पर जरूर गौर करेगी।

# बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण घोंट रहा है जीवन

उपजाऊ भूमि रेत में बदल गई है। नदियों, खड्डों व नालों में रेत-बजरी और पत्थरों का अंधाधुंध खनन हो रहा है। इसके किनारों पर स्थित प्राकृतिक जल स्रोत लुप्त हो गए हैं या फिर लुप्त होने के कगार पर हैं। इससे असंख्या उठाऊ पेयजल एवं सिंचाई योजनाएं प्रभावित होने लगी हैं। उद्योगों से निकलने वाले धुएं से वायुमंडल का तापमान बढ़ा है और उससे निकलने वाले कैमिकल युक्त कचरे से जलवायु प्रभावित हुआ है। हालांकि, उद्योगों के प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए सरकार ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि कुछ उद्योग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। गेहूं व धान की पराली के जलने से निकलने वाला धुआं भी जलवायु को प्रभावित करता है। वाहनों से निकलने वाला धुआं प्राणधारियों के लिए घातक है। इन सबसे वायुमंडल बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है।



लेखक
रामलाल पाठक
बासला (चिड़की)
जिला: बिलासपुर
मो: 8278796035

धरती का तापमान बढ़ने से हिमालय के हजारों साल पुराने ग्लेशियर पिघलने लगे हैं। अब पहले की अपेक्षा कम हिमपात हो रहा है और मौसम भी तेवर बदलने लगे हैं। घर द्वार पेयजल उपलब्ध होने से प्राकृतिक जलस्रोत बुरी तरह से प्रदूषित हो गए हैं। उनके रख-रखाव की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। अंधाधुंध खनन होने और हैंडपंप लगने से खड्डों-नालों का जल स्तर काफी नीचे चला गया है।

**जल और वायु** के बिना संसार में किसी भी प्राणधारी के अस्तित्व की परिकल्पना नहीं की जा सकती है। यह कहना तर्कसंगत है कि जल ही जीवन है और वायु के बिना धरती पर जीवन संभव ही नहीं है। जल और वायु धरती के प्राणधारियों के लिए प्रकृति की ओर से मिला अद्भुत उपहार है, लेकिन मानव निजी स्वार्थ के लिए प्रकृति से जमकर छेड़छाड़ की जा रही है। इससे मानव सहित धरती पर रहने वाले अन्य सभी प्राणियों पर पर्यावरण प्रदूषण का खतरा मंडराने लगा है, जिससे प्राकृतिक आपदा की अनेक घटनाएं घटित हो रही हैं और बड़े पैमाने पर जानी नुकसान होने लगा है। मनुष्य ने समय रहते इस ज्वलंत समस्या को गंभीरता से नहीं लिया और पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के उपाय नहीं किए, तो भविष्य में इसके गंभीर परिणाम होंगे। पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सरकार का ही नहीं बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। जलवायु में बढ़ते प्रदूषण से पर्यावरण प्रेमी अत्यंत चिंतित हैं। भू-विज्ञानियों के अनुसार, पृथ्वी के दो-तिहाई से अधिक भाग में पानी है, लेकिन यह सारा पानी पीने योग्य शुद्ध नहीं है, जबकि शेष बचे भाग में जनजीवन है और इसमें ही उपलब्ध पानी से समस्त प्राणियों की आवश्यकताएं पूरी होती हैं। निरंतर प्रदूषित हो रहे पर्यावरण का सबसे अधिक प्रभाव जल और वायु पर ही पड़ रहा है। प्रकृति से हो रही छेड़छाड़ से पारंपारिक जलस्रोतों का अस्तित्व खतरे में है और वायुमंडल पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। परिणाम स्वरूप लगभग आधी से अधिक जनसंख्या के लिए नियमित रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल विहारी वाजपेयी ने कहा था कि धरती पर यदि तीसरा विश्व युद्ध होगा, तो उसका कारण स्वच्छ पेयजल ही होगा, इसलिए देश और दुनिया के लिए दिन-प्रतिदिन बिगड़ रहा पर्यावरण संतुलन



भविष्य के लिए खतरे की घड़ी है। प्रदूषण से राहत पाने के लिए मनुष्य ने वीरान धरती पर कई प्रकार के पेड़ लगाए। उनमें पीपल और वटवृक्ष की अधिकता रही है। इन वृक्षों से प्राणधारियों के लिए पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन व शीतल छाया मिलती रही। साथ ही इन पेड़ों की घनी छाया से धरती का तापमान स्थिर रहता और जमीन में भी नमी बनी रहती। इन विशालकाय वृक्षों का मनुष्य अपने स्वार्थ के लिए कटान न करें। लिए उन वृक्षों के नीचे देवी-देवताओं की मूर्तियां रख दीं, ताकि वहां देव स्थल मानकर कोई उन वृक्षों को नहीं काट सके। सदियों से लोक आस्था के केंद्र रहे इन विशालकाय वृक्षों पर वनकाटुओं की कुल्हाड़ी भी नहीं चलती। लोग पीपल व वटवृक्ष की लकड़ी का प्रयोग न तो इमारतों के दरवाजों और खिड़कियों के लिए करते हैं और न ही इसे जलाने के काम में लाया जाता है। यही कारण है कि सैकड़ों वर्षों के बाद भी इन वृक्षों का अस्तित्व बना हुआ है। पहले प्राकृतिक जलस्रोतों का संरक्षण करना लोग पुण्य का काम समझते थे। किसी बड़े पीपल या वटवृक्ष के नीचे लोग प्याऊ लगाते थे, ताकि राहगीर पलभर शीतल छाया में बैठकर आराम कर सकें और प्याऊ का ठंडा पानी पीने के बाद अपनी मंजिल की ओर चल पड़े। बढ़ते जंगली जानवरों की प्यास बुझाने के लिए जंगलों में बड़े-बड़े तालाब (पोखर) बनाए जाते थे। जंगल में प्राकृतिक जलस्रोत कम होने की स्थिति में उन तालाबों में बारिश का पानी संग्रहित होता, ताकि जंगली जानवर पानी की तलाश में बस्तियों की ओर न आएं। तालाब के उस पानी से जमीन में भी नमी भी बनी रहती थी। पहले कच्चे घर-आंगन होने से बरसाती पानी का जमीन में रिसाव हो जाता था, जिससे मिट्टी में नमी बनी रहती थी। अब घर-आंगन भी पक्के हैं। इससे बरसात का पानी एकदम बह जाता है। विकास की अंधी दौड़ में भी पर्यावरण प्रभावित हुआ है। लंबी-चौड़ी सड़कों को पक्का करने, बड़े-बड़े भवनों के निर्माण तथा कंक्रीट के बड़े-बड़े मैदानों के बनने से तापमान बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जमीन पर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए हैं। निर्माण कार्य के लिए अंधाधुंध खनन हो रहा है। हरे-भरे पेड़ों का धड़ल्ले से कटान हो रहा है। उपजाऊ भूमि रेत में बदल गई है। नदियों, खड्डों व नालों में रेत-बजरी और पत्थरों का अंधाधुंध खनन हो रहा है। इसके किनारों पर स्थित प्राकृतिक जल स्रोत लुप्त हो गए हैं या फिर लुप्त होने के कगार पर हैं। इससे असंख्या उठाऊ पेयजल एवं सिंचाई योजनाएं प्रभावित होने लगी हैं। उद्योगों से निकलने वाले धुएं से वायुमंडल का तापमान बढ़ा है और उससे निकलने वाले कैमिकल युक्त कचरे से जलवायु प्रभावित हुआ है। हालांकि, उद्योगों के प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए सरकार ने आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि कुछ उद्योग नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। गेहूं व धान की पराली के जलने से निकलने वाला धुआं भी जलवायु को प्रभावित करता है। वाहनों से निकलने वाला धुआं प्राणधारियों के लिए घातक है। इन सबसे वायुमंडल बुरी तरह प्रदूषित हो रहा है।

धरती का तापमान बढ़ने से हिमालय के हजारों साल पुराने ग्लेशियर पिघलने लगे हैं। अब पहले की अपेक्षा कम हिमपात हो रहा है और मौसम भी तेवर बदलने लगे हैं। घर द्वार पेयजल उपलब्ध होने से प्राकृतिक जलस्रोत बुरी तरह से प्रदूषित हो गए हैं। उनके रख-रखाव की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। अंधाधुंध खनन होने और हैंडपंप लगने से खड्डों-नालों का जल स्तर काफी नीचे चला गया है। इससे भी प्राकृतिक जलस्रोतों को ग्रहण लगा है। करीब तीन दशक पहले तक लोगों की दिनचर्या पनघट से ही शुरू होती थी, लेकिन अब यह बीते जमाने की बात हो गई है। हालांकि, पर्यावरण संरक्षण पर सरकार ने पहले से ही अपना ध्यान केंद्रित किया है। इस दिशा में प्रभावी ढंग से ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो संसार के प्राणधारियों का भविष्य संकट में है।

## बोलता है कैमरा...




**डाडासीबा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासिबा में मंगलवार को भारत स्काउट एंड गाइड के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में भारत स्काउट एंड गाइड के बच्चों ने स्कूल से बाजार तक रैली निकाली और समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया। इस मौके पर भारत स्काउट एंड गाइड के प्रभारी सरोज वाला, तृप्ता देवी, रविंदर कुमार, सुरेंद्र व अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रेरक कथा



## चोर और उसका दोस्त

**एक** गांव में एक चोर रहता था। चोरी करने के अलावा वो कुछ नहीं करता था। एक दिन वह अपने एक दोस्त से मिला। चोर का दोस्त एक बहुत ही सीधा और नेक इंसान था। वह दोनों साथ में घूमने लगे और चोर ने अपने दोस्त को अपने काम के बारे में बताया। दोस्त ने चोर से कहा, 'उसे चोरी कर के पैसे नहीं कमाना चाहिए, यह गलत काम है।' चोर ने उसकी सलाह को ध्यान में रखते हुए अपना जीवन बदला और एक ईमानदार व्यापारी बन गया। दोस्त ने चोर की बहुत सहायता की और उसे ईमानदार बनाने में मदद की। चोर ने समझा कि असली दोस्त वह होता है, जो आपकी मदद करता है और आपको सही राह दिखाता है। एक सच्चे दोस्त का मतलब होता है आपको सही राह दिखाना, आपकी मदद करना। असली दोस्त वह होता है, जो आपके साथ हर मुश्किल समय में होता है।

# बढ़ते तलाक कर रहे सामाजिक ताने-बाने खाक

**भारत** में, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में, उच्च तलाक दरों की बढ़ती प्रवृत्ति सामाजिक और शैक्षणिक रुचि का विषय बन गई है। तलाक की बढ़ती प्रवृत्ति, पारंपरिक मानदंडों से हटकर, सामाजिक ताने-बाने में बदलाव का संकेत दे रहा है, इसलिए इसके कारणों की गहन जांच की आवश्यकता है। शहरों में संयुक्त से एकल परिवारों में परिवर्तन के कारण विस्तारित परिवारों की संख्या कम हो गई है। हाल के वर्षों में, भारत में तलाक के मामलों में उल्लेखनीय और तीव्र वृद्धि देखी गई है, जो सामाजिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक मानदंडों में उल्लेखनीय बदलाव को दर्शाता है। परंपरागत रूप से, भारत पारिवारिक मूल्यों और विवाह की पवित्रता पर जोर देने के लिए जाना जाता है।

हालांकि, कई कारकों ने बदलती गतिशीलता में योगदान दिया है, जिससे देश भर में तलाक की दर में वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में पारिवारिक संरचनाओं में उल्लेखनीय बदलाव आया है। समाजशास्त्रीय अध्ययनों ने शहरी भारतीय परिवारों में बढ़ते व्यक्तिवाद पर तेजी से ध्यान केंद्रित किया है। पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव, वैश्वीकरण और मीडिया की पहुंच ने शहरी भारतीयों को विवाह और तलाक पर विभिन्न दृष्टिकोणों से परिचित कराया है। गौरतलब है कि पश्चिमी मीडिया और वैश्वीकरण के प्रभाव ने भारतीय समाज की प्रेम और रिश्तों की धारणा को प्रभावित किया है। युवा पीढ़ी पारंपरिक पारिवारिक अपेक्षाओं की तुलना में व्यक्तिगत खुशी और अनुकूलता को प्राथमिकता देने लगी है, जिसके कारण जब उनकी शादी में संतुष्टि नहीं मिलती है, तो वे तलाक को एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में मानने लगते हैं।



लेखिका
प्रियंका सौरभ
कवयित्री, हिसार, हरियाणा
मो : 7015375570

पश्चिमी मीडिया और वैश्वीकरण के प्रभाव ने भारतीय समाज की प्रेम और रिश्तों की धारणा को प्रभावित किया है। युवा पीढ़ी पारंपरिक पारिवारिक अपेक्षाओं की तुलना में व्यक्तिगत खुशी और अनुकूलता को प्राथमिकता देने लगी है, जिस कारण जब उनकी शादी में संतुष्टि नहीं मिलती है तो वे तलाक को एक व्यवहार्य विकल्प के रूप में मानने लगते हैं।

भारत अधिक व्यक्तिवादी होता जा रहा है, लोग पारिवारिक और सामाजिक अपेक्षाओं पर व्यक्तिगत खुशी और स्वायत्तता को प्राथमिकता देने लगे हैं। पैसों पर असहमति और वित्तीय कुप्रबंधन के कारण पति-पत्नी के बीच झगड़े हो रहें हैं। असंगत पालन-पोषण शैलियों के मामलों में, कुछ जोड़े बच्चों के पालन-पोषण के लिए अधिक उपयुक्त वातावरण की तलाश में तलाक का विकल्प चुन रहें हैं। कार्य असाइनमेंट या उच्च शिक्षा के कारण अलगाव की विस्तारित अवधि विवाहों में तनाव पैदा कर रही है। ससुराल वालों के साथ संघर्ष विशेषकर संयुक्त परिवार में वैवाहिक तनाव को बढ़ावा देता है।

सोशल मीडिया और डेटिंग ऐप्स ने शहरी भारत में संबंधों की गतिशीलता को बदल दिया है। सोशल मीडिया और प्रौद्योगिकी के व्यापक उपयोग से पति-पत्नी के बीच विश्वास संबंधी समस्याएं, ईर्ष्या और गलतफहमियां पैदा हो रही हैं। व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए जिस तेजी से लोगों के बीच अंतरंगता बढ़ी है। उसी तेजी से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म विवाह विच्छेद और तलाक की वजह भी बन रहे हैं। स्थिति यह है कि महानगरों में डिवोर्स के हर 10 प्रकरण में से चार की वजह सोशल मीडिया के कारण पति-पत्नी की अन्य लोगों से बढ़ी अंतरंगता और एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर हैं। पति-पत्नी के बीच अप्रभावी संचार से गलतफहमियां, अनसुलझे झगड़े और भावनात्मक दूरियां पैदा हो सकती हैं, जो अंततः वैवाहिक टूटने का कारण बन सकती हैं। जनम-जनम के रिश्तों में दूरियां और कड़वाहट पैदा कर रहा सोशल मीडिया, रोक-टोक मियां और बीवी को मंजूर नहीं है। उच्च तनाव वाली शहरी जीवनशैली ने मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों में योगदान दिया है, जिससे वैवाहिक स्थिरता पूर्ण जीवन प्रभावित हुआ है। इंडियन साइकाइट्री सोसायटी सहित अन्य अध्ययनों से पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों में पहले की तुलना में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो पारिवारिक गतिशीलता को प्रभावित कर रही है। पति-पत्नी के बीच अप्रभावी संचार से गलफहमियां , अनसुलझे झगड़े और भावनात्मक दूरियां पैदा हो रही हैं, जो अंततः वैवाहिक टूटने का कारण बन रही हैं। शराब जैसे मादक द्रव्यों के सेवन की बढ़ती समस्या घरेलू हिंसा और विवाहों में अस्थिरता को जन्म दे रही है। करयिर की अलग-अलग आकांक्षाएं और नौकरी में स्थानांतरण भागीदारों के बीच शारीरिक दूरी पैदा कर सकता है, जिससे रिश्ते में तनाव पैदा हो रहा है। अवसाद और चिंता जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे किसी व्यक्ति की स्वस्थ विवाह को बनाए रखने की क्षमता को प्रभावित कर रहें हैं। विवाह के भीतर पारंपरिक लिंग भूमिकाएं और अपेक्षाएं असमानता और असंतोष का कारण बन रही हैं। खासकर, जब एक साथी विशिष्ट जिम्मेदारियों से अधूरा या बोझ महसूस करता है। आर्थिक स्वतंत्रता और सशक्तिकरण के फलस्वरूप शहरों में अधिकांश महिलाएं करियर बना रही हैं, जिससे उन्हें वित्तीय स्वतंत्रता और विवाह के बाद असंतोषजनक जीवन से बाहर निकलने की प्रेरणा मिल रही है। भारत में तलाक के मामलों में भारी वृद्धि को सामाजिक आर्थिक परिवर्तन, महिला सशक्तिकरण, बदलते दृष्टिकोण, कानूनी सुधार और सामाजिक कलंक में कमी के संयोजन के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। जैसे-जैसे भारत विकसित हो रहा है, वैवाहिक संबंधों की गतिशीलता में और अधिक बदलाव आने की संभावना है। जोड़ों को उनके मुद्दों का समाधान करने और जब भी संभव हो तलाक के विकल्प तलाशने में मदद करने के लिए सहायता प्रणाली और परामर्श सेवाएं प्रदान करना समाज के लिए आवश्यक है।

# बच्चियां सुरक्षित नहीं, क्यों खुल रही हैं व्यभिचार की साइट्स ?



ब्लॉगर

लेखक: डॉ. निवेदिता शर्मा
( लेखिका, बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य हैं। )

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

**यह घटना** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की जरूर है, पर देश के लिए नई नहीं है। मैं स्वयं कई जगह ऐसी घटनाओं पर संज्ञान लेकर पीड़ित एवं उनके परिजन से मिलने गई हूं। देश में आए दिन ऐसी कई वारदात हो रही हैं। इनमें जो समानता है-वह है, विकृत मानसिकता और किसी-किसी घटना में विपरीत लिंग के प्रति संबंध बनाने की जिज्ञासा। कई जानबूझकर इसके शिकार बनाए जा रहे हैं और कई बिना जाने कौतूहल वश इसके चंगुल में फंस अपराध कर रहे हैं।

प्रश्न है आखिर इसके लिए दोष किसे दिया जाए? क्या परिवार को दोषी माना जाए? जिसकी परवरिश में कमी है। क्या संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था को दोषी ठहराया जाए? जो यह नहीं सिखा पा रही कि अपने आयुवर्ग या अन्य भी किसी के साथ कैसे व्यवहार करना है। क्या इसका दोषी संपूर्ण समाज है ? या फिर इस प्रकार के आ रहे मामलों के लिए राज्य एवं केंद्र की सरकार दोषी है? जिनका काम कानून व्यवस्था को बनाए रखना है। बलिया में घटी घटना में किशोर ने जो कहानी बताई, वह चौंकाने वाली है। उससे यह सहज पता चलता है कि आखिर हमारे बच्चे मोबाइल में गेम खेलने के साथ वह सब भी देख रहे हैं, जो उन्हें अभी अवयस्क रहते हुए नहीं देखना चाहिए, बल्कि मेरा मानना है कि वयस्क होने पर भी इन सब से दूर ही रहना चाहिए।

इस 14 साल के किशोर ने बताया कि कैसे पिता के मोबाइल में उसने अश्लील वीडियो देखा, उसके बाद उसके मन में गलत ख्याल आने लगे। जब यह घटना घटी तब दोनों ही खेल रहे थे, फिर खेलते-खेलते किशोर उसे एक सुनसान जगह पर ले गया। जहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान बच्ची की हालत बिगड़ गई, यह देख किशोर बच्ची को उसी हालत में छोड़ भाग गया। खून से लथपथ बच्ची घर पहुंची तो परिजनों के होश उड़ गए। फिर पुलिस की कार्रवाई और आगे किशोर के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 और पोक्सो एक्ट के तहत मुकद्दमा दर्ज किया गया। जिस बच्ची के साथ यह घटना घटी वह अभी भी सदमे में है। आगे जो होना है, वह इस केस में भी होगा। कानून अपना काम करेगा और जिसे सजा मिलनी है, वह भी दी जाएगी। किंतु फिर वही प्रश्न घूम-फिरकर सामने आ जाता है कि आखिर भारतीय समाज में इस प्रकार की वारदात घट क्यों रही हैं? यह हाल में आया आंकड़ा है, जिसमें बताया गया कि भारत में 2018 के बाद से पॉर्न वीडियो देखने वालों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। लगभग 75 फीसदी की इसमें वृद्धि हुई है। इसके साथ ही भारत में मानसिक रोगियों और यौन अपराध के ग्राफ में वृद्धि देखी गई है। केंद्र सरकार के इस दिशा में प्रयास जरूर बीच में कुछ समय के लिए प्रभावी दिखे। किंतु तथ्य यह है कि आज देश की कुल आबादी में करीब 10 करोड़ की आबादी पॉर्न वेबसाइट के लत में है। 10 करोड़ की आबादी में करीब तीन करोड़ बच्चे और सात करोड़ वयस्क पॉर्न वेबसाइट की चपेट में हैं। यह सही है कि सरकार ने पोर्नोग्राफी पर प्रतिबंध लगाते हुए एक हजार से अधिक वेबसाइट्स पर प्रतिबंधित लगाया, लेकिन वह भी कारगर नहीं रहा, क्योंकि कई वेबसाइट अन्य नाम से फिर से इंटरनेट पर आ गईं।



## आपका पत्र

**देशभर** में लावारिस पशुओं की समस्या विकराल होती जा रही है। जहां एक ओर लावारिस पशु सड़क हादसों का सबब बन रहे हैं, तो दूसरी ओर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आज शहर हो या गांव, लावारिस पशुओं की समस्या कोई अछूता नहीं है। इनके हर जगह घूमने से आम जन का अपने घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। कई बार यह लोगों पर हमला कर देते हैं और लोगों की मौत हो जाती है। सांडों की लड़ाई में आज तक पता नहीं कितने लोगों की जान जा चुकी है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में सड़क हादसों में होने वाली मौतों का एक बड़ा कारण लावारिस पशु भी हैं, जो यातायात व्यवस्था को तो बाधित करते ही हैं, साथ ही उनके अचानक बीच सड़क पर आ धमकने से सड़क हादसे भी होते हैं। वहीं, किसानों की फसलों को भी तबाह कर रहे हैं। हालांकि, यह मानवीय भूल ही है, जिस कारण कई पशु सड़कों पर लावारिस हैं। लोगों ने अपना स्वार्थ पूरा होने के बाद इन्हें लावारिस छोड़ दिया है, जो आज बड़ी समस्या बन गए हैं। गाय को गोमाता कहा जाता है। जब हर घर में गोमाता पलेगी और गोमाता से मिलने वाले अमूल्य गो उत्पाद की मार्केटिंग और गोवंश के शारीरिक श्रम की उपयोगिता फिर से बढ़ाई जाएगी, तब समस्या का सही समाधान हो सकेगा।

-अजय, कांगड़ा।

यह कॉलम आपके लिए है। कृपया अपनी समस्याएं इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

## बधाइयां



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम प्रकाशन पर हिमाचल की समस्त जनता को हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि अनंत ज्ञान शीघ्र ही जनता के दिलों में राज करेगा।

**-शशि बलवीर ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भरमौर।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम प्रकाशन पर हिमाचल की समस्त जनता को हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि अनंत ज्ञान शीघ्र ही जनता के दिलों में राज करेगा।

**-संजय ठाकुर, पूर्व निदेशक वन निगम विकास हिमाचल प्रदेश।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम प्रकाशन पर हिमाचल की समस्त जनता को हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि अनंत ज्ञान शीघ्र ही जनता के दिलों में राज करेगा।

**-श्याम ठाकुर, अध्यक्ष युवा कांग्रेस भरमौर पांगी।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम प्रकाशन पर हिमाचल की समस्त जनता को हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि अनंत ज्ञान शीघ्र ही जनता के दिलों में राज करेगा।

**-विशाल चौधरी, सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी भरमौर।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम प्रकाशन पर हिमाचल की समस्त जनता को हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि अनंत ज्ञान शीघ्र ही जनता के दिलों में राज करेगा।

**-ललित ठाकुर, निदेशक स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक हि.प्र.।**



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम प्रकाशन पर हिमाचल की समस्त जनता को हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि अनंत ज्ञान शीघ्र ही जनता के दिलों में राज करेगा।

**-महंदो राम, प्रधान ग्राम पंचायत छतराड़ी।**



मुझे खुशी है की हिमाचल से एक और दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू हो गया है। मेरी और से अनंत ज्ञान परिवार को ढेर सारी शुभकामनाएं।

**-आरके प्रजापति, प्रधानाचार्य माध्यमिक पाठशाला थल्ली**



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर समस्त अनंत ज्ञान परिवार को मेरी और से हार्दिक शुभकामनाएं।

**-हंस राज, विधायक चुराह पूर्व उपाध्यक्ष विधानसभा हिमाचल प्रदेश सरकार**

उम्मीद है की दैनिक समाचार अनंत ज्ञान जनता को सूचनाए प्रदान करने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा अनंत ज्ञान परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं।

**-जोगिंदर सिंह पटियाल, एसडीएम चुराह (तीसा)**



# चंबा में पानी के लिए मचा हाहाकार

## चंबा मुख्यालय में भूस्खलन की चपेट में आने से टूटी पाइन लाइन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो चीफ, चंबा**



भूस्खलन की चपेट में आने से टूटी मुख्य जीआई पाइप लाइन।

चंबा मुख्यालय में मुख्य पेयजल लाइन भूस्खलन की चपेट में आने से टूट गई है, जिसके कारण वीरवार को सुबह शहर में पेयजल आपूर्ति प्रभावित हुई है। जिसके चलते शहर के 4876 उपभोक्ताओं की परेशानियां ही बढ़ी हैं। लोगों को पेयजल, नहाने-धोने के लिए पानी प्राकृतिक स्त्रोतों व बाजार से आपूर्ति करने पर विवश होना पड़ा। वहीं जलशक्ति विभाग अधिकारियों को मानें तो जीआई पाइप लाइन को ठीक करने के लिए लगातार कार्य कर रहे है। जिसके तहत विभाग ने सुबह की सप्लाई प्रभावित होने पर सांयकाल पानी आने का दावा किया।

गौर हो कि जलशक्ति विभाग चंबा द्वारा शहर उपभोक्ताओं की पेयजल सहित अन्य जरूरतों के पानी की आपूर्ति के लिए करीब 37 लाख लीटर पानी स्टोरेज करना पड़ता है। जिसमें ब्रजेश्वरी मंदिर समीप पानी भंडार 16.50 लाख लीटर, 4.50 लाख लीटर, 50 हजार लीटर, 3 लाख लीटर, चामुंडा देवी मंदिर के साथ 4.50 लाख लीटर, सूही मढ़ के पास 7.50 लाख लीटर के पानी के स्टोरेज टैंक स्थापित हैं। इन स्टोरेज टैंकों में गुल्यानी स्थित मुख्य स्त्रोत से पानी पहुंचने के बाद स्टोर किया जाता है। शहर में प्रतिदिन 60 लाख लीटर पानी की आवश्यकता रहती है। जिसे जल शक्ति विभाग रोजाना सुबह और शाम दो समय अवधियों पर 80 लाख लीटर पानी की सप्लाईकरता है।

ऐसे में अब मेन पेयजल लाइन के टूट जाने से पेयजल उपभोक्ताओं सहित विभाग की भी मुसीबतें बढ़ गई हैं। हालांकि विभाग द्वारा उपभोक्ताओं सहित राजनीति एवं अधिकारिक दबाव के चलते बाधित पेयजल स्पलाई सुचारु करने के लिए युद्धस्तर कार्य करने की ताकत झौक दी है। भूस्खलन युक्त स्थल व अन्य तकनीकी अभावों के चलते जीआई पाइप लाइन का कार्य में विलंब हो रहा है।



**वीरवार** सुबह सवेरे मुख्य पेयजल लाइन भारी भरकम पत्थरों के गिरने से टूटी है। जिसे ठीक करने व कुछ लाइन बदलने का कार्य किया जा रहा है। विभाग द्वारा पूर्ण प्रयास किया जा रहा है कि उपभोक्ताओं को पानी की सप्लाई से जोड़ जल्द से जल्द राहत प्रदान की जाए।

**-राजेश मोंगरा, इंजीनियर अधीक्षण अभियंता जल शक्ति वृत्त चंबा**

# विज्ञान महोत्सव में छाए हिमालयन पब्लिक स्कूल के बाल वैज्ञानिक



राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव हिमालयन पब्लिक स्कूल चुवाड़ी के बाल वैज्ञानिक।

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव में हिमालयन पब्लिक स्कूल चुवाड़ी के बाल वैज्ञानिकों का शानदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर में संपन्न हुई 31वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रतियोगिता में हिमालयन पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल चुवाड़ी के स्टूडेंट्स ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, क्षेत्र व जिला चंबा का नाम रोशन किया है। स्टूडेंट्स ने बाल विज्ञान की प्रतियोगिताओं में पूरे हिमाचल में साइंस स्किट में पहला व सीनियर सेकेंडरी क्विज में दूसरा स्थान हासिल कर एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

इस अवसर पर चेयरमैन दिनेश शर्मा व प्रधानाचार्य वंदना शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक एवं इनोवेटिव सोच विकसित करने में इस तरह के आयोजन बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं। चेयरमैन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे संविधान में उल्लेखित मौलिक कर्तव्यों में वैज्ञानिक सोच के विकास को भी शामिल किया गया है और इस दिशा में हिमालयन पब्लिक स्कूल चुवाड़ी बहुत ही सराहनीय प्रयास कर रहा है।

# क्रिसमस पर दुल्हन की तरह सजे चंबा और डलहौजी के चर्च

**आरके रांगड़ा, चंबा**



क्रिसमस-डे को लेकर दुल्हन की तरह सजा चर्च।

जिला की पर्यटन नगरी डलहौजी व चंबा में बड़ा दिन यानी क्रिसमस-डे को लेकर चर्च दुल्हन की तरह सज गए हैं । जहां 25 दिसंबर को सुबह जिला के समस्त गिरजाघरों में प्रार्थना सभा का आयोजित होंगी। वहीं 24 दिसंबर को रात्रि हॉली नाइट विशेष प्रार्थना सभाओं का भी आयोजन किया जाएगा। जिसके उपरांत बाइबल में दर्ज प्रवचनों के माध्यम लोगों को यीशु मसीह के जन्म दिवस के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी जाएगी। ईसाई समुदाय के बच्चों द्वारा क्रिसमस को लेकर बाइबल पर आधरित लघु नाटकों की तैयारी भी की जा रही है।

वहीं जिला की पर्यटक नगरी डलहौजी की यदि बात करे तो इन दिनों क्रिसमस व नववर्ष को लेकर पर्यटक स्थल में पर्यटकों का आगमन बढ़ गया है, जबकि यहां स्थित सभी चर्चो में 25 दिसंबर को मनाए जाने वाले क्रिसमस-डे को लेकर चार दिन पहले ही आयोजन शुरू हो चुके हैं। क्रिसमस पर बड़े आयोजनों की योजनाएं हैं। बुधवार को आयोजक पूरे उत्साह के साथ समारोह की तैयारियों में दिन भर जुटे रहे। चर्चों को आकर्षक लाइटों, लड़ियों व अन्य साजो-सामान के साथ दुल्हन की तरह सजाया गया है। क्रिसमस-ट्री सजाने के सारे साजो-सामान जुटाने शुरू कर दिए हैं। क्रिसमस पर सभी के लिए केक तैयार किया जा रहा है, जो क्रिसमस पर विशेष होता है।

गौरतलब है कि हर वर्ष सैकड़ों स्थानीय लोग पर्यटक चर्चों में क्रिसमस का त्योहार मनाने के लिए पहुंचते हैं। वहीं इस वर्ष मौसम विभाग द्वारा क्रिसमस पर अनुमान लगाया जा रहा है कि बर्फबारी हो सकती है। जिसके चलते इस बार पर्यटक स्थल में पर्यटकों को व्हाइट क्रिसमस के दीदार हो सकते हैं।

# 80 मेधावी स्टूडेंट्स को वितरित किए टैबलेट

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



आशा कुमारी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी स्टूडेंट को पुरस्कृत करती हुई, साथ हैं अन्य।

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनीखेत ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में कांग्रेस पार्टी की वरिष्ठ नेत्री आशा कुमारी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा डलहौजी के एसडीम अनिल भारद्वाज वरिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल रहे। प्रधानाचार्य प्रीतम ठाकुर ने मुख्यातिथि का एनसीसी के स्टूडेंट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। स्कूल के सभी सदस्यों द्वारा पुष्प मालाएं पहनकर बड़ी गर्म जोशी से स्वागत किया।

सर्वप्रथम मुख्यातिथि द्वारा जोत प्रज्वलित की गई, स्कूली बच्चों द्वारा गणेश वंदना एवं सरस्वती स्तुति के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य प्रीतम ठाकुर ने आए मुख्यातिथि, वरिष्ठ अतिथि एवं विशेष तौर पर पधारे मेहमानों का तहेदिल से स्वागत किया तथा होनहार मेधावी बच्चों को उनकी इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दी। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने स्कूल के इतिहास को भी लोगों के समक्ष रखा कि कैसे उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आजादी से पहले एक प्राथमिक स्कूल के रूप में अस्तित्व में आया था। तब से लेकर आज तक स्कूल ने कितने शासनिक अधिकारी डॉक्टर, शिक्षक, एफएम सिपाही इस देश को दिए।

आशा कुमारी ने स्टूडेंट्स को उनके इस कार्य की शुभकामनाएं दीं और उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में ढांचागत विकास पर बल दे रही है। इसके साथ यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि स्टूडेंट्स को गुणवत्ता युक्त शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध हो। उन्होंने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री शिक्षा के क्षेत्र में किस तरह से व्यापक सुधार की योजनाएं बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब सरकारी स्कूलों में छोटी क्लास से ही अंग्रेजी का विषय शुरू किया जा रहा है, जिसके लिए बच्चों को आगे जाकर अंग्रेजी में पढ़ाई करने में कोई भी दिक्कत नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि वैसे तो हमारी मातृभाषा हिंदी में ही सभी कार्य किए जा रहे हैं, लेकिन अब बच्चों को बाहर पढ़ने जाने के लिए इंग्लिश भाषा का उच्च स्तर पर आना बहुत जरूरी है ताकि बाहर पढ़ने जाने वाले स्टूडेंट्स को पढ़ने में कोई दिक्कत न आए। इस दौरान आशा कुमारी ने वर्ष भर आयोजित की गई गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कृत भी किया तथा 80 मेधावी स्टूडेंट्स को श्रीनिवासा रामानुजन डिजिटल डिवाइस टैबलेट प्रदान कर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि श्रीनिवासा रामानुजन 19वी सदी में एक बहुत ही बड़े गणितज्ञ रहे हैं, जिन्होंने अपने समय में पूरी दुनिया में अपना नाम रोशन किया था। इस आयोजन में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधान उपप्रधान, स्कूल मैनेजिंग कमेटी के सदस्य के अलावा के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र को पढ़ते हुए भगत बड़ोत्रा पंगवाल एकता मंच को-चेयरमैन एवं अध्यक्ष पांगी कल्याण संघ सहित अन्य।



विकास खंड अधिकारी तीसा अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



एसडीएम चुराह जोगिंद्र पटियाल अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।





तीसा में लोग अनंत ज्ञान अखबार पढ़ने का आनंद लेते हुए।



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शिशु गुप्ता।

# सांसद बनने के बाद पहली बार भरमौर आएंगी प्रतिभा सिंह

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



सांसद व प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार प्रतिभा सिंह भरमौर दौरे पर आ रही है, हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है, लेकिन भरमौर पांगी विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी रमेश राव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया है कि प्रदेश अध्यक्ष व सांसद बहुत जल्द भरमौर के दौरे पर आ रही है। भरमौर दौरे के दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व सांसद यहां पर कांग्रेस की चरम पर चल रही गुटबाजी पर अंकुश लगाएगी।

गौरतलब है कांग्रेस प्रदेश अध्यक्षा व सांसद विधानसभा चुनाव के दौरान भी भरमौर के दौरे पर नहीं आई थी। विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस पार्टी ने वीरभद्र सिंह के करीबी ठाकुर सिंह भरमौरी को टिकट दी थी। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रचार के लिए यहां पर न आने पर लोगों ने कई तरह के कयास लगाए थे। विधानसभा चुनावों में हार मिलने के बाद यहां पर कांग्रेस पार्टी का अलग-अलग धड़ों में बंट जाना पार्टी के लिए कहीं घातक न हो जाए, इस बात की संभावना से भी कतई इंकार नहीं किया जा सकता है। लोकसभा क्षेत्र मंडी भरमौर से वर्तमान सांसद प्रतिभा सिंह को प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इसी कड़ी में कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने के लिए प्रदेश अध्यक्ष जल्द ही भरमौर का दौरा करेगी, हालांकि इस दौरे के दौरान वर्तमान सांसद व प्रदेशा अध्यक्ष के लिए यहां चुनौतियां कम नहीं होगी। अलग-अलग गुटों में बंट चुकी कांग्रेस पार्टी को एकजुट करना यहां बिलकुल भी आसान नहीं होगा। आलम यही रहा तो आने वाले लोकसभा चुनावों के लिए कांग्रेस प्रत्याशी के लिए भरमौर से लीड हासिल करना टेढी खीर साबित हो सकता है।

वहीं इतने वर्षों तक प्रदेश अध्यक्ष व सांसद द्वारा भरमौर में दौरा न करने को लेकर भाजपा पार्टी भी इसे जबरदस्त मुद्दा बना रही है। भाजपा द्वारा संसद की भरमौर में गैर-मौजूदगी को मुद्दा बनाकर आम लोगों के बीच में उनकी गैर-हाजिरी को जबरदस्त तरीके से भुनाया जा रहा है।

# आईटीआई भरमौर में विश्व एड्स दिवस का आयोजन

**भरमौर।** एड्स जागरूकता अभियान के तहत आईटीआई भरमौर में विश्व एड्स दिवस का आयोजन किया। शिविर की अध्यक्षता प्रधानाचार्य ने की। शिविर में आईसीटीसी परामर्शदाता पवन कुमार ने बच्चों को एचआईवी एड्स के बारे में जानकारी दी कि एचआईवी क्या है, कैसे फैलता है और इससे कैसे बचना है। उन्होंने बच्चों को स्वेच्छा से अपना एचआईवी टेस्ट करवाने की अपील की। उन्होंने कहा की 95 प्रतिशत लोगो को अपना एचआईवी स्टेट्स पता होना चाहिए। इस शिविर में 90 बच्चों तथा आईटीआई स्टाफ ने भाग लिया। इस शिविर में आईसीटीवी लैब टेक्नीशियन देवेंद्र सिंह ने 52 बच्चों के एचआईवी के टेस्ट किए। शिविर में एनएचएम अकाउंटेंट धीरज गुप्ता व ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर गोधम ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। खंड चिकित्सा अधिकारी भरमौर डॉक्टर शुभम भंडारी ने आईटीआई प्रधानाचार्य का शिविर को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

# चुराह के राजेश ठाकुर ने जीता स्टेट लेवल पावर लिफ्टिंग में गोल्ड

**आजम डार, तीसा**



वेट लिफ्टर राजेश ठाकुर।

हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा के चुराह विधानसभा क्षेत्र की जसौरगढ़ पंचायत निवासी राजेश ठाकुर पुत्र कुमार लाल ठाकुर ने वेट लिफ्टिंग में अपना जौहर दिखाकर पूरे जिला का नाम रौशन किया है। वेट लिफ्टर राजेश ठाकुर ने हाल ही में पालमपुर में आयोजित 110 बॉडी वेट में 260 किलोग्राम वजन उठाकर स्टेट लेवल पावर लिफ्टिंग में गोल्ड जीता है।

वेट लिफ्टर राजेश ठाकुर ने बताया कि बचपन से ही इन्हें बॉडी बनाने का शौक था। उन्होंने बताया कि बचपन में परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिसके चलते दिहाड़ी व मजदूरी कर अपना खर्चा निकाला। वहीं मन में एक जिद्द थी और जुनून था बॉडी बनानी है, लेकिन न आय का साधन मजबूत था, न कोचिंग और न ही उपकरण थे जिन वह व्यायाम कर शरीर की बॉडी बना सके।

अपनी इस हसरत को पूरा करने के लिए दिहाड़ीदार कार्यों में मजदूरी करने का निर्णय लिया। जिसकी दो वजह मुख्य थी एक तो मजदूरी कर आय अर्जित होगी, वहीं दूसरी ओर मजदूरी करने से शरीर परिश्रम करेगा, जो कि उसके अंगों को निखारने एवं मजबूती देने में सहायक सिद्ध होगी। जिसके बाद वह अगले लक्ष्य के तहत मजदूरी कर पसीना बहाना आरंभ हो गए। जिसका परिणाम दिन व दिन उनके शरीर में देखने को मिलता रहा। जहां तक रही डाइट की बात तो साधारण खाना सहित गुड़, चने, व दूध के सेवन से ही प्रोटीन पूर्ण किए। इस लग्न व परिश्रम की बदौलत ही वह आज इस मुकाम को पाने में सफल हो पाए है। जिसमें देवी-देवताओं की आशीष सहित माता-पिता का पूर्ण रहम-कृपा उन पर रही। तभी वह अपना यह सपना शायद पूरा कर पाए है। अपनी इस सफलता का श्रेय वह अपने माता-पिता को देना चाहेंगे।

## 20 से तोल यंत्र पर लगेगी मुहर

**चुवाड़ी।** प्रधान व्यापार मंडल चुवाड़ी द्वारा मंडल प्रधान कुलभूषण धीमान की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए धीमान ने व्यापारियों को बताया कि नापतोल विभाग द्वारा रेस्ट हाउस चुवाड़ी में 20, 21, 22 दिसंबर को तोल यंत्र पर मोहरे लगाई जाएंगी।

# लोगों को दिया 'प्लास्टिक हटाओ पर्यावरण बचाओ' का संदेश

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

अतिरिक्त उपायुक्त भरमौर नवीन तंवर की अध्यक्षता में मंगलवार को कचरा निस्तारण को लेकर साडा के अधीन आने वाली पंचायत भरमौर और संचुई के प्रधान व संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि प्लास्टिक कचरे को अलग करके घरों से ही एकत्रित करना सुनिश्चित बनाया जाए।

उन्होंने भरमौर क्षेत्र की वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्लास्टिक कचरे का निस्तारण करने के लिए और इसके लिए प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम स्थापित करने के लिए राजस्व विभाग को जल्द से जल्द भूमि चयनित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने को बल देते हुए सभी अधिकारियों को पंचायत प्रतिनिधियों के साथ में समन्वयन स्थापित कर जागरूकता गतिविधियों को और अधिक बढ़ाने और जल शक्ति विभाग को पोस्टर और पेंटिंग के माध्यम से लोगों को प्लास्टिक हटाओ पर्यावरण बचाओ के प्रति जागरूक करने को भी निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम भरमौर कुलबीर सिंह राणा, खंड विकास अधिकारी अनिल गुराडा, वन मंडल अधिकारी नरेंद्र सिंह, नायव तहसीलदार देवेंद्र गर्ग आदि उपस्थित रहे।

**मिसाल** | पिता के मार्गदर्शन के अनुसरण से समाजसेवा के कार्य ने वापस दिलवाया खोया रुतबा

# संघर्ष एवं समाजसेवा की अटूट मिसाल है कुलदीप कौर

**एमएम डैनियल, चंबा**



कुलदीप कौर चंबा।

किसी के मदद के लिए की गई निस्वार्थ समाजसेवा कभी भी व्यर्थ नहीं जाती है। इस तथ्य को जिला चंबा की प्रसिद्ध समाज सेवी महिला कुलदीप कौर ने सिद्ध कर दिखाया है। जिन्हें शायद चंबा जिला का कोई ऐसी पंचायत या कस्बा होगा जहां लोग उन्हें न जानते हो। जिसमें क्या पुरुष तो क्या महिलाएं है। जिसके चलते अगर हम यह कहे कि कुलदीप कौर संघर्ष एवं समाजसेवा की एक अटूट मिसाल कहा जाए तो यह गलत न होगा। अनंत ज्ञान प्रतिष्ठ दैनिक समाचार पत्र द्वारा समाजसेवी कुलदीप कौर के गत वर्षों जिंदगी से जुड़े जीवन के कुछ पलों को साझा किया। ताकि समाज और भी महिलाएं उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाज उत्थान में आगे आ सके।

गौर हो कि जिला के कियाणी पंचायत में पैदा हुई कुलदीप कौर बचपन से ही समाजसेवा का जज्बा लिए हुए है। जिसका मुख्य कारण उनके पिता स्व. ईश्वर सिंह द्वारा तत्काल निर्धन, बेसहारा लोगों की व गरीब स्टूडेंट्स की शिक्षा-दिक्षा के लिए निस्वार्थ सेवा करना था। यह आलम नित दिन सूर्य उदय से शुरू हो जाता था। पिता के समाजसेवा से जुड़े निस्वार्थ कार्य से प्रोत्साहित होकर कुलदीप कौर भी उनके नक्शे कदमों का पूर्ण रूप से अनुसरण करना मैट्रिक शिक्षा पूर्ण करते ही आरंभ हो गई। समाजसेवा के इस जुनून ने कौर के जीवन शैली में इतना परिवर्तन लाया कि देखते ही एक नौजवान युवती महिला समाज में प्रसिद्ध हो गई।

## सब कुछ खो कर फिर से शुरू की नई जिंदगी

**समाजसेवी** कुलदीप कौर के जीवन का जीवन काफी उतार-चढ़ाव वाला रहा। जिसमें गत वर्षों पूर्व पुखरी में दुकान में आग लगने से व इसी अवधि में उनके सुसर के निधन ने उनकी खुशहाल जिंदगी को एक बड़ा झटका देते हुए उन्हें कोढ़ी-कोढ़ी का मोहताज बना डाला। कुलदीप कौर ने जिंदगी की घड़ी में भी हार न मानते हुए अपने पति को हौंसला देते हुए नए सिरे से संघर्ष करने बात साझा कर अपने सफर को दोबारा शुरू किया। उनके इस संघर्ष व दुखों की घड़ी को देखते हुए कौर की बहन ने उसे जुलाकड़ी में रहने के लिए एक कमरा मुहैया करवाया। जहां से कुलदीप ने घरेलू वस्तुओं, लिफाफों बनाकर अपने डूबे हुए व्यवसाय को खड़ी करने एवं ईमानदारी से जीविका का साधन अर्जित किया। अपने पर बीत रही इस दुखद घड़ी को कुलदीप कौर ने सहायता मांगने आये किसी अबला नारी या युवती पर जाहिर न करते हुए समाजसेवा का दौर भी जारी रखा।

## पति की नजरों में कुलदीप कौर का स्थान पहुंचा फर्श से अर्श तक

**वर्ष** 1979 में चंबा मुख्यालय स्थित वार्ड कसाकड़ा निवासी सरदार बलवंत सिंह से विवाह के बंधन में बंध गई। मगर समाजसेवा से जुड़े उनके कार्य को सुसराल पक्ष ने रोकने की बजाय उसे इस कार्य में और भी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। वहीं पति के करौड़ी गांव में स्थापित थौक व्यवसाय में भी उन्हें करीब आठ वर्ष, राख पंचायत व पुखरी में करीब नौ वर्ष कंधे से कंधा मिला कर एक पुरुष की भांति साथ दिया। जिसने पति की नजरों में कुलदीप कौर का स्थान फर्श से अर्श की ऊंचाइयों तक पहुंचा डाला।

## महिलाओं के लिए एक और कार्य क्षेत्र में की मिसाल कायम

मुख्यालय स्थित एचएमपीसी एजेंसी हासिल की, जिसमें और कड़ी महेनत करते हुए विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों की सप्लाई का कार्य भी आरंभ किया। जिसने महिलाओं के लिए एक और कार्य क्षेत्र में समाज सेवी कुलदीप कौर ने मिसाल भी कायम कर डाली। उनकी इस मेहनत एवं निष्ठा को देखते हुए जुलाकड़ी वार्ड से लोगों ने उन्हें पार्षद पद तक विराजमान किया। जिसके बाद वह दो बार इंदिरा गांधी वेलफेयर महिला संस्था की अध्यक्ष चुनी गई। पिछले दो वर्षों से लगातार हिम्मत ग्रामीण जागौरी संस्था में बतौर अध्यक्ष पद चुनी जा चुकी है। इस संस्था के बैनर तले महिला उत्पीड़न से जुड़े जिला के 90 मामलों में वह अपनी निस्वार्थ सक्रिय भूमिका निर्वाह कर चुकी है। जिसमें करीब सत्तर से अधिक महिला उत्पीड़न के मामलों में वह पीड़ित महिलाओं को उनका अधिकार दिलवाने की सफलता हासिल कर चुकी है।

## संघर्ष को लेकर क्या कहती है समाजसेवी

**कुलदीप** कौर का कहना है कि उन्होंने सदैव माता-पिता की दी गई शिक्षा एवं संस्कारों का अनुसरण किया है। महिलाओं की सहायता करने की भावना का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में अधिकारों को लेकर जागरूकता का अभाव है। जिसे दूर करने के लिए वह एक समाजसेवा के तहत महिलाओं में निस्वार्थ सेवा कार्य करती है। जिसमें उत्पीड़न से जुड़ा मामला प्रकाश में आने पर वह संस्था व कानून की सहायता से कार्य करती है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता के अभाव से या अन्याय को झेल रही महिलाओं से आह्वान किया कि जागरूक हो महिला सशक्तिकरण की मिसाल समाज में कायम करें।

## बधाइयां



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर पूरी टीम को बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं। उम्मीद है कि समाचार पत्र मील का पत्थर साबित होगा

**-मनमोहन सिंह, एसडीएम, निरमंड।**



हिमाचल प्रदेश से एक और दैनिक समाचार पत्र के प्रकाशन पर अनंत ज्ञान की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं। समाचार पत्र समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएगा।

**-विकास शुक्ला, एसडीएम, कुल्लू।**



हर्ष का विषय है कि प्रदेश में दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र का प्रकाशन शुरू हो गया है। इसके लिए पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं

**-हेम चंद वर्मा, एसडीएम, बंजार**



दैनिक समाचार पत्र शुरू करने के लिए अनंत ज्ञान की टीम को बधाई। समाचार पत्र जनता की समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाएगा।

**-रमण शर्मा, एसडीएम, मनाली।**

## हर हाथ अनंत ज्ञान



कुल्लू के महंत बेहड़ के सुनील ठाकुर और मठ के शैलेश ठाकुर ढालपुर मैदान में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



एसडीएम मनाली रमण शर्मा को अनंत ज्ञान समाचार पत्र भेंट करते नरेंद्र अंगारिया।



मनाली टैक्सी यूनियन के सामने बैठकर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते राजू व छाजू राम शर्मा।



आइबेक्स मार्केट मनाली में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते वांगदेन व विनोद।



कुल्लू की सैंज घाटी के दुर्गम क्षेत्र रोपा में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते दुर्गा दास।



मनाली वोल्वो एजेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष जयराम ठाकुर व अन्य अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



शीशामाटी के शेर सिंह उर्फ यंकी टेलर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



ढालपुर निवासी दुकानदार रमेश कुमार अनंत ज्ञान अखवार पढ़ते हुए।



कुल्लू बस अड्डे में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते लोग। बस अड्डे में सीएसए इंफ्राटेक कंपनी प्रबंधन के प्रोजेक्ट इंचार्ज दीक्षित मल्होत्रा ने अनंत ज्ञान परिवार को बधाई दी है।

# समय पर पूरे करें विकास कार्य

## डीसी आशुतोष गर्ग ने समीक्षा बैठक के दौरान खंड विकास अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने मंगलवार को ग्रामीण विकास विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को उनके क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक लोग इससे लाभान्वित हो सके।

उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के तहत जिन कार्यों का काम पूर्ण हो चुका हैं उनके उपयोगिता प्रमाण पत्र शीघ्र परियोजना अधिकारी एवं उपनिदेशक ग्रामीण विकास अभिकरण के कार्यालय में जमा करवाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने पतलीकूहल में निर्माणाधीन ज्ञान केंद्र सहित अन्य ज्ञान केंद्रों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी ज्ञान केंद्रों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने को कहा। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के तहत किए जा रहे विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने स्वीकृत सामुदायिक शौचालय के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने खंड विकास अधिकारियों को तरल व ठोस कचरा निपटान सयंत्र स्थापित करने के लिए स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने खंड विकास कार्यालयों में तैनात सहायक अभियंता के कार्य स्थल पर बैठने के दिन निर्धारित करने के निर्देश दिए साथ ही पंचायत निरीक्षकों को नियमित रूप से पंचायतों का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। बैठक में मनरेगा के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने 15वें वित्त आयोग के तहत किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की तथा जिले में विभिन्न पंचायत घरों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिषद व पंचायत समिति द्वारा स्वीकृत कार्यों को निर्धारित समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्विनी कुमार ने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण जिले की ग्राम पंचायतों में 15 युवाओं की एक टास्क फोर्स बनाई जाएगी। जिन्हें आपदा से निपटने का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा।

बैठक की कार्रवाई का संचालन परियोजना अधिकारी एवं उपनिदेशक जयवंती ठाकुर ने किया। बैठक में खंड विकास अधिकारी, व विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।



समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारियों को संबोधित करते डीसी आशुतोष गर्ग।

**ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की**

### स्कूलों में लगाएं जागरूकता शिविर

डीसी आशुतोष गर्ग ने लोगों को गीला व प्लास्टिक कचरे को अलग-अलग संग्रहन के बारे लोगों को जागरूक करने पर बल दिया तथा इस बारे स्कूलों में भी जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए ताकि स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे अपने-अपने घरवालों व आसपास के लोगों को गारवेज सेगरीकेशन बारे जागरूक कर सकें।

## सुभाष बने भाजपा के जिला उपाध्यक्ष



**कुल्लू।** कुल्लू जिला भाजपा अध्यक्ष अरविंद चंदेल ने प्रदेश व जिला के वरिष्ठ नेतृत्व से चर्चा करने के उपरांत सुभाष शर्मा को जिला भाजपा का उपाध्यक्ष बनाया है। सुभाष शर्मा को भाजपा के विभिन्न पदों पर कार्य करने का अनुभव है। सुभाष पिछली कार्यकारिणी में जिला भाजपा प्रवक्ता थे। सुभाष शर्मा ने अखिल भारतीय परिषद से अपनी छात्र राजनीति शुरू की थी। वह 1998 में जयराम ठाकुर की युवा टीम में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रहे हैं। इसके साथ वह भाजपा औद्योगिक प्रकोष्ठ के भी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रहे हैं। सुभाष शर्मा ने अपनी नियुक्ति ने लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, प्रदेश संगठन मंत्री, पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर,जिला अध्यक्ष अरविंद चंदेल का आभार जताया है।

# गुशैणी पहुंचा विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ



बंजार के गुशैणी में केंद्र सरकार के विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल लोग।

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ जिला कुल्लू विकास खंड बंजार की दूर दराज ग्राम पंचायतों में भी पहुंच रहा है। यात्रा रथ के जरिए केंद्र की मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाई जा रही है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ तीर्थन घाटी के गुशैणी में पहुंचा जहां पर पेखडी पंचायत के ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस यात्रा का स्वागत किया। ग्राम पंचायत पेखड़ी की प्रधान पुष्पा देवी ने मौके पर उपस्थित सभी लोगों को विकसित भारत में योगदान की शपथ दिलाई। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर राधिका एमओ सीएच बंजार, पंचायत सचिव यज्ञा चंद ठाकुर, आशा वर्कर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, ग्रामीण विकास विभाग, जल शक्ति विभाग के कर्मचारी और पंचायत जन प्रतिनिधियों सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## मनाली में दूर होगी जाम की समस्या

**मनाली।** मनु की नगरी मनाली के मनाली गांव सहित माता हिडिंबा मंदिर मार्ग पर जल्द ही ट्रैफिक जाम की समस्या दूर होगी। मनाली गांव के लिए मनाली शहर से बाईपास का निर्माण होगा। पीडब्ल्यूडी विभाग ने बाईपास निर्माण को लेकर अधिकतर औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। शेष औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। गौर हो कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू से कार्निवाल के दौरान जनवरी में विधायक भुवनेश्वर गौड़ की मांग पर बाईपास बनाने की घोषणा की थी। विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कहा कि वन भूमि होने के चलते औपचारिकता पूरी करने में समय लगा है लेकिन पीडब्ल्यूडी विभाग ने अधिकतर औपचारिकता पूरी कर ली हैं। उन्होंने कहा कि 27 करोड़ की डीपीआर बनकर तैयार है। उन्होंने बताया कि इस बाईपास के बन जाने से हिडिंबा मंदिर मार्ग पर ट्रैफिक का बोझ कम हो जाएगा। उन्होंने बताया कि जल्द ही औपचारिकताएं पूरी कर सड़क का कार्य शुरू किया जाएगा।

# सोयल स्कूल के होनहार नवाजे

## वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि ने बांटे इनाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सरकारी विद्यालयों का स्तर बेहतरीन होता है। यह बात जिला परिषद कुल्लू की सदस्य अरुणा ठाकुर ने मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोयल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान बतौर मुख्यातिथि कही। उन्होंने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को नशे और मोबाइल से दूर रखें। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर कराड़सु पंचायत की पूर्व प्रधान देवकी ठाकुर ने शिरकत की।

इस मौके पर स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष मीना देवी, सोयल-दो के प्रधान नीरत राम, राऊगी पंचायत के प्रधान मान चंद, उपप्रधान लाल चंद ठाकुर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। वार्षिक समारोह में छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। इसमें उन्होंने वर्ष भर की उपलब्धियों को बताया। मुख्यातिथि ने वर्ष भर अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर में आयोजित खंड स्तरीय प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त करने वाली मार्चपास्ट की टीम को भी सम्मानित किया। साथ ही अंडर-14 योगा स्पर्धा में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले रोहन, चुनी लाल, श्याम लाल, कुशाल सिंह व सुजल को सम्मानित किया गया। उपस्थिति में अव्वल रहने पर कुसम लता, कृतिका, लक्ष्मी रागिनी को भी सम्मानित किया।

बेहतरीन सदन का इनाम ईरावती को दिया गया। बेस्ट ब्वॉय मिलाप ठाकुर व बेस्ट गर्ल का खिताब ईशा ठाकुर को दिया गया। बेस्ट टीचर के तौर पर चंदे राम शास्त्री को नवाजा गया। पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर छठी कक्षा से लेकर बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन बिंदिया सरीन व कमल आनंद ने किया।



मुख्यातिथि को स्मृति चिह्न भेंट करते विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेश कुमार।

# विश्वभर में बनी भुट्टिको की पहचान

## 79वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान बोले सत्य प्रकाश ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

देश की अग्रणी सहकारी सभा भुट्टी वीवर्ज को-ऑपरेटिव सोसायटी ने 79वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर सभा मैदान में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में पूर्व मंत्री एवं भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर ने शिरकत की।

सभा अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने स्थापना दिवस के अवसर पर कहा कि आज सभा जिस ऊंचाई पर पहुंची है उसके पीछे स्व. ठाकुर वेदराम द्वारा प्रदान की गई ठोस नींव व उनका महत्वपूर्ण योगदान है। भुट्टिको ने अपनी पहचान को न केवल कुल्लू जिला, प्रदेश व देश में स्थापित की है अपितु आज भुट्टिको के हथकरघा उत्पाद दुनियाभर में अपनी एक अलग पहचान दर्ज करवा चुके हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर सफल सहकार मोहर, उद्यमी बुनकर सेस राम व विशिष्ट शिल्पी आशा देवी को सम्मानित किया गया। साथ ही खेलकूद प्रतियोगिता जिनमें कबड्डी में पुरुष टीम में प्रथम स्थान के लिए भुट्टिको ब्वॉस व दूसरे स्थान के लिए पटेल हाउस व महिला कबड्डी टीम में प्रथम स्थान के लिए इंदिरा हाउस व द्वितीय स्थान के लिए लक्ष्मी हाउस, रस्साकस्सी में प्रथम स्थान पुरुष वर्ग में भुट्टिको ब्वॉस द्वितीय स्थान में कर्मचारी वर्ग महिला वर्ग रस्साकस्सी में प्रथम स्थान लक्ष्मी हाउस व द्वितीय स्थान कर्मचारी वर्ग, मटकी फोड़ में प्रथम स्थान अजय व म्यूजिकल चेयर में प्रथम स्थान के किरन, द्वितीय स्थान के लिए अनुराधा व तीसरे स्थान के लिए भावना को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कांगड़ा बैंक की निदेशक प्रेतलता ठाकुर, मलोहर लाल ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर भूपेंद्र, रोहित ठाकुर, मोहर सिंह, निदेशक आत्मा राम, मदन लाल, टिकम राम, निर्मला, इंद्रा देवी, कलावती, विजय ठाकुर, रमेश ठाकुर, रूप सिंह, किशन ठाकुर, सूरती देवी, नीना ठाकुर, ओम प्रकाश, दिनेश, अनूज, वीना देवी, शालिनी ठाकुर व अन्य उपस्थित रहे।



स्थापना दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी मुख्यातिथि के साथ।

## कांग्रेस सरकार ने करवाया लाहौल का विकास

**केलांग।** हिमाचल प्रदेश यूथ कांग्रेस के महासचिव एवं जिप सदस्य दोरजे लारजे ने कहा कांग्रेस के एक वर्ष के कार्यकाल और विधायक रवि ठाकुर के नेतृत्व में लाहौल-स्पीति का रिकॉर्ड विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनते ही जिला ने विकास की राह पकड़ी है। उन्होंने कहा कि विधायक रवि ठाकुर हर वर्ग के लोगों के साथ लेकर विकास को धरातल पर उतार रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ छवि के चलते रवि ठाकुर जिला की जनता के चहेते हैं। उन्होंने कहा कि रवि ठाकुर के नेतृत्व में लाहौल-स्पीति कांग्रेस मजबूत हुई है। विधायक की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर हर वर्ग के लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। दोरजे लारजे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पर लगाए गए पूर्व मंत्री के आरोप महज राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि आप पार्टी से चुनाव लड़ने वाले सुदर्शन जस्पा के आरोप भी बेबुनियाद है।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चमके डीएवी स्कूल मनाली के होनहार



राज्य स्तरीय बॉक्सिंग व कराटे प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी अध्यापकों के साथ।

**अनंत ज्ञान, मनाली**

डीएवी राष्ट्रीय खेलों का राज्य स्तर पर आयोजन 13 से 15 दिसंबर तक विभिन्न विद्यालयों में किया गया। इनमें बॉक्सिंग तथा कराटे प्रतियोगिता डीएवी शिमला लक्कड़ बाजार में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में डीएवी के छात्रों ने कराटे में अंडर-17 लड़कियों में सानिया,पाल्मो, अर्जुन ने स्वर्ण पदक हासिल किए। अंडर-14 लड़के अंशुल,अबी शर्मा, सिद्धांत ,सूर्यांशी ,चान्ये, शोर्या तथा प्रशांत ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। बॉक्सिंग में अंडर-17 में अनन्या तथा जतिन ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तरीय खेल में हिमाचल प्रदेश का नेतृत्व करने का अवसर हासिल किया।

वॉलीबाल में डीएवी मनाली की पूरी टीम राष्ट्रीय स्तरीय खेलों का नेतृत्व करने के लिए चयनित की गई है। डीएवी मनाली के प्रधानाचार्य आरएस राणा ने सभी विजयी छात्रों तथा उनके खेल अध्यापक को बधाई दी है।

## किसान विकास संगठन सदस्यों को दिया प्रशिक्षण

**कुल्लू।** कृषि विभाग द्वारा फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना जायजा के तहत कृषि प्रशिक्षण केंद्र बजौरा में किसान विकास संगठन प्रबंधन कमेटी के सदस्यों के लिए एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता परियोजना के जिला परियोजना प्रबंधक मंडी डॉ. बलबीर सिंह ठाकुर ने की। प्रशिक्षण में 45 सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. बलबीर सिंह ठाकुर ने कहा कि चुने हुए प्रतिनिधियों को अपनी जिम्मेदारी का अहसास होना अति आवश्यक है। उन्होंने किसान विकास संगठनों से अपील की कि वे बहाव सिंचाई योजना पूरी होने पर अपने खेतों में स्वदेशी और विदेशी सब्जियों को लगाएं, ताकि किसान अपने खेतों में फसल विविधीकरण से अपनी आय को दोगुनी किया जा सकें। प्रशिक्षण शिविर में डॉ. सोनल गुप्ता विषयवाद विशेषज्ञ जिला परियोजना प्रबंधन इकाई मंडी, डॉ. प्रदीप कुमार खंड परियोजना प्रबंधक कुल्लू, कृषि विशेषज्ञ डा. सुधीर, डॉ. सुरेंद्र बंसल, डॉ.सुभाष कुमार, डॉ.आरके राणा, रुचिका डोगरा व जया उपस्थित रहे।

## रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर में सजी प्रदर्शनी

**पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर में देशभर के विख्यात 20 कलाकारों की इनसाइट आर्ट ग्रुप की ओर से दिल्ली के सिकंदर जांगड़ा की क्यूरेटरशिप में कला प्रदर्शनी का आगाज किया गया। इसका उद्घाटन रौरिक ट्रस्ट के भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा और रशियन क्यूरेटर सहायक वैलेंनटीना विनोग्राडोवा के कर कमलों द्वारा किया गया। मंगलवार को चित्रकला प्रदर्शनी में शिरकत कर रहे मुख्यातिथि एवं विशेष अतिथियों ने इस अवसर पर सभी कलाकार मेहमानों का स्वागत करते हुए कलाकारों की कार्यक्षमता की सराहना की साथ ही निकट भविष्य में भी ट्रस्ट के साथ सहयोग की कलाकारों से अपील की। प्रदर्शनी में दुबई से आए करण जांगड़ा, दिल्ली के इंस्टीच्यूट ऑफ विजुअल आर्ट से डिंपल शर्मा, मीनाक्षी त्रिपाठी, उमेश कुमार, ऐल्फी कुमार, मोहित कुमार, मनीश कुमार वर्मा, रीतु मन चंदा, गोल्डी, प्रतिष्ठा राठौर, निशा तनवर, गौरव, हिमांशु, देव कुमार, इशिका राजपूत, नोएडा से निशिता बडेरिया, राजस्थान से नवनीत, गुरुग्राम से दीपांशु वर्मा, उत्तर प्रदेश से रत्ना शर्मा, महाराष्ट्र के नागपुर से राजेश बंसोद, गुरुग्राम से अफसाना खान के चित्र प्रदर्शन के लिए रखे गए हैं। इस अवसर पर वैंलेनटीना विनोग्राडोवा, अमरजीत, सुरेंद्र मोहन, राम लाल, नीरत राम, झाबे राम, मालतू देवी, संजय दत्त, पिंगला देवी, सभी चित्रकार मौजूद रहे।

**पर्यटन** क्रिसमस से पहले ही बढ़ी सैलानियों की आमद

# ब्यास की ठंडी धाराओं में राफ्टिंग का रोमांच

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

पर्यटन नगरी कुल्लू-मनाली के विभिन्न पर्यटन स्थलों में क्रिसमस व नए साल से पहले ही सैलानियों की आमद बढ़ गई है। सैलानी जहां अटल टनल रोहतांग का दीदार करना नहीं भूल रहे हैं वहीं, राफ्टिंग व पैराग्लाइडिंग सहित अन्य साहसिक गतिविधियों का रोमांच भी सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

हालांकि इस बार अभी तक सोलंगनाला में बर्फ न होने के कारण सैलानी सिस्सू व कोकसर में बर्फ के बीच अठखेलियां कर रहे हैं वहीं, ब्यास की ठंडी धाराओं में राफ्टिंग और पैराग्लाइडिंग को अधिक तवज्जो दे रहे हैं। इन दिनों रायसन से बबेली, बबेली से बाशिंग और पिरड़ी से बजौरा तक ब्यास की ठंडी धाराओं में राफ्टिंग करने का आनंद ले रहे हैं। इससे राफ्टिंग के ठंडे कारोबार में भी अब धीरे-धीरे गर्माहट आने लगी है और पर्यटन कारोबार को अब गति मिलनी शुरू हो गई है। राफ्टिंग काउंटर में भी खूब भीड़ जुट रही है, इससे मंदे पड़े इस कारोबार से जुड़े युवाओं ने भी राहत की सांस ली है।

मंगलवार को सैलानियों ने बाशिंग में ब्यास नदी में राफ्टिंग का लुत्फ उठाया। दिल्ली, मुंबई, हरियाणा व गुजरात सहित अन्य विभिन्न राज्यों के सैलानी रोजाना कुल्लू-मनाली पहुंच रहे हैं और यहां पर अटल रोहतांग टनल का दीदार करने के साथ ही सैलानी सोलंगनाला में साहसिक गतिविधियों का लुत्फ उठा रहे हैं। इसके साथ ही कुल्लू से लेकर मनाली तक विभिन्न स्थानों पर पैराग्लाइडिंग व राफ्टिंग भी कर रहे हैं। सैलानी मुंबई के रोहन, पार्थ व हरियाणा के अक्षित, राजवीर सिंह, मोनिका सिंह सहित अन्य ने बताया कि पिछले तीन चार दिनों से वह कसोल व मनाली के विभिन्न पर्यटन स्थलों का सैर सपाटा कर रहे हैं। सिस्सू व कोकसर में जहां बर्फ में खूब मस्ती की वहीं, ब्यास नदी में राफ्टिंग के रोमांच का भी एक नया अनुभव रहा है। उधर, रिवर राफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जगरूप नेगी व पैराग्लाइडिंग कारोबार से जुड़े युवा संजय, हरि, नवीन सहित अन्य का कहना है कि इस बार कारोबार बेहतर होने की उम्मीद है। (अनंत ज्ञान)



ब्यास की धाराओं में राफ्टिंग करते सैलानी।

**साहसिक गतिविधियों का रोमांच सैलानियों को कर रहा है आकर्षित**

जिला के पर्यटन स्थलों में राफ्टिंग सहित अन्य साहसिक गतिविधियों का सैलानी लुत्फ उठा रहे हैं। सैलानियों की सुरक्षा के तहत विभाग की ओर से राफ्ट व अन्य उपकरणों की जांच के अलावा समय-समय पर साहसिक गतिविधियों से जुड़े युवाओं को प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

**-सुनैना शर्मा, जिला पर्यटन अधिकारी, कुल्लू।**

## बधाइयां



मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का प्रकाशन आरंभ हो रहा है, जिसके लिए मैं अनंत ज्ञान की पूरी टीम को बधाई देता हूं। कामना करता हूं कि यह समाचार पत्र उन्नति करे।

**-वीरेंद्र भट्ट, महापौर, नगर निगम मंडी।**



हिमाचल की धरा से एक नया दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का प्रकाशन शुरू हुआ है। मुझे विश्वास है कि यह समाचार पत्र प्रदेश के मीडिया जगत में नए आयाम स्थापित करेगा। मैं संपूर्ण अनंत ज्ञान टीम को बधाई देती हूं।

**-माधुरी कपूर, उपमहापौर, नगर निगम मंडी।**

## हर हाथ अनंत ज्ञान



जोनल हॉस्पिटल मंडी के पास अनंत ज्ञान दैनिक अखबार पढ़ते इंटैक के सह संयोजक अनिल शर्मा।



उपमंडल सुंदरनगर में दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते अधिवक्ता।



मेरे अपने संस्था के प्रमुख विनोद बहल अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



बालीचौकी पंचायत समिति सदस्य संजीव शर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



जोगिंद्रनगर के एसडीएम कार्यालय के बाहर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते कर्मचारी।



संयुक्त कार्यालय भवन बालीचौकी में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते लोग।



एडीसी मंडी निवेदिता नेगी अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ती हुई।



एसपी मंडी सागर चंद्र अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।



उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी को अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र देते हुए वरिष्ठ संवाददाता भगत सिंह गुलेरिया।



डिप्टी डायरेक्टर सूचना एवं जन संपर्क विभाग मंडी मंजुला कुमारी अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ती हुई।



डीपीआरओ मंडी सचिन संगर अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।



मुख्य डाकपाल चमन कुमार को अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र भेंट करते हुए।



प्रेस क्लब मंडी के प्रधान व प्रसिद्ध साहित्यकार मुरारी शर्मा दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का अवलोकन करते हुए।

# सफेद हाथी बना स्वास्थ्य विभाग का करोड़ों का भवन

## बालीचौकी में लोगों को नहीं मिल रहा लाभ, पूर्व सरकार के समय हुआ था निर्माण

**नूतन प्रकाश ठाकुर, बालीचौकी**

उपमंडल मुख्यालय बालीचौकी में करोड़ों की लागत से बना स्वास्थ्य विभाग का नवनिर्मित भवन सरकार की लापरवाही के चलते सफेद हाथी बन गया है।

पूर्व की भाजपा सरकार के अंतिम साल में निर्मित किए इस भवन का निर्माण सिविल अस्पताल की तर्ज पर किया गया था और पूर्व सरकार ने इसी के चलते बालीचौकी के सामुदायिक अस्पताल का दर्जा बढ़ा कर सिविल अस्पताल कर दिया था। दर्जा बढ़ने के परिणामस्वरूप स्थानीय लोगों को उम्मीद थी कि अब उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेगी। वर्ष 2023 में सत्ता परिवर्तन के साथ ही न केवल सिविल अस्पताल का दर्जा घटाया गया बल्कि अब विभाग की करोड़ों की बिल्डिंग धूल फांक रही है।

स्थानीय निवासी एवं पंचायत सराज व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष ठाकुर सिंह, पंचायत समिति सदस्य संजीव शर्मा और भाजपा ओबीसी मोर्चा के अध्यक्ष वीर सिंह भारद्वाज ने बताया कि बड़ा स्वास्थ्य संस्थान न होने के कारण आज भी लोगों को मंडी और कुल्लू स्थित स्वास्थ्य संस्थानों पर निर्भर रहना पड़ता है। ध्यान रहे की बालीचौकी के इस स्वास्थ्य संस्थान से उपमंडल की तीन दर्जन पंचायतों के अलावा बंजार की छह पंचायतें भी लाभान्वित होती हैं। (अनंत ज्ञान)

### सिविल अस्पताल का दर्जा हो बहाल



व्यापार मंडल बालीचौकी के अध्यक्ष यशवंत शर्मा, जोगिंद्र शर्मा, प्रेम ठाकुर, बालीचौकी पंचायत के प्रधान दिले राम ठाकुर, मंगलोर पंचायत के प्रधान प्रशांत ठाकुर व लवली ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से आग्रह किया है कि जनहित में पूर्व सरकार द्वारा बालीचौकी में घोषित सिविल अस्पताल व खंड चिकित्साधिकारी कार्यालय का दर्जा बहाल किया जाए। दूसरी ओर नौजवान सभा के नेता महेंद्र राणा ने सिविल अस्पताल की मांग को लेकर आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है, वहीं सराज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कांग्रेस विचार विभाग के चेयरमैन विजय पाल सिंह ने बताया कि लोगों की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को वे शीघ्र ही अवगत करवाएंगे।

# बागवानी क्षेत्र के लिए उचित बजट की व्यवस्था की जाए



पंजाई में आयोजित सम्मेलन के दौरान मौजूद सेब उत्पादक संघ के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

सेब उत्पादक संघ बालीचौकी ब्लॉक का सम्मेलन मंगलवार को पंजाई में संपन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन किसान सभा पूर्व राज्य सचिव डॉक्टर ओंकार शाद ने किया।

उन्होंने कहा कि 1990 के दशक के बाद सरकार की नीतियों के चलते लगातार सेब की खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है। सेब में लागत बहुत ज्यादा है और बदले में किसानों को दाम बहुत कम मिल रहे हैं, जिसकी वजह से लाखों बागवान और किसान आत्महत्या करने पर मजबूर है।

सेब उत्पादक संघ ने सरकार से यह मांग की है कि बागवानी क्षेत्र में उचित बजट की व्यवस्था करें और दवाइयां, खाद को टेस्ट करते हुए बागवानों को दिया जाए। सम्मेलन के अंत में 11 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। इसमें ओम चंद को अध्यक्ष, यदुनंदन राय को सचिव, खेम सिंह और घनश्याम शर्मा को उपाध्यक्ष, ओम प्रकाश और अनूप चंद को सहसचिव बनाया गया।

# एफपीओ ने तैयार किया 15 क्विंटल कोदरे का आटा

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**

धर्मपुर किसान उत्पादक सहकारी सभा-एफपीओ राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम शिमला द्वारा गत वर्ष गठित व वित्तपोषित किया जा रहा है। उसने हल्दी, मोटे अनाज और मौसमी फलों के बारे किसानों को जागरूक करना शुरू कर दिया है। यही नहीं उनके उत्पाद बिक्री में भी मदद की जा रही है।

वर्तमान सीजन में कोदरे का आटा, लड्डू, चाय इत्यादि उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवा रहा है। एफपीओ ने इस सीजन में 15 क्विंटल कोदरा किसानों से क्रय करके उसकी प्रोसेसिंग करके आटा बिक्री के लिए तैयार किया है। प्रोसेसिंग के लिए मिक्सी का प्रयोग किया जा रहा है और यह कार्य एफपीओ से जुड़े जय माता कंचना माता महिला समूह घरवासडा द्वारा किया जा रहा है।

एफ पीओ आटा उपभोक्ताओं को 150 रुपए किलो की दर से आजकल बिक्री कर रहा है। इसके अलावा किसानों को खाद, बीज, कृषि उपकरण इत्यादि भी उपलब्ध कराने का कार्य शुरू किया है।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि इस सहकारी समिति की सदस्यता सभी तहसीलों और पंचायतों में आजकल की जा रही है और उसके लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है और 31 दिसंबर तक पांच सौ सदस्य भर्ती करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

भूपेंद्र सिंह ने बताया कि जल्दी ही आजीविका मिशन के तहत गठित महिला समूहों को भी इस एफपीओ का सदस्य बनाने के लिए बैठक आयोजित की जाएगी और उनकी आय बढ़ाने के लिए भी यह एफपीओ मदद करेगा। एफपीओ प्रबंधक मंडल से इसके लिए राष्ट्रीय सहकार विकास निगम शिमला के क्षेत्रीय निदेशक राकेश वर्मा का विशेष तौर पर धन्यवाद किया है जिनके निरंतर मार्गदर्शन और सहयोग से यह कार्य सुचारु रूप में शुरू हो पाया है।

# पूर्व सैनिक लीग पर अधिकारी वर्ग का कब्जा

**मंडी।** पूर्व सैनिक लीग के चुनाव के परिणामों द्वारा एक बार फिर से अधिकारी वर्ग को ही मुख्य पदों पर चुना गया है जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि इन चुनावों में जेसीओ एवं ओआर ने एकता न दिखा करके अधिकारी वर्ग का ही साथ दिया है। यह बात संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) के प्रदेश अध्यक्ष सेवानिवृत्त कैप्टन जगदीश वर्मा ने कही। उन्होंने प्रधान के पद पर विजयी सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल वाईएस राणा व उनके अन्य सदस्यों को अपने संगठन की तरफ से बधाई दी। बताते चलें कि पूर्व सैनिक लीग के चुनावों में बैलट पेपर से चुनाव तो हुआ लेकिन वोट डालने वाले सभी डेलिगेट्स हाथ खड़े करके ही जीत कर आए थे तथा कुछ को तो अंत समय में बदल भी दिया गया था जो कि हाल ही में हुए चुनावों पर एक प्रश्न चिन्ह हमेशा लगा रहेगा।

# डबरोग पहुंची अक्षत कलश यात्रा

## नैना माता मंदिर कमेटी सदस्यों ने किया भव्य स्वागत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

विश्व हिंदू परिषद द्वारा अयोध्या से चली अक्षत कलश यात्रा का बुधवार को डबरोग में पहुंचने पर नैना माता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार शर्मा की अगुआई में भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद अक्षत कलश यात्रा को लोगों द्वारा शोभायात्रा निकाल कर सरकाघाट बाजार में स्थित शिव मंदिर में लाया गया। इस कलश यात्रा का उद्देश्य लोगों को 22 जनवरी को अयोध्या आने का प्रत्येक हिंदू परिवार को निमंत्रण देना है।

इस कलश यात्रा को सरकाघाट नगर के घर-घर पहुंचाया जाएगा। उसके बाद 22 जनवरी को सरकाघाट शहर में भी एक लाइव कार्यक्रम दिखाया जाएगा। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद जिला सरकाघाट के संयोजक प्रकाश ठाकुर नगर कार्यवाह अंकित सहकारी बाग कमलेश परवारी, पवन ठाकुर रूपलाल, महिला मंडल डबरोग, लाका, टटीह, बैहड, जमसाई के महिला मंडलों सहित सरकाघाट के लोग मौजूद रहे।



मंगलवार को कलश यात्रा का स्वागत करते श्रद्धालु।

### करसोग में पुष्प वर्षा से कलश यात्रा का स्वागत

**करसोग।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या से श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा निमित्त अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश भव्य शोभायात्रा करसोग में निकाली गई। यात्रा के दौरान अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया। विहिप एवं राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के साथ अन्य संगठनों ने मंगलवार को कलश यात्रा का शुभारंभ किया। यात्रा में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। कलश यात्रा ममेल से करसोग बाजार, बरल होते हुए श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर पुराना बाजार पहुंची। यात्रा संयोजक पवन शर्मा व तनुज शर्मा ने बताया श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति करसोग 22 जनवरी को नगर के हर ग्राम मोहल्ले के मंदिरों में 11 से एक बजे तक रामनाम का जप भी किया जाएगा।

# पिंगला में ईवीएम की जानकारी दी

**सरकाघाट।** एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान को शत प्रतिशत बनाने, अधिक से अधिक मतदाताओं को अपने मत के महत्व और ईवीएम संचालन की विधि के बारे जागरूक करने लिए उपमंडल में ईवीएम अवेयरनेस टीम के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकाघाट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्र पिंगला, बंदरोपा और थौना के मतदाताओं को मंगलवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला पिंगला, बंदरोपा और थौना में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें लोगों को ईवीएम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा उन्हें वोटिंग करने का अभ्यास भी करवाया गया। अवेयरनैस टीम ने नागरिकों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व के बारे में मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान में उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी से अवगत करवाया।

# मंडी में दवा प्रतिनिधि मांगों को लेकर आज करेंगे हड़ताल

## एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव जगदीश ठाकुर ने दी जानकारी




एसोसिएशन के पदाधिकारी पत्रकार वार्ता करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बैनर तले सैकड़ों दवा प्रतिनिधि अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर रहेंगे। मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव जगदीश ठाकुर ने बताया कि बुधवार को दवा प्रतिनिधि आठ सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल पर रहेंगे।

उन्होंने बताया कि आठ सूत्री मांग पत्र के अलावा हिमाचल के दवा प्रतिनिधियों की स्थानीय मांगें भी हैं, जिन्हें भी पूरा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने मांगों को गिनवाते हुए कहा कि केंद्र सरकार से सेल्स प्रोमोशन एम्पलॉई एक्ट की रक्षा, सेल्स प्रोमोशन कर्मचारियों की वैधानिक कार्य नियमावली, सरकारी अस्पतालों व बड़े संस्थानों से दवा प्रतिनिधियों के कार्य करने की रोक को हटाना, सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के साथ जीवन रक्षक दवाएं निशुल्क देना, दवा प्रतिनिधियों के डाटा को व्यक्तिगत रखना शामिल है।

वहीं सेल्स उत्पीड़न के नाम पर दवा प्रतिनिधियों का उत्पीड़न बंद करना, दवा प्रतिनिधियों का भी आठ घंटे कार्य समय व न्यूनतम वेतन 25 हजार, दवा उद्योग से एसोसिएशन की मांग है। इस मौके पर एसोसिएशन के इकाई अध्यक्ष एसपी राणा व इकाई सचिव गौतम ठाकुर भी मौजूद रहे।



मंडी शहर के सेरी मंच पर दो सहेलियां गीता और सोनिया अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ती हुई।



गुनगुनी धूप का आनंद लेते और अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते लोग।



मंडी में राजमहल के मुख्य द्वार पर कांग्रेस के मीडिया पैनलिस्ट एडवोकेट आकाश शर्मा अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।



पूर्व मुख्यमंत्री के मीडिया को-ऑर्डिनेटर पुरुषोत्तम शर्मा दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का अवलोकन करते हुए।

**समस्या** रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली, धूल फांक रही तीन मशीनें

# मंडी अस्पताल में नहीं हो रहे अल्ट्रासाउंड

**पुष्पराज, मंडी**

जोनल अस्पताल मंडी में रेडियोलॉजिस्ट न होने से अल्ट्रासाउंड नहीं हो रहे हैं। बता दें कि तीन महीने बाद जुलाई माह में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती हुई थी, लेकिन वह भी अब हमीरपुर ट्रांसफर कर दिया है। लोगों ने कहा कि उन्हें अल्ट्रासाउंड के लिए तारीख दी गई थी, लेकिन जब अल्ट्रासाउंड करवाने पहुंचे, तो रेडियोलॉजिस्ट पिछले कुछ दिन से छुट्टी पर थे।

बरोट वैली से अपनी पत्नी के साथ आए रोशन लाल ने बताया कि उन्हें 18 दिसंबर को अल्ट्रासाउंड के लिए बुलाया गया था, लेकिन जब अस्पताल पहुंचे, तो पता चला कि डॉक्टर नहीं है, उनका तबादला हो गया है।

उन्होंने बताया कि निजी क्षेत्र में अल्ट्रासाउंड के लिए डेढ़ हजार रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं और मंडी आने के लिए 600 रुपए का अलग से खर्च आता है। यदि बाहर ही अल्ट्रासाउंड करवाना है, तो तारीख ही न देते, ताकि मजदू की दिहाड़ी न टूटती। (अनंत ज्ञान)




जोनल अस्पताल मंडी में दीवार पर चिपकाए गए पोस्टर।

### उच्च अधिकारियों को दी गई है सूचना



जोनल अस्पताल मंडी के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर डीएस वर्मा ने बताया कि रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर अर्चिता गुप्ता सीनियर रेजिडेंटशिप के लिए मेडिकल कॉलेज हमीरपुर चली गई है, जिसके बाद मंडी जोनल अस्पताल में कोई रेडियोलॉजिस्ट नहीं है। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों को इसकी सूचना दे दी गई है जैसे ही सरकार द्वारा रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति की जाएगी, तो लोगों को सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी।

**एक साल में चार बार रहा रेडियोलॉजिस्ट का पद खाली**

### साल भर से हो रही है उठापठक

बता दें कि 31 मार्च को जोनल अस्पताल में तैनात रेडियोलॉजिस्ट ने इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद से यह पद तीन महीनों तक रिक्त रहा। तीन महीने के बाद जुलाई माह के आरंभ में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती की गई थी, लेकिन हाल ही में रेडियोलॉजिस्ट हमीरपुर ट्रांसफर हो गया है। अल्ट्रासाउंड न होने से तीन मशीनें धूल फांक रही हैं। वहीं अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए लोगों को मजबूरन निजी केंद्रों में 1500 रुपए का भुगतान करना पड़ रहा है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है।

### गागल में आपदा से बचाव के गुर सिखाए

**नेरचौक।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गागल में प्रधानाचार्य रमेश कुमार के नेतृत्व में एनडीआरएफ रीजनल सेंटर द्रंग की टीम ने एसआई सूरजमल जाट के नेतृत्व में आपदाओं के समय जान-माल की न्यूनतम क्षति सुनिश्चित करने के लिए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रैक्टिकल दिखाकर विस्तृत मार्गदर्शन किया। कांस्टेबल लखविंदर ने आपदा के समय हार्ट अटैक से बचाने, चोटग्रस्त के रक्त के प्रवाह को रोकने तथा अन्य हैंड इंजरी आदि चोटों में कारगर फर्स्ट एड देने की जानकारी प्रदान की। सूरजमल और लखविंदर सिंह ने आग लगने अथवा बाढ़ आने की स्थिति में बचाव के तरीकों को बताया। इस मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हेम सिंह भी मौजूद रहे।

### बांस से सामग्री बनाने का प्रशिक्षण ले रहीं महिलाएं

**मंडी।** उपमंडल बल्ह की पंचायत लोहारा में पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा महिलाओं को बांस के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निदेशक देवेंद्र कुमार और संकाय स्वाति शर्मा ने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर करने के लिए बांस से बनने वाले उत्पाद का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 13 दिन के इस प्रशिक्षण कार्यशाला में महिलाओं को बांस के तरह-तरह के उत्पाद बनाना सिखाया जाएगा। जिसमें फ्लावर पॉट, वॉल, चपाती बॉक्स के अलावा अन्य मनमोहक उत्पादन तैयार करना सिखाया जाऐगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं बांस के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण लेकर उन्हें बाजार में बेचकर अच्छी आय अर्जित कर सकती हैं। क्योंकि इस कार्य को कम लागत के साथ शुरू किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यशाला में महिलाओं को बैंक, मार्केटिंग, मैनेजमेंट और व्यापार से संबंधित जानकारी भी प्रदान की जा रही है।

# देहलां में स्वास्थ्य सेवाएं राम भरोसे, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर डेपुटेशन पर

अनंत ज्ञान, मैहतपुर

**व्यवस्था** परिवर्तन का नारा देकर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार के जिला ऊना की स्वास्थ्य सेवाएं लगभग नगण्य हो गई हैं। जिला ऊना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देहलां में पिछले दो माह से एक भी डॉक्टर नहीं है। सिर्फ एक दंत चिकित्सक के सहारे देहलां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है। इस केंद्र में तैनात डॉक्टर को डेपुटेशन पर अन्य स्टेशन पर भेज दिया गया है। इस केंद्र में तैनात फार्मासिस्ट सेवानिवृत्त होने को है। देहलां स्थित इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन का शिलान्यास वर्ष 2010 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव बिंदल ने किया था। इसके बाद वर्ष 2012 में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने इस भवन का उद्घाटन किया था। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का इतना बड़ा भवन में अब सिर्फ एक डॉक्टर के सहारे चल रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के सारे दावे देहलां स्थित प्राथमिक केंद्र को देखकर फुस्स होते नजर आ रहे हैं। देहलां गांव के पूर्व प्रधान देवेंद्र कौशल, निवासी शिव कुमार वत्स, शाम मुरारी, अविनाश मेनन, राजीव मेनन, सविता कौशल, सुपिंद्र कौशल, तनू कौशल, निक्की कौशल आदि ने कहा कि गांव में स्थापित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर न होने से हमें काफी परेशानी होती है। इस केंद्र में सिर्फ एक दंत चिकित्सक ही तैनात है। छोटी-मोटी बीमारी होने पर भी लोगों को दूरदराज की अस्पताल अथवा निजी क्लीनिकों में जाना पड़ता है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार से अस्पताल में स्थायी डॉक्टर की तैनाती की मांग की है।






जिला ऊना के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र देहलां में पिछले दो माह से एक भी डॉक्टर नहीं है। अस्पताल का बाहरी दृश्य और देहलां पीएचसी में बंद पड़ा मुख्य चिकित्सक का कमरा।

## प्रदेश की सबसे बड़ी पंचायत

**बता** दें इस प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को आसपास के करीब सात गांवों के लोगों को इसका सीधे तौर पर लाभ मिलता है। हैरत की बात यह है कि देहलां गांव प्रदेश की सबसे बड़ा है। इस गांव में दो पंचायतें हैं। बावजूद इसके स्वास्थ्य सेवाएं इस गांव में न के बराबर हैं। इसके अलावा साथ लगते सात गांवों के लोगों को यह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सुलभ है, लेकिन इसमें डॉक्टर न होने से लोगों को प्राइवेट तथा अन्य जगहों पर जाने को मजबूर होना पड़ता है।

“ **कांग्रेस** पार्टी झूठ की बुनियाद पर सत्ता में आई है। लोगों को गुमराह करके सत्ता पर ज्यादा दिन तक नहीं रह सकती। जिला ऊना ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार के कार्यों से तंग आ चुकी है, जो गारंटियां जनता से कांग्रेस पार्टी ने सत्ता में आने के लिए की थी, वह एक भी पूरी नहीं हो पाई हैं। जिला ऊना में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। जिला स्तरीय अस्पताल में डॉक्टर आपस में ही झगड़ रहे हैं। इससे साफ पता चलता है कि प्रदेश सरकार की प्रशासनिक अधिकारियों पर पकड़ मजबूत नहीं है। लोगों की बुनियादी सुविधाओं को भी सुक्खू सरकार पूरा नहीं कर पा रही है।

**-सतपाल सिंह सत्ती, विधायक ऊना।**

“ **प्राथमिक** स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) देहलां में नियुक्त चिकित्सक को प्रतिनियुक्ति पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बसदेहड़ा भेजा गया है। जल्द ही उन्हें वापस पीएचसी देहलां में तैनात कर दिया जाएगा।

**-डॉ. एसके वर्मा, सीएमओ ऊना।**

## बधाइयां

“ **बहुत** हर्ष का विषय है कि दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र पाठकों के बीच आ चुका है। समाचार पत्र से जुड़े सभी साथियों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। आशा है कि यह समाचार पत्र लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरेगा। जन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाकर उन्हें हल करवाने का प्रयास इस समाचार पत्र की पहल में शामिल होगा। दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र लोकप्रियता के शिखर को छुए ऐसी कामना करता हूं।



**-सुभाष ऐरी, प्रधान मैहतपुर-बसदेहड़ा व्यापार मंडल।**

“ **देवभूमि** हिमाचल प्रदेश से नए प्रकाशित होने वाले दैनिक समाचार पत्र के लिए सभी को अनेक शुभकामनाएं। आशा करता हूं कि यह समाचार पत्र प्रकाशन के क्षेत्र में नया मुकाम हासिल करेगा। अनंत ज्ञान समाचार पत्र लोगों को सच दिखाने और सच छापने का प्रयास करेगा। सरकार की खामियों को उजागर करते हुए जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर स्थान देगा। लोगों की समस्याओं को समाचार पत्र के माध्यम से सरकार व जिला प्रशासन से हल करवाने का माध्यम बनेगा।



**-हरपाल सिंह गिल, अध्यक्ष भाजपा ऊना मंडल।**

“ नया समाचार पत्र शुरू होने पर अनंत ज्ञान टीम को अनंत कोटी साधुवाद है। दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र की सारी टीम को बहुत - बहुत बधाई और शुभकामनाएं। भारतीय संस्कृति को प्रमुखता से इस समाचार पत्र में स्थान मिलेगा, ऐसी कामना करता हूं। इसके साथ -साथ भारतीय ज्योतिष शास्त्र के प्रति पाठकों की रूचि को पैदा करने वाले लेख समाचार पत्र की प्रमुखता में शामिल हों। अनंत ज्ञान समाचार पत्र को नई पारी शुरू करने की कोटी-कोटी बधाई।



**- सत्यानंद पांडेय, ज्योतिषाचार्य।**

“ **अनंत** ज्ञान समाचार पत्र के प्रकाशित होने पर समूची टीम को बहुत बहुत बधाई। हिमाचल प्रदेश के व्यापारियों की समस्याओं को इस समाचार पत्र के माध्यम से हमें उचित स्पेस निरंतर मिलता रहेगा। मैं आशा करता हूं कि यह समाचार पत्र लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचे। प्रदेश के सभी व्यापारियों का हित इस अखबार के माध्यम से सुनिश्चित हो ऐसी मेरी कामना है एक बार पुनः अनंत ज्ञान समाचार पत्र को प्रकाशन पर बहुत-बहुत बधाई।



**सुमेश शर्मा, अध्यक्ष प्रदेश व्यापार मंडल**

यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र का प्रकाशन शुरू हो गया है। “ मोबाइल युग में समाचार पत्र लोगों को पढ़ाना अपने आप में एक चुनौती है। आशा करता हूं कि यह समाचार पत्र प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोगी साबित होगा। समाचार पत्र के प्रकाशन पर सभी प्रबंधकों तथा संपादकीय टीम को बधाई और शुभकामनाएं।



**-चैतन्य शर्मा, विधायक गगरेट।**

**मुझे** यह जानकार बहुत प्रसन्नता हुई है कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र का “ प्रकाशन शुरू हो गया है। इस समाचार पत्र की लोकप्रियता की कामना करती हूं। आशा करती हूं कि यह समाचार पत्र समाज में व्याप्त कमियों को दूर करने में सहायक सिद्ध होगा। लोगों की आवाज को प्रमुखता से उठाते हुए यह जिला प्रशासन तथा प्रदेश सरकार को सतर्क करेगा और सच्चाई को सामने लाकर कमियों को दूर करने में सहायक सिद्ध होगा। समाचार पत्र के प्रकाशन पर समूची टीम को शुभकामनाएं।



**-सीमा शर्मा, अध्यक्ष महिला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ऊना।**

## न्यूज ब्रीफ

### मिनी सचिवालय में ईवीएम पर की मॉक पॉल

**ऊना।** लोक सभा चुनाव - 2024 के मद्देनजर ऊना विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों के इस्तेमाल बारे लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान ने मिनी सचिवालय में स्थापित किए गए जागरूकता बूथ पर ईवीएम के माध्यम से अपना मॉक पोल करके लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। एसडीएम ने बताया कि लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत विस क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को डेमोंस्ट्रेशन वैन के माध्यम से भी जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह विशेष जागरूकता अभियान 30 जनवरी, 2024 तक चलाया जाएगा।

### मानसी का चयन अंडर -17 थ्रो बॉल टीम में

**चिंतपूर्णी।** जिला ऊना की चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के तहत पड़ते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा की छात्रा मानसी राणा का चयन अंडर -17 हिमाचल थ्रो बॉल टीम में हुआ है। अंडर -17 राष्ट्रीय स्तर में खेलने वाली मानसी राणा चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र की पहली छात्रा है। इसका श्रेय मानसी राणा ने अपने स्कूल के अध्यापकों और सभी डीपीई, पीईटी को दिया है। मानसी राणा 27 से 29 दिसंबर तक झारखंड के चांडिल में होने वाली राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता भाग लेगी। मानसी के पिता राकेश कुमार और माता सोनिया, दादी ईशरां देवी ने कहा कि बेटी की इस उपलब्धि का सारा श्रेय स्कूल के प्रधानाचार्य अविनाश चंद्र आनंद, कोच रजनीश ठाकुर, रजनी बाला को जाता है। चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू, जिला परिषद सदस्य निशा भुल्लर, बीडीसी सदस्य राजेंद्र ठाकुर, पंचायत प्रधान राकेश धीमान, उपप्रधान अशोक शर्मा, अशोक शर्मा, पूनम ठाकुर, सुखदेव शर्मा, सदा शिव ध्यूंसर महादेव मंदिर के चेयरमैन प्रवीण शर्मा, थ्रो बॉल एसोसिएशन अध्यक्ष अमन शर्मा, मुख्य संरक्षक अजय ठाकुर, महासचिव जोगिंद्र शर्मा, रेफरी यशवीर सिंह ने मानसी राणा का राष्ट्रीय थ्रो बॉल टीम में चयन होने पर बधाई दी।

### स्वर्ण जीतकर लौटे डीएवी के स्टूडेंट्स

**ऊना।** स्थानीय डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल के एथलीट खिलाड़ियों ने बिलासपुर में आयोजित एथलीट मीट प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल का खिताब अपने नाम किया। नव्या शर्मा ने अंडर-17 की 1500 मीटर व 400 मीटर दौड़ में स्वर्ण, रितिका ने 1500 मीटर में स्वर्ण, सौम्या ने 100 मीटर, 200 मीटर की अंडर -14 की दौड़ में स्वर्ण, वाणी ने शॉट पुट में स्वर्ण, कृष्णा ने 400 मीटर, 800 मीटर में रजत, अंकुश ने शॉट पुट में स्वर्ण हासिल किया। अंडर -17 की रिले दौड़ में रितिका, तनीषा, नितिमा व नव्या ने संयुक्त रूप से स्वर्ण हासिल कर गाजियाबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। अंडर -17 वर्ग में नव्या व अंडर -14 वर्ग में सौम्या को सर्वश्रेष्ठ धाविका घोषित किया गया।

# इंदिरा स्टेडियम के पास व्यक्ति से 21.96 ग्राम चरस बरामद

अनंत ज्ञान, ऊना

मुख्यालय पर इंदिरा स्टेडियम के पास सदर पुलिस ने एक व्यक्ति से 21.96 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी कृष्ण गोपाल निवासी विकासनगर ऊना को गिरफ्तार करके मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सदर पुलिस ने सोमवार रात गश्त के दौरान इंदिरा स्टेडियम के पास एक व्यक्ति की संदेह के आधार पर तलाशी ली तो 21.96 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस ने आरोपी कृष्ण गोपाल सैनी को गिरफ्तार करके मामला दर्ज किया है। इससे पहले हरोली पुलिस ने सोमवार रात नंगल कलां गांव में स्कूटी से 205 ग्राम चरस बरामद की थी। पुलिस ने नंगल कलां गांव में नाकाबंदी के दौरान स्कूटी (एचपी



20एफ-1067) की डिग्गी से 205 ग्राम चरस बरामद की थी। पुलिस ने आरोपी स्कूटी चालक अनिल शर्मा को गिरफ्तार करके मामला दर्ज किया है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि सदर पुलिस ने ऊना में एक व्यक्ति से 21.96 ग्राम चरस बरामद की है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मादक द्रव्य अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## वनखंडी में 4.52 ग्राम चिट्टा बरामद, दो लोग गिरफ्तार

**हरोली।** हरोली पुलिस ने वनखंडी में ऊना-होशियारपुर मार्ग पर एक गाड़ी की तलाशी लेने पर 4.52 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने इस संबंध में कार में सवार अंकुश शर्मा निवासी पट्टा, तहसील बड़सर व अजय शर्मा निवासी हारवां, तहसील बड़सर जिला हमीरपुर को गिरफ्तार करके मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार सोमवार देर रात हरोली पुलिस ने सोमवार रात गश्त के दौरान बनखंडी, ऊना-होशियारपुर मार्ग पर सुनसान जगह पर कार (एचपी 21 ए-4295) को खड़ी हुई देखा। पुलिस टीम को कार के समीप आता देख एक युवक पहाड़ी की तरफ से दौड़ता हुआ आया और व कार में बैठकर खिड़की दरवाजा बंद कर लिया। हरोली पुलिस को युवक की हरकतें देखकर संदेह हुआ और कार के दस्तावेज मांगने पर कार चालक आनाकानी करने लगा। जिस पर पुलिस ने कार की गहनता से तलाशी ली। तो कार की अगली सीट के आगे फुट-मैट के नीचे से एक पॉलीथिन पाउच में रखा 4.52 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। पुलिस ने कार में सवार दोनों आरोपियों अंकुश शर्मा व अजय शर्मा को गिरफ्तार करके मामला दर्ज किया है।

## सराय में दुकान से शराब की 23 बोतलों सहित एक धरा

**बंगाणा।** बंगाणा पुलिस ने सराय गांव में एक दुकान में दबिश देकर शराब की 23 बोतलें बरामद की हैं। पुलिस ने इस संबंध में आरोपी दुकानदार दिनेश कुमार निवासी धुंधला के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बंगाणा पुलिस ने सोमवार देर रात गश्त के दौरान सराय गांव में एक दुकान की तलाशी ली, तो दुकान में छिपाकर रखी हुई अंग्रेजी शराब की 14 तथा देसी शराब की नौ बोतलें बरामद की हैं। पुलिस ने दुकान के मालिक दिनेश कुमार निवासी धुंधला को हिरासत में लेकर मामला दर्ज कल लिया है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि बंगाणा पुलिस ने सराय गांव में एक दुकान से शराब की 23 बोतलें बरामद करके मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## हर हाथ अनंत ज्ञान




हिमाचल प्रदेश के प्रवेशद्वार मैहतपुर में दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र का पहला अंक पाकर हर्षित होते हुए स्थानीय लोग। स्थानीय दुकानदारों ने अनंत ज्ञान के पहले अंक पर समाचार पत्र की प्रबंधकीय, संपादकीय तथा अन्य टीम को शुभकामनाएं दी हैं।



दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का पहला अंक प्रसिद्ध धार्मिक स्थल माता जाल्पा देवी के चरणों में भेंट किया गया। मंदिर के पुजारी माता रानी के चरणों में प्रसाद के साथ दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र का पहला अंक दिखाते हुए।

## हिमाचल की जीत का क्रम जारी, तीसरे मैच में त्रिपुरा को किया पराजित

**ऊना।** दिल्ली में आयोजित अंडर-14 स्कूली हैंडबाल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम ने लगातार तीसरा मैच भी जीत लिया है। तीसरे मैच में हिमाचल प्रदेश की टीम ने त्रिपुरा को 21-9 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। हिमाचल टीम के खिलाड़ियों में प्रकुल, अर्पित, दक्ष, सक्षम, विशाल, लविश आर्यन, करमजीत, अरुण, गगनदीप कार्तिक और दिव्यांश आदि शामिल है। टीम के हेड राकेश सिंह ने बताया की खिलाड़ियों ने बहुत अच्छा प्रदर्शन करते हुए त्रिपुरा को हराकर शानदार जीत दर्ज की है। टीम हेड राकेश सिंह कोच विपिन, पंकज शर्मा मैनेजर, मैनेजर गर्ल्स कामना, गर्ल्स कोच स्नेह लता ने खिलाड़ियों को जीत के लिए बधाई दी है।

## पुलिस ने 163 वाहनों के चालान काटे

**ऊना।** जिला पुलिस ने अवैध खनन, सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान व यातायात नियमों की अवहेलना करने पर कार्रवाई की है। जिला पुलिस ने अवैध खनन करने वालों पर भी शिकंजा कसा है। जिला पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने पर 163 वाहनों के चालान किए हैं। जिसमें से एक वाहन का मौका पर ही निपटारा करके पांच सो रुपए जुर्माना वसूला है। जबकि अन्य 162 चालानों को आगामी कार्रवाई के लिए अदालत में भेज दिया है। वहीं सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर जिला पुलिस द्वारा धूम्रपान निषेध अधिनियम के अंतर्गत दो व्यक्तियों का चालान करके दो सो रुपए जुर्माना वसूला है। इसके अलावा पुलिस ने अवैध खनन करने पर एक ट्रैक्टर का चालान करके जुर्माने के रूप में पांच हजार रुपए प्राप्त किए हैं। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि ऊना जिला में आइटीएमएस लागू होने से बिगड़ैल वाहन चालकों पर शिकंजा कसा जा रहा है।

## रोड के बीचोंबीच रेहड़ी लगाने पर केस दर्ज

**गगरेट।** गगरेट पुलिस थाना के तहत पड़ते कलोह बैली चौक पर सड़क के बीचोंबीच रेहड़ी-फड़ी लगाकर सामान बेचने पर पुलिस ने रेहड़ी-फड़ी संचालक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी परमेश्वर दीन निवासी सरंगपुर, जिला हरदोई, उत्तर प्रदेश के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गगरेट पुलिस ने गश्त के दौरान देखा कि कलोह बैली चौक पर अंब की तरफ जाने वाली सड़क के दाईं तरफ सड़क एक व्यक्ति सड़क के बीचोंबीच समौसे, पकोड़े की रेहड़ी लगाकर सामान बेच रहा है। जिससे आम जनता को आने-जाने व यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही थी। इसके साथ-साथ वाहन चालको को भी परेशानियां हो रही थी। पुलिस ने रेहड़ी फड़ी संचालक परमेश्वर दीन का चालान काटकर कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि कलोह बैली चौक पर एक रेहड़ी संचालक के खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**शिकंजा** | क्षमता से अधिक सामग्री ले जाने पर पांच टिप्परों के हुए चालान

# डीआईजी अभिषेक दुल्लर ने सोमभद्रा नदी का किया औचक निरीक्षण

अनंत ज्ञान, गगरेट

**जिला** ऊना में खनन गतिविधियों पर शिकंजा कसने के लिए मंगलवार को औचक निरीक्षण पर आए पुलिस महानिरीक्षक उत्तर रेंज अभिषेक दुल्लर ने पांच टिप्परों के चालान कर एक लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूल किया है।

उन्होंने सोमभद्रा नदी का दौरा कर भी खनन गतिविधियों की जांच की। उन्होंने कहा कि अवैध खनन करने वालों के साथ पुलिस सख्ती से निपटेगी और गगरेट क्षेत्र के क्रशर यूनिट से सरकार के आगामी आदेश तक खनन सामग्री का पंजाब को निर्यात बंद रहेगा। पंजाब के साथ सटा जिला ऊना की सोमभद्रा नदी अरसे से खनन माफिया के निशाने पर रही है। बेशक सोमभद्रा नदी में खनन पर रोक लग जाए लेकिन खनन माफिया के लिए ये नदी सोने की खान से कम नहीं है। यहां रात के अंधेरे में धड़ाधड़ अवैध खनन कार्यों को अंजाम दिया जाता रहा है। यही वजह है कि पुलिस को भी कई बार अवैध खनन गतिविधियों को रोकने के लिए क्यूआरटी का गठन करना पड़ा तो डीजीपी संजय कुंडू को स्वयं धरातल पर उतर कर अवैध खनन गतिविधियों का जायजा लेना पड़ा था। अभी भी खनन माफिया के कृत्य बंद नहीं हुए हैं। जिसके चलते मंगलवार को पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी रेंज अभिषेक दुल्लर अचानक यहां पहुंचे तो पांच टिप्पर क्षमता से अधिक खनन सामग्री लेकर जाते उनकी रडार पर आ गए। उनके साथ निरीक्षण को निकले एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने तत्काल इन टिप्परों के चालान करवा एक लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूल किया। डीआईजी अभिषेक दुल्लर स्वयं सोमभद्रा नदी में अवैध खनन गतिविधियों की जानकारी जुटाने पहुंचे। उन्होंने जिला पुलिस कप्तान को भी अवैध खनन के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने के निर्देश दिए। डीआईजी अभिषेक दुल्लर ने बताया कि खनन गतिविधियों का जायजा लेने के लिए ही वह जिला ऊना के दौरे पर आए थे। इस दौरान पांच टिप्परों के चालान कर जुर्माना वसूला गया है। उन्होंने कहा कि गगरेट क्षेत्र के क्रशर यूनिट से पंजाब को खनन सामग्री का निर्यात सरकार के आगामी आदेश तक बंद रहेगा। इस पर भी पुलिस पैनी नजर रख रही है।

# द न्यू विशाल हिमाचल गुड्स सहकारी परिवहन सभा निलंबित

सन्नी पुरी, गगरेट

**ऑडिट तक सभा का कार्य सुचारु चलाने के लिए नियुक्त किया प्रशासक**

**जिला** ऊना की सबसे बड़ी परिवहन सहकारी सभा द न्यू विशाल हिमाचल गुड्स परिवहन सहकारी सभा गगरेट का विशाल आडिट पूरा होने के संयुक्त सचिव सहकारिता के आदेश पर सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं ऊना ने प्रबंधन समिति को निलंबित कर दिया है। गगरेट के ही एक व्यक्ति ने परिवहन सहकारी सभा में वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत की थी। सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं ने पंजीयक सहकारी सभाएं एवं सचिव सहकारी सभाएं को पत्र लिखकर उक्त सभा का विशेष आडिट करवाने की मांग की थी। जिस पर अतिरिक्त पंजीयक सहकारी सभाएं धर्मशाला को उक्त सभा का विशेष आडिट करने के लिए आदेश जारी हुए थे। सहकारी निरीक्षक उमेश कुमार व नरेंद्र पाल को विशेष आडिट का जिम्मा दिया गया है। अब संयुक्त सचिव सहकारी सभाएं के आदेश पर सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं ऊना ने सहकारी अधिनियम 1968 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विशेष आडिट पूरा हो जाने तक सभा की प्रबंधन समिति को निलंबित कर दिया गया है, जबकि जिला निरीक्षक संदेश बाला को सभा का कार्य सुचारू चलाने के लिए प्रशासक नियुक्त किया गया है। सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं राकेश कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ने का लुत्फ उठाते अरविंद शर्मा। उन्होंने अनंत ज्ञान की टीम को बधाई दी और कहा कि कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां से समाचार पत्र का प्रकाशन गर्व की बात है।



मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र को पढ़ते अनिल कुमार।



एचआरटीसी चालक पवन ठाकुर दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए उन्होंने बहुत-बहुत बधाई दी और कहा यह अखबार हमें देश-विदेश की खबरों से जागरूक करेगी।



सुजानपुर में दुकान पर बैठे एक बुजुर्ग अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



हमीरपुर शहर में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते पाठक।



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम प्रकाशन पर हिमाचल की समस्त जनता को हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि अनंत ज्ञान शीघ्र ही जनता के दिलों में राज करेगा।

- राजेश कुमार, बीडीसी उपाध्यक्ष सुजानपुर



अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र के प्रथम प्रकाशन पर हिमाचल की समस्त जनता को हार्दिक शुभकामनाएं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि अनंत ज्ञान शीघ्र ही जनता के दिलों में राज करेगा।

-विजय पाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष भाजपा

# जलशक्ति विभाग बनाएगा 15 कमरों का रेस्ट हाउस

## नादौन को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए सरकारी विभागों ने कवायद शुरू की

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

मुख्यमंत्री के गृह विधानसभा क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए सरकारी विभागों ने कवायद शुरू कर दी है। इसी कड़ी में नादौन शहर में जलशक्ति विभाग द्वारा छह करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से 15 कमरों का आलीशान रेस्ट हाउस बनाया जाएगा, जिससे अब नादौन में लोगों को ठहरने के लिए किसी तरह की परेशानी आने वाले वर्षों में नहीं झेलनी पड़ेगी। जलशक्ति विभाग की मानें तो अगले एक वर्ष में यह रेस्ट हाउस बनकर तैयार हो जाएगा। इसके लिए विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। जल्द ही साइट पर काम शुरू कर दिया जाएगा, ताकि रेस्ट हाउस जल्द से जल्द लोगों के सुपुर्द किया जा सके।

बता दें कि प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह क्षेत्र में प्रदेश सरकार ने जलशक्ति विभाग को एक रेस्ट हाउस सेक्शन किया है, ताकि अगर भविष्य में कोई वीआईपी मोमेंट नादौन क्षेत्र में होती है, तो वहां पर मुख्यमंत्री के अलावा स्टाफ के ठहरने की उचित व्यवस्था हो सके। इसी को ध्यान में रखते हुए जलशक्ति विभाग हमीरपुर नादौन क्षेत्र में छह करोड़ 90 लााख रुपए की लागत से 15 कमरों का भव्य रेस्ट हाउस का निर्माण करने जा रहा है। इस तरह का रेस्ट हाउस हमीरपुर ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में नहीं बना है और इस रेस्ट हाउस में हर सुविधा ठहरने वाले लोगों को मिलेगी क्योंकि इससे पहले नादौन में आने-जाने वालों को ठहरने के लिए कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता था,



फाइल फोटो

लेकिन इस रेस्ट हाउस के निर्माण से बाहर से आने वाले लोगों को ठहरने के लिए परेशानी नहीं होना पड़ेगा।

जलशक्ति विभाग ने रेस्ट हाउस की टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है और जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा, ताकि यह भव्य रेस्ट हाउस जल्द से जल्द लोगों के सुपुर्द किया जा सके। बताया जा रहा है कि नादौन क्षेत्र में जब मुख्यमंत्री की वीआईपी मोमेंट हुई थी, तो उस दौरान खुद मुख्यमंत्री ने भी रेस्ट हाउस की कमी महसूस की थी, क्योंकि स्टाफ को ठहरने के लिए जगह कम पड़ गई थी। उसी को ध्यान में देखते हुए प्रदेश सरकार ने नादौन शहर में भव्य रेस्ट हाउस बनाने का निर्णय लिया है। क्षेत्र के लोग भी नादौन में भव्य रेस्ट हाउस की घोषणा से गदगद हैं और इसके लिए मुख्यमंत्री का तहेदिल से आभार प्रकट कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)



**नादौन** शहर में ठहरने के लिए लोगों को आने वाले दिनों में कोई दिक्कतें नहीं झेलनी पड़ेगी क्योंकि नादौन शहर में जलशक्ति विभाग का 15 कमरों का भव्य रेस्ट हाउस बनाया जाएगा। जिस पर छह करोड़ 90 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी। रेस्ट हाउस बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया विभाग द्वारा पूरी कर ली गई है। जल्द ही रेस्ट हाउस बनाने का काम शुरू कर दिया जाएगा। एक वर्ष के अंदर रेस्ट हाउस बनकर तैयार हो जाएगा और जनता के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

-ई. नीरज भोगल, अधीक्षण अभियंता, जलशक्ति डिवीजन हमीरपुर

## जल शक्ति विभाग में होगी 4500 पदों पर भर्ती

**हमीरपुर।** जल शक्ति विभाग में नई भर्तियां नहीं होने से कामकाज पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है, लेकिन अब इस समस्या से निजात पाने के लिए जल शक्ति विभाग ने 4500 पदों को भरने का निर्णय लिया है, जिन्हें डिवीजन के हिसाब से भरा जाएगा। बता दें कि हर साल नई पेयजल व दूसरी स्कीमें जल शक्ति विभाग में बनती जा रही है और कर्मचारियों का टोटा बढ़ता जा रहा है। कुछ सालों से नई भर्तियां नहीं होने से समस्या बढ़ गई है। जल शक्ति विभाग हमीरपुर के एसई नीरज भोगल ने बताया कि जल शक्ति विभाग में 4500 विभिन्न पदों को भरने के लिए कवायद शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि रेगुलर कर्मचारी रिटायर्ड होने से समस्या बनी हुई थी जो कि अब नई भर्तियां होने से दूर होगी। जल शक्ति विभाग हमीरपुर के एसई नीरज भोगल ने बताया कि जल शक्ति विभाग में डिवीजन वाइज पदों को भरने के लिए सरकार के द्वारा कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग में अधिकतर कर्मचारियों के रिटायर्ड होने से पदों को भरा नहीं गया है, लेकिन अब 4500 विभिन्न पदों को भरने से कर्मचारियों की कमी पूरी होगी और इससे जल शक्ति विभाग का कामकाज भी सही ढंग से चलेगा।

**जल शक्ति विभाग में कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने से पद चल रहे खाली**

## शनिदेव मंदिर कमेटी ने लगाई कस्बा बड़ा में सोलर लाइट

**बड़ा।** नादौन के कस्बा बड़ा में शनिदेव मंदिर कमेटी द्वारा शनिदेव मंदिर की ओर जाने वाले रास्ते पर एक ओर सोलर लाइट लगाई गई, ताकि रात के अंधेरे में इस रास्ते पर आने जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। शनिदेव मंदिर कमेटी द्वारा किए गए इस परोपकार कार्य की क्षेत्र के वुद्धिजीवी वर्ग द्वारा काफी प्रशंसा की जा रही हैं। गौर हो कि इससे पूर्व भी एक अन्य सोलर लाइट इस गली में शनिदेव मंदिर कमेटी द्वारा लगभग दो महीने पहले लगाई थी। यही नहीं शनिदेव मंदिर तरफ जाने वाले रास्ते (गली) का भी लगभग दो वर्ष पहले क्षेत्र की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था सर्व समाज कल्याण सभा बड़ा एवम शनिदेव मंदिर कमेटी ने मिलकर निर्माण किया था जिसकी की हालत अति दयनीय थीं एवं रात के अंधेरे में लोगों को पैदल चलने में इस रास्ते पर भारी परेशानी होती थी। स्थानीय पंचायत से इस रास्ते को पक्का करने की कई बार मांग की गई, लेकिन उसके बावजूद लोगों की मांग पूरी नहीं हुई। अब एक बार फिर शनिदेव मंदिर कमेटी द्वारा इस रास्ते पर दूसरी सोलर लाइट लगाकर स्थानीय पंचायत को विकास के नाम पर जवाबदेही देने के लिए कटहरे में खड़ा कर दिया हैं।

## जरल में ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से करवाया अवगत




शिविर में मौजूद बैंक के अधिकारी और लोग।

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक चकमोह द्वारा नाबार्ड के सौजन्य से समैला पंचायत के जरल में वित्तीय साक्षरता, जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक राकेश कुमार ने बैंक द्वारा लोगों को दी जाने बाली सुविधाओं और भारत सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने लोगों को कृषि कार्यों और उत्पादों के लिए ऋण, हाउस लोन तथा बीमा उत्पादों के लिए सरकार द्वारा चलाई गई विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

स्थानीय लोगों को भारत सरकार द्वारा संचालित बीमा योजनाओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया। बिटिया साक्षरता शिविर में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

## सठवीं-दख्योडा सड़क दे रही हादसों को न्योता

**हमीरपुर।** उपमंडल बड़सर अंतर्गत आने वाली टिहरी सठवी सड़क की हालत खस्ता हो गई है। कई स्थानों पर सड़क मार्गों की हालत इतनी खराब है। कि उन्हें देखकर यह पहचान करना मुश्किल हो जाता है कि यह सड़क है या कोई खड्ड। स्थानीय लोग बार-बार विभाग से गुहार लगाकर थक चुके हैं,किस सड़क की हालत कई सालों से ऐसी है। इस सड़क का सुधार आज तक नहीं हो पाया है। लगता है, कि विभाग गहरी नींद में सोया है। स्थानीय पूर्व प्रधान पूनम कपिलेश का कहना है कि लोक निर्माण विभाग जल्दी से जल्दी इस सड़क की सुध ले, अन्यथा अगर कोई बड़ी दुर्घटना घटती है तो इसका जिम्मेदार विभाग होगा तथा हम लोग सड़कों पर धरना-प्रदर्शन करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। वहीं अधिशाषी अभियंता राजेंद्र कुमार जुगलानी का कहना है कि टेंडर प्रक्रिया जारी है। शीघ्र ही संपर्क सड़क मार्ग का काम अवार्ड करके इन्हें चकाचक कर दिया जाएगा।

## लखनऊ में होगी एथलीट मीट

**धनेटा।** गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ में हो रही नेशनल लेवल एथलीट मीट में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेरा के प्रिंसिपल बीएल कौशल ऑब्जर्वर के रूप में सारा कार्य देख रहे हैं, जो कि प्रदेश सहित जिला के लिए भी गर्व की बात है। कौशल ने जानकारी देते हुए बताया कि इन नेशनल एथलीट में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 12 लड़के और नौ लड़कियां भाग ले रहीं हैं। इसमें संजीव कौशल, अजय कुमार, वेंकटेश्वर, इकवाल कौर, संतोष, धीरज मेहता आदि भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

## हिम अकादमी की युगरत्ना का मार्शल आर्ट वुशू में चयन

**हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकास नगर की जमा दो की स्टूडेंट युगरत्ना ठाकुर का मार्शल आर्ट वुशू में खेलो इंडिया के लिए चयन हुआ है। मार्शल आर्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन दिखाते हुए युगरत्ना ने पटना में राष्ट्रीय स्तर पर पांचवां स्थान एवं बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। मार्शल आर्ट वुशू प्रतियोगिता 27 से 30 दिसंबर तक उत्तराखंड में आयोजित होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 30 तक बिजली के बिल जमा करवाएं उपभोक्ता

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के अंतर्गत विद्युत उपमंडल भोरंज के उपभोक्ताओं को अपने लंबित विद्युत बिल 30 दिसंबर 2023 तक जमा करवाने के निर्देश विभाग ने दिए हैं अन्यथा विद्युत कनेक्शन बिना पयरव सूचना के काट दिया जाएगा। उपभोक्ता अपने लंबित बिजली बिलों का भुगतान 30 दिसंबर तक जमा करवाएं। यह जानकारी विद्युत उपमंडल भोरंज के सहायक अभियंता अनुराग चंदेल ने दी।

### मझियार में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 21 को

**बड़ा।** उपमंडल नादौन के हाई स्कूल मझियार में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह 21 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। स्कूल के मुख्याध्यापक मुलखराज धीमान ने बताया कि इस वितरण समारोह में ग्राम पंचायत मझियार के प्रधान मान चंद डोगरा मुख्यातिथि के रूप में विशेष रूप से शिकरत करेंगे। समारोह में वर्ष में स्कूल की अन्य गतिविधियों एवं पढ़ाई में अब्बल रहे स्टूडेंट्स को विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा।

### एससी आयोग की हमीरपुर में बैठक आज

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की सदस्य डॉ. अंजू बाला 20 दिसंबर को सुबह 10 बजे यहां जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला के अधिकारियों के साथ बैठक करके अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगी तथा इस वर्ग से संबंधित अन्य मुद्दों पर चर्चा करेंगी। डीसी हेमराज बैरवा ने जानकारी देते हुए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित रिपोर्ट के साथ इस बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### 26 तक बंद रहेगी ककड़ियार-भारीं सड़क

**हमीरपुर।** जिला में ककड़ियार-भारीं-तरोपका सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य के चलते इस मार्ग पर यातायात 26 दिसंबर तक बंद कर दिया गया है। डीसी हेमराज बैरवा ने जानकारी देते हुए बताया कि ककड़ियार-भारीं-तरोपका सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 26 दिसंबर तक बंद की जा रही है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक बड़ू-ककड़ियार सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

## फसलों के बीमे के लिए अंतिम तिथियां निर्धारित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

बागवान विभाग ने मौसम आधारित फसल बीमा योजना के दायरे में लाई गई फसलों के बीमे के लिए अंतिम तिथियां भी निर्धारित कर दी हैं। आम की फसल का बीमा 20 दिसंबर तक किया जा सकता है। उद्यान विभाग के उपनिदेशक राजेश्वर परमार ने बताया कि आम की फसल का बीमा 20 दिसंबर तक किया जा सकता है।

बागवान को प्रति पौध 15 रुपए का प्रीमियम अदा करना होगा। इसकी एवज में प्रति पौध बीमित राशि 750 रुपए रहेगी। नींबू प्रजाति की फसलों का बीमा आठ से 14 फरवरी तक करवाया जा सकता है। इसके लिए भी प्रति पौधा 15 रुपए प्रीमियम निर्धारित किया गया है, जिसकी कुल बीमित राशि भी 750 रुपए रहेगी। अनार की फसल का बीमा 25 से 31 मार्च तक करवाया जा सकता है। इसके लिए प्रति पौधा 28 रुपए प्रीमियम निर्धारित किया गया है, जिसकी बीमित राशि 560 रुपए होगी।



उपनिदेशक ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान सामान्य मौसम में बदलाव आया है, जिससे बेमौसमी वर्षा, बाढ़, आंधी, तूफान और कई बार सूखे जैसी स्थिति उत्पन्न हुई है। इस वर्ष भी अप्रैल और मई महीनों में अधिक वर्षा होने से आम की 80 प्रतिशत फसल तबाह हो गई थी। जिला के बागवानों को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा था। ऐसी परिस्थितियों से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए बागवानों को अपने बागीचों का मौसम आधारित फसल बीमा योजना में पंजीकरण करवाना चाहिए। सरकार ने बीमे के लिए न्यूनतम प्रीमियम निर्धारित किया है। यह प्रीमियम अदा करके बागवान अपनी फसल का बीमा करवा सकते हैं।

## नवोदय विद्यालय की छठी की परीक्षा 20 जनवरी को

हमीरपुर। नवोदय विद्यालय डूंगरी में छठी कक्षा में प्रवेश 20 जनवरी को आयोजित की जाने वाली चयन परीक्षा के रोल नंबर सीबीएसई द्वारा जारी वेब लिंक से 20 दिसंबर से डाउनलोड किए जा सकते हैं। प्रधानाचार्य विक्रम कुमार ने दी।

## कांस्य पदक जीतने पर अभिषेक का बड़सर कॉलेज में स्वागत

**बिझड़ी।** एनएसयूआई की बड़सर इकाई के स्टूडेंट्स ने राजकीय महाविद्यालय बड़सर के अभिषेक को 1500 मीटर इंटर कॉलेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने पर महाविद्यालय में भव्य स्वागत किया। अभिषेक ने हाल ही में इंटर कॉलेज एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महाविद्यालय बड़सर की तरफ से हिस्सा लिया, जिसमें कांस्य पदक जीतने मैं कामयाब रहे। इसके साथ इन्होंने 800 मीटर प्रतियोगिता में भी भाग लिया था, जिसमें फाइनल में मांसपेशियों में खिंचाव आने के कारण वह मेडल महाविद्यालय के खाते में आते रह गया। एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक रूबल ठाकुर ने भी मौके पर पहुंच कर अभिषेक को बधाई दी। रूबल ने कहा कि अभिषेक बड़सर गांव का होनहार वासी है और काफी समय से मेहनत कर रहा है। इसी के साथ साथ महाविद्यालय के प्रवक्ताओं और स्टूडेंट्स ने भी अभिषेक को बधाई दी है।



कांस्य पदक जीतने पर अभिषेक के साथ शिक्षक व स्टूडेंट्स।

## केंद्रीय विद्यालय में संकुल स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिभागियों के साथ शिक्षक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

केंद्रीय विद्यालय नादौन में स्कूल स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बंगाणा संकुल के सभी छह विद्यालय (बंगाणा, नलेटी, सलोह, संधोल, हमीरपुर, नादौन) ने भाग लिया। यह प्रदर्शनी विज्ञान की पांच थीम स्वास्थ्य, पर्यावरण के लिए जीवन शैली, कृषि, संचार एवं परिवहन तथा संगणात्मक सोच पर आधारित थी। इस प्रदर्शनी में छह विद्यालयों के कुल 24 स्टूडेंट्स एवं छह अनुरक्षकों ने भाग लिया।

प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी स्टूडेंट्स एवं अनुरक्षक अध्यापकों की मेजबानी केंद्रीय विद्यालय नादौन द्वारा की गई। इस प्रदर्शनी में निर्णायक मंडल में कुल तीन विद्यालयों के निर्णायक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोल सप्पड़ से प्रीतम शर्मा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गौना करोर से यनिश कुमार, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (वाल) नादौन से सतीश शर्मा शामिल हुए। निर्णायक मंडल के सदस्यों को केंद्रीय विद्यालय नादौन के प्रिंसिपल एसडी लखनपाल द्वारा प्रशस्ति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

स्कूल प्रिंसिपल ने बताया कि ऐसी प्रदर्शनी से बच्चों की सृजनात्मकता में वृद्धि होती है तथा विज्ञान के क्षेत्र में नई अन्वेषणा हेतु प्रोत्साहित होते हैं। इस विज्ञान प्रदर्शनी में स्वास्थ्य पर आधारित थीम में प्रथम स्थान केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर से मिशेल, द्वितीय स्थान केंद्रीय विद्यालय संधोल से अवनीश तथा स्पर्श चौहान एवं तृतीय स्थान केंद्रीय विद्यालय नादौन से तन्वी ने प्राप्त किया। इस प्रदर्शनी में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी स्टूडेंट्स 22 दिसंबर को केंद्रीय विद्यालय क्रमांक दो अंबाला छावनी में आयोजित संभाग स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेंगे।

## टिप-टॉप होंगे शहर के सारे शौचालय

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर शहर के सौंदर्यीकरण को लेकर नगर परिषद की बैठक में मंगलवार को कई प्रस्ताव पारित किए गए। तकरीबन दो दर्जन से ज्यादा निर्माण कार्यों के इन प्रस्तावों का हुलिया देखकर तो लगता है यदि यह सारी योजनाएं सिरे चढ़ गईं तो हमीरपुर का पूरा शहर टिप-टॉप हो जाएगा। इस शहर की विडंबना यह रही है कि नगर परिषद की बैठकों में कई बार प्रस्ताव पारित किए जाते रहे हैं, मगर अमलीजामा पहनाने में अभी तक यह परिषद फिसड्डी साबित हुई है।

मनोज कुमार मिन्हास की अध्यक्षता में हुई बैठक में हरेक वार्ड के विकास कार्यों के साथ साथ शहर के सौंदीर्यकरण करने के भी प्रस्ताव पारित किए। उन्होंने बताया कि वार्ड सात, आठ, 10 व 11 में पीवीसी पाइप डालने, गांधी चौक व गांधी गेट का नवीनीकरण व डिजिटल लाइट लगवाने वारे, शहर के सभी पार्कों में वाल पेंटिंग, रिपेयर उनका नवीनीकरण रेन शेल्टर बनवाने वारे, वार्ड 8 के पार्क के साथ टायलेट व शेड बनवाने, वार्ड सात के पार्क में बच्चों को टेबल टेनिस पिच, जिम बनवाने आदि कई प्रस्ताव भी पारित हुए।



बैठक में मौजूद सदस्य ईओ अजमेर ठाकुर, अध्यक्ष मनोज मिन्हास व अन्य।

यही नहीं शहर में मीट मछली अलग से मार्केट बनवाने वारे, चौकों पर हाई मास्ट लाइट्स लगवाने, शहर के सभी शौचालयों का नवीनीकरण, ट्रक यूनियन में नगर परिषद की दुकानों की मरम्मत करने, वार्ड सात एनआईटी कॉलोनी के सामने नाले का चैनेलाइज करने के उपरान्त पार्क, मंदिर ब रेन बसेरा बनवाने, खाली जगह पर स्टोर/यार्ड व पार्किंग बनवाने, टाउन हाल में बैडमिंटन कोर्ट, स्टेज व छत की रिपेयर, रंग करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया है।

इसके अलावा वजूरी में नगर परिषद की खाली जगह पर ट्रिपल स्टोरी शोरूम व रेस्ट हाउस बनवाने, शहर के मुख्य चौराहों पर महाराणा प्रताप सिंह, रानी लक्ष्मीबाई और सुभाष चंद्र बोस के स्टेच्यू लगवाने, गांधी चौक से भौटा चौक आदि आर्नामेंट लाइट्स लगवाने आदि कई फैसले लिए गए। बैठक में उपाध्यक्ष संदीप कुमार, नीना चौधरी, राज कुमार, डिंपल बाला, राधा रानी, सुदेश आनंद, पुष्पा शर्मा, आदि मौजूद रहे।

**निर्देश** स्वास्थ्य सचिव ने मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य में देरी पर कंपनी को लगाई फटकार

## 31 जनवरी तक निर्माण कार्य पूरा करे कंस्ट्रक्शन कंपनी

**विक्रम ढटवालिया, रंगस (हमीरपुर)**

हमीरपुर जिला के जोल सप्पड़ में निर्माणाधीन राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज के नए परिसर के निर्माण कार्य में लगातार हो रही देरी पर स्वास्थ्य सचिव बेहद तल्ख दिखीं। उन्होंने निर्माण कार्य में लगी कंपनी के अधिकारियों को दो-टूक कह दिया है कि वह हर हाल में 31 जनवरी तक इसका निर्माण मुकम्मल करें। अब इसमें और देरी नहीं हो सकती।

सोमवार को देर शाम सूबे की स्वास्थ्य सचिव एम सुधा देवी ने धर्मशाला जाते हुए इस परिसर का औचक निरीक्षण किया। जिस पर उन्होंने वहां उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों से निर्माण कार्य की वास्तविक जानकारी ली। उन्होंने



अधिकारियों के साथ बैठक करती हुई स्वास्थ सचिव एम सुधा देवी।

मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य में लगी कंपनी को फटकार लगाई और साफ लहजे में कह दिया कि 31 जनवरी तक हर हाल में काम मुकम्मल करना होगा। हालांकि कंपनी के नुमाइंदों ने इस कार्य को मार्च तक पूरा करने की बात कह रहे थे। जिस पर स्वस्थ सचिव तलख दिखीं।

एम सुधा ने उन्हें फटकार लगाते हुए इसे नए साल के पहले माह के अंत तक पूरा करने की हिदायद दे डाली। उनके साथ वहां मौजूद जलशक्ति विभाग के जेई पंकज कुमार से पानी सप्लाई बारे जानकारी ली, तो उन्होंने कहा कि कुछ कार्य बचा है, जो कि 15 से 20 दिन में पूरा कर दिया जाएगा।

इस मौके पर स्वास्थ्य निदेशक डॉ. गोपाल बैरी, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रमेश भारती, सीएमओ डॉ. आरके अग्निहोत्री, मेडिकल कॉलेज के उपनिदशेक डॉ. जितेंद्र सांजटा, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन दीपक कपिल, एसडीओ देशराज भाटिया, जेई सुनील कुमार, आईपीएच से जेई पंकज कुमार, डीएफओ राकेश कुमार भी मौजूद रहे।

### एक सप्ताह में लगा दिया जाएगा मीटर

**बिजली** बोर्ड के एसडीओ ने कहा कि करीब एक सप्ताह में यहां मीटर लगा दिया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने पीडब्ल्यूडी, फॉरेस्ट सहित अन्य विभागों से भी निर्माण कार्यों बारे जानकारी दी। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के अकादमिक ब्लॉक का दौरा भी किया।

## बधाइयां



नगरोटा बगवां से शुरू होने जा रहे दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर बधाई।
**-प्रवेश चंदेल, प्रधानचार्य मिनिर्वा स्कूल घुमारवीं।**



हिमाचल से एक और दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू हो रहा है। मेरी ओर से बधाई।
**-राकेश चंदेल, प्रबंधक मिनर्वा स्टडी सर्किल।**



मुझे खुशी है कि नगरोटा बगवां से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू होने जा रहा है। अखबार के प्रकाशन पर मेरी ओर से अनेकों शुभकामनाएं।
**रीता सहगल, अध्यक्ष नगर परिषद घुमारवीं।**



नगरोटा बगवां से शुरू हो रहे दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान के प्रकाशन पर मेरी और मेरी टीम की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं
**-रजनीश मेहता प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रभारी जिला ऊना युवा कांग्रेस।**



मुझे नाम से ही पता चल रहा है कि दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र ज्ञान का भंडार होगा। मेरी तरफ से अनंत ज्ञान परिवार की पूरी टीम को हार्दिक शुभकामनाएं।
**-श्याम शर्मा, उपाध्यक्ष नगर परिषद घुमारवीं।**



मुझे खुशी है कि नगरोटा बगवां से दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान शुरू होने जा रहा है। अखबार के प्रकाशन पर मेरी ओर से अनेक शुभकामनाएं।
**-मुस्कान कुमारी, पूर्व चेयरमैन जिला परिषद सदस्य बरमाणा।**

## हर हाथ अनंत ज्ञान



जल शक्ति विभाग झंडूता के अधिशाषी अनंत ज्ञान दैनिक अखबार पढ़ते हुए।



मिनर्वा स्कूल घुमारवीं के संस्थापक प्रवेश चंदेल अनंत ज्ञान दैनिक अखबार पढ़ते हुए।



बिलासपुर शहर में सब्जी विक्रेता अनंत ज्ञान दैनिक अखबार पढ़ते हुए।



बिलासपुर बस अड्डे पर बस चालक अनंत ज्ञान दैनिक अखबार पढ़ते हुए।



गोबिंगसागर झील किनारे दो युवक अनंत ज्ञान दैनिक अखबार पढ़ते हुए।



झंडूता थाना प्रभारी झंडूता में अनंत ज्ञान दैनिक अखबार पढ़ते हुए।



शहर में भारी ठंड के चलते आग सेंकते हुए व्यक्ति अनंत ज्ञान दैनिक अखबार पढ़ते हुए।



झंडूता एसडीएम योगराज धीमान अनंत ज्ञान दैनिक अखबार पढ़ते हुए।



घुमारवीं में टैक्सी चालक अनंत ज्ञान दैनिक अखबार पढ़ते हुए।

## प्रशासन के द्वार अनंत ज्ञान







बिलासपुर जिले में अनंत ज्ञान दैनिक अखबार की लॉचिंग करते उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक सहित जिला प्रभारी शुभम राही। (मध्य) बिलासपुर जिले में अनंत ज्ञान दैनिक अखबार की लॉचिंग करते हुए एसपी डॉ. गोकुल कार्तिकेयन चंद्रन सहित जिला प्रभारी शुभम राही। (दाएं) बिलासपुर जिले में अनंत ज्ञान दैनिक अखबार की लॉचिंग करते सदर के एसडीएम आईएएस अभिषेक कुमार गर्ग सहित जिला प्रभारी शुभम राही।

# कल्लर गांव छह माह से सड़क सुविधा से महरूम

### गांव को जाने वाली सड़क बारिश से हुई आपदा में हो गई थी ध्वस्त

**अनंत ज्ञान, बरठीं**

विकास खंड झंडूता की पंचायत मलांगण का कल्लर गांव छह माह से सड़क सुविधा से महरूम है। गांव को जाने वाली सड़क बारिश में पूरी तरह ध्वस्त हो गई थी। सड़क नहीं होने से कल्लर गांव स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला के बच्चों को परेशान होना पड़ रहा है, साथ ही 40 परिवारों के खेतों तक ट्रैक्टर नहीं पहुंच पा रहा है। इस कारण खेतों में जुताई भी बिना ट्रैक्टर के ही करनी पड़ रही है।

पंचायत सदस्य दामोदरी देवी, स्कूल प्रबंधन समिति की प्रधान शालू कुमारी, ग्रामीण रणजीत सिंह, रामपाल, सोनू कुमार, सुरेश, राजेश, सरवन सिंह, सुखदेव, सुरजीत कुमार, राकेश और मक्खन सिंह सहित अन्य अभिभावकों ने बताया कि स्कूल और गांव तक जाने के लिए यह एकमात्र सड़क थी।



खराब सड़क की फाइल फोटो।

सरकार और संबंधित विभाग को कई बार सूचना दी गई, लेकिन हालत जस के तस बनी हुई है। भारी बारिश के कारण यह सड़क पूरी तरह से बंद हो चुकी है। इसको अभी तक बहाल नहीं किया गया है।

### सड़क का प्राकलन कर अधिकारियों को भेजा

बच्चों को स्कूल लाने और ले जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बच्चों के अभिभावकों और एसएमसी के सदस्यों ने सड़क को जल्द दुरुस्त करने की विभाग और सरकार से मांग की है। उधर, लोक निर्माण विभाग झंडूता के सहायक अभियंता सुरजीत कैंथ ने बताया कि सड़क का प्राकलन तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है। स्वीकृति मिलने पर सड़क का निर्माण कर दिया जाएगा।

## 350 उच्च विद्यालय बिना मुख्याध्यापकों के : रणौत

**दधोल चौक।** हिमाचल प्रदेश में इस समय लगभग 350 पद मुख्याध्यापकों के रिक्त चल रहे हैं। विभाग की ओर से जुलाई माह में मुख्याध्यापकों की एक पदोन्नति सूची निकाली गई थी, जिसके लिए संघ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद करता है। यह बात हिमाचल प्रदेश पदोन्नत स्कूल प्राध्यापक संघ के प्रदेश प्रधान यशपाल रणौत ने कही।

उन्होंने कहा कि संघ की हमेशा से यह मांग भी रही है कि किसी भी कैडर में जैसे ही पद रिक्त होता है, उसे तुरंत भरा जाना चाहिए या पदोन्नति सूचियां साल में दो बार निकलनी ही चाहिएं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पदोन्नत प्रवक्ता संघ मांग करता है कि मुख्याध्यापकों की पदोन्नति सूची दिसंबर माह से पहले पहले निकाल दी जाए, क्योंकि हर माह अनेक अध्यापक 20 से 25 वर्ष तक सेवा कर बिना पदोन्नति के ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि प्राध्यापकों व मुख्य अध्यापकों से प्रधानाचार्य के पदों पर पदोन्नति के लिए कोटे में कोई भी छेड़छाड़ न की जाए।

# घुमारवीं कॉलेज में एनडीआरएफ ने छात्रों को सिखाए सुरक्षा के गुर



एनडीआरएफ की 14वीं बटालियन जाच्छ जसूर के जवानों सहित गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में एनडीआरएफ की 14वीं बटालियन जाच्छ जसूर की ओर से विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों को हृदयघात, हड्डी टूटना, रक्त रिसाव, आग, बाढ़, पानी, सुरक्षा आपदा की स्थिति में किसी भी व्यक्ति तथा समुदाय का किस तरह उपचार करना है तथा विधि अपनाने बारे जागरूक किया।

एनडीआरएफ की ओर से इंस्पेक्टर अशोक नैने और सब इंस्पेक्टर अशोक कुमार रमोला तथा दस जवानों की ओर से बच्चों विशेष प्रशिक्षण तथा प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेश शर्मा ने जिलाधीश बिलासपुर, कमांडैंट होमगार्ड एनडीआरएफ की 14वीं बटालियन का इस प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए धन्यवाद किया।

इस अवसर पर प्रो. प्रीतम लाल, प्रो. सीता राम, महाविद्यालय आपदा प्रबंधन समिति के संयोजक प्रो. अनिल जम्वाल, डॉ. रिपन शर्मा, प्रीतम शर्मा अधीक्षक ग्रेड-एक, पट्टा पंचायत के प्रतिनिधि कर्मचारी तथा विद्यार्थी उपस्थित थे।

# 23 को होगा विभिन्न पदों के लिए कैंपस इटरव्यू का आयोजन : राजेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने बताया कि इवान सिक्योरिटी फंकशन्स प्राइवेट लिमिटेड, बिलासपुर की ओर से ट्रेनिंग सेंटर इंस्ट्रक्टर के तीन पदों एवं लैंग्वेज ट्रेनिंग टीचर इंग्लिश के तीन पदों, सिक्योरिटी गार्ड के 28 पदों के लिए 23 दिसंबर को 11 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन इवान सिक्योरिटी फंक्शन्स ट्रेनिंग सेंटर, नियर बहल ऑटो स्टोर, मनाली रोड बामटा चौक, बिलासपुर में किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि लैंग्वेज ट्रेनिंग टीचर इंग्लिश के पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एमए बीएड इंग्लिश तथा इंग्लिश स्पीकिंग में कुशलता होनी चाहिए। उम्मीदवार की आयु सीमा 18 से 35 वर्ष एवं पुरुष व महिला पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि मासिक मानदेय 10 हजार 500 रुपए दिया जाएगा।

### सिक्योरिटी गार्ड के पदों के लिए योग्यता दसवीं पास

ट्रेनिंग सेंटर इंस्ट्रक्टर के पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता फिजिकल एजुकेशन डिप्लोमा या डिग्री होना अनिवार्य है। भूतपूर्व सैनिक उमीदवार के लिए आयु सीमा 18 से 45 वर्ष एवं पुरुष उम्मीदवार ही पात्र होंगे तथा मासिक मानदेय 15 हजार दिया जाएगा। सिक्योरिटी गार्ड के पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास तथा आयु सीमा 20 से 36 वर्ष एवं पुरुष व महिला उम्मीदवार पात्र होंगे और मासिक मानदेय 12 हजार रुपए दिया जाएगा।

## पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

**श्री नयना देवी जी।** खंड स्रोत समन्वयक कार्यालय स्वारघाट में प्री-प्राइमरी कक्षाओं को पढ़ाने वाले शिक्षकों की पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का मंगलवार को समापन हो गया। डाइट जुखाला की ओर से आयोजित कार्यशाला में स्वारघाट और श्री नयना देवी जी शिक्षा खंड के 26 शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कार्यशाला में प्री-प्राइमरी शिक्षकों को खेल-खेल में बच्चों को पढ़ाने का प्रशिक्षण दिया गया। डाइट की ओर से जिला समन्वयक संजय शामा ने अध्यापकों से आग्रह किया कि वह अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में बच्चों को प्री-प्राइमरी कक्षाओं में भर्ती करवाने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर नरेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, सुरजीत कुमार, चंद्रशेखर, मजिंद्र सिंह, सोनिया और अन्य रिसोर्स पर्सन उपस्थित रहे।

# पेंशन की समस्या का हो स्थायी समाधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच ने पेंशन की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि परिवहन निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारी अपनी पारिवारिक जरूरतें पूरी करने तथा सामाजिक दायित्व निभाने के लिए पूरी तरह से पेंशन पर आश्रित हैं। उन्हें कई बार माह के अंत में जाकर पेंशन मिलती है। इससे उन्हें आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ती है। इस कारण पेंशन का भुगतान हर माह के प्रथम सप्ताह में सुनिश्चित किया जाए।

मंगलवार को परिवहन सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में एचआरटीसी कॉलोनी में मंदिर के प्रांगण में आयोजित बैठक में कई मसलों पर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि 2016 से नया वेतनमान दिया जा रहा है। एचआरटीसी के पेंशनर्स को इसका एरियर अभी तक भी नहीं मिल पाया है, जिसका भुगतान भी जल्द किया जाए। महंगाई भत्ता 46 फीसदी तक पहुंच चुका है, लेकिन उन्हें अभी भी 34 फीसदी ही मिल रहा है। इससे महंगाई के इस दौर में गुजर-बसर करना पेंशनर्स के लिए मुश्किल हो रहा है। लिहाजा महंगाई भत्ता बढ़ी हुई दरों के अनुरूप दिया जाए।



परिवहन सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण मंच ने बिलासपुर में बैठक का आयोजन किया।

उन्होंने कहा कि वे हर माह की 10 तारीख तक मेडिकल बिल भेज देते हैं, लेकिन कई बार तो एक साल के बाद इन बिलों की अदायगी होती है। इससे उन्हें दवाइयां खरीदने और इलाज करवाने तक के लाले पड़ जाते हैं। मेडिकल बिलों की अदायगी भी हर माह की जाए। बैठक में संगठन के महासचिव किशोरी लाल शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष श्याम लाल राणा, उपाध्यक्ष बाबू राम, केशव राम, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, सहसचिव पवन चंदेल, संगठन सचिव तोताराम तथा सदस्यों रामलाल ठाकुर, देशराज, शिव कुमार, बाबू राम शर्मा व जगदीश आदि ने भाग लिया।

# दिव्यांगों का कृत्रिम अंगों के लिए आकलन

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत दिव्यांगों को सहायक उपकरणों को वितरण के लिए परीक्षण शिविर का आयोजन जिला प्रशासन एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी बिलासपुर के सौजन्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झंडूता में किया गया। शिविर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग बिलासपुर, जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र बिलासपुर, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम ने सहयोग दिया।

इस अवसर पर विशेषज्ञों दौरा दिव्यांगता जांच, चयन, उपकरण तथा कृत्रिम अंगों के लिए नाप लिया गया। शिविर में प्रथम चरण में अंगों की पैमाइश, आकलन, एसेस्मेंट की गई। कृत्रिम अंग तैयार होने पर द्वितीय चरण में वितरित किए जाएंगे, जिसके लिए दिनांक व स्थान की सूचना अलग दी जाएगी। इस शिविर में 55 दिव्यांगों को कृत्रिम अंगों के लिए आकलन किया गया। इसमें उपकरण तथा कृत्रिम अंगों का नाप लिया गया। इस शिविर में 250 लोगों ने भाग लिया।



कृत्रिम अंगों के लिए दिव्यांगों की शिविर में जांच की गई।

इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रोमिला वसु शिविर में विशेष रूप से उपस्थित रही। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य प्रोमिला वसु, तहसील कल्याण आधिकारी कमल कांत, सचिव जिला रेडक्रॉस सोसायटी अमित कुमार, दिव्यांग संग प्रधान विनोद कुमार, सचिव रचना कुमारी, रेणु कुमारी, नोडल अधिकारी जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र अरुण गौतम, यशपाल आदि उपस्थित रहे।

## दिव्यांगों को जल्द मिलेंगे कृत्रिम अंग

**घुमारवीं।** जनरल इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के सीएसआर कार्यक्रम के तहत और जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सौजन्य से घुमारवीं में दिव्यांगो को सहायक उपकरणों को वितरण के लिए परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर में 300 लोगों ने भाग लिया।

शिविर मे विशेषज्ञों ने 75 दिव्यांगों का कृत्रिम अंगों के लिए आकलन कर उपकरण और कृत्रिम अंगों का नाप लिया। इसमें लोकोमोटर 4, हियरिंग इंपेयर्ड 28, कैलिपर 19, विजुअल इंपेयर्ड छह तथा 27 वाकिंग स्टिक, 18 व्हीलचेयर। कृत्रिम अंग तैयार होने पर द्वितीय चरण में वितरित किए जाएंगे। इसके लिए दिनांक और स्थान की सूचना अलग से दी जाएगी।

# सड़क नियमों का पालन करने वालों को दिए फूल, बताए यातायात नियम

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मजारी के गुरु तेग बहादुर साहिब सड़क सुरक्षा क्लब ने जागरूकता रैली निकली। विद्यार्थियों ने रैली के माध्यम से स्थानीय लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया। रैली विद्यालय के प्रांगण से गुरुद्वारा साहिब तक निकाली गई।

रैली में विद्यार्थियों ने जीवन को अगर बचाना है, तो हेल्मेट लगाना है, नशा करता है नाश और अन्य नारे लगाए। इसके बाद क्लब के विद्यार्थियों ने गुरुद्वारा साहिब चौक पर लगभग 35 मिनट तक सड़क नियमों का पालन न करने वाले वाहनों को रोका। विद्यार्थियों ने उन सभी को फूल देकर शीट बेल्ट, हेल्मेट, ओवर स्पीड के बारे में समझाया। सभी वाहन चालकों ने ध्यान से सभी की बातें सुनीं और इस गलती को जीवन भर नहीं दोहराने का वादा बच्चों से किया।

क्लब के सदस्यों नवजोत कौर, सिमरनजीत, मनप्रीत, हरप्रीत, जैस्मिन, हर्षप्रीत सिंह, नवजोत सिंह, जश्न कौर, सरबजीत कौर, युवराज सिंह, सुखप्रीत सिंह ने बताया कि प्रधानाचार्य सुरजीत ठाकुर और क्लब की प्रभारी हरप्रीत कौर ने बताया था कि सदन अनुसार जो सर्वश्रेष्ठ नारे होंगे, उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा और उन नारों को ही रैली में शामिल किया जाएगा।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान सहित उपप्रधानाचार्य नीलम, प्रवक्ता राजेश, बीना देवी, गुरदीप, शीला, रेणु शर्मा, रेखा, सतनाम, गोपाल, दलजीत, प्रमोद कुमारी, बलबीर, कश्मीर और अन्य उपस्थित रहे।

**कामयाबी** नेशनल स्तर पर आयोजित होने वाले बाल विज्ञान सम्मेलन में भाग लेगा मिनर्वा का अभिनव

# मैथ ओलंपियाड में आदित्य ने झटका प्रथम स्थान

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

मिनर्वा सीनियर सेकेंडरी स्कूल घुमारवीं का छात्र अभिनव नेशनल स्तर पर आयोजित होने वाले बाल विज्ञान सम्मेलन के लिए चयनित हुआ है। वहीं, मैथ ओलिंपियाड यसीनियर वर्ग शहरीद्ध में आदित्य ने सम्मेलन में प्रथम स्थान झटका है। दोनों छात्रों की इस उपलब्धि से स्कूल ही नहीं, अपितु पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है।

राज्य स्तरीय सम्मेलन के बाद स्कूल पहुंचने पर सभी छात्रों को स्कूल प्रबंधन की ओर से सम्मानित किया गया। पाठशाला प्रधानाचार्य परवेश चंदेल ने छात्र व को-ऑर्डिनेटर विमल कांत को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं। बता दें कि साइंटिफिक प्रोजेक्ट रिपोर्ट वरिष्ठ वर्ग में अभिनव तथा मैथ ओलिंपियाड सीनियर वर्ग में आदित्य ने यह कीर्तिमान स्थापित किया है। एनआईटी हमीरपुर में हिमाचल प्रदेश विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन का आयोजन हुआ।



मैथ ओलंपियाड में आदित्य को प्रथम स्थान आने पर पुरस्कृत किया गया।

इस सम्मेलन में मिनर्वा के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए खूब बाहावाही लूटी। अभिनव की रिपोर्ट बाढ़, भूस्खलन प्रभावित लोगों पर थी।

रिपोर्ट की थीम बाढ़, भूस्खलन के बाद के प्रभावों का अध्ययन तथा सब थीम आत्मनिर्भरता के लिए पारिस्थितिकी तंत्र आधारित दृष्टिकोण थी। अभिनव ने कहा कि जोन स्तर से लेकर राज्य स्तर का सफर काफी बेहतर रहा। इस दौरान काफी कुछ सीखने को मिला। इसका फायदा नेशनल लेबल पर होने जा रहे बाल विज्ञान सम्मेलन में होगा। नेशनल स्तर पर और अधिक मेहनत कर राज्य का नाम रोशन करने का पूरा प्रयास रहेगा। अभिनव ने बताया कि रिपार्ट तैयार करने के दौरान लोगों के बीच गए, जहां पर भूस्खलन व बाढ़ से नुकसान हुआ था। इस दौरान लोगों को इसके बचाव के बारे में जागरूक किया तथा साथ यह भी जाना कि क्या सरकार और विभाग की ओर से उन्हें सहायता मिली है।

### चयनित बाल वैज्ञानिक को दी शुभकामनाएं

परवेश ने राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित बाल वैज्ञानिक को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि अभिनव व आदित्य ने राज्य स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया है। वहीं सम्मेलन में प्रिसा चैहान, वैदिक भक्त, भूमिका शर्मा, शुभम, ओषर्वी ने भी बेहतर प्रदर्शन किया। इस मौके पर राकेश चंदेल, अनिल कुमार, बबीता, आशीष मौजूद रहे।

## विकसित भारत निर्माण के संकल्प को दोहराया: गर्ग

**घुमारवीं।** पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मंगलवार को घुमारवीं विधानसभा के सेऊ पंचायत में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के साथ जन संवाद करते हुए जनता के विकसित भारत निर्माण के संकल्प को दोहराया।

गर्ग ने कहा कि दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है, हमें उनके इस सपने को 140 करोड़ देशवासियों के सहयोग से मूर्त रूप देने की दिशा में सफल बनाना है। मोदी के विजन के अनुरूप विकसित भारत संकल्प यात्रा जन-जन को विश्वास और संकल्प कराएगी कि विकसित भारत बनाने में प्रत्येक भारतवासी का योगदान होगा।

# एफसीपीसी की बैठक : नगर निगम की परिधि में कूड़ा डालने पर देना होगा शुल्क

## नगर निगम शुल्क वसूलने की तैयारी में, निगम को इसको लेकर काफी समय से आ रही थी शिकायतें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नगर निगम शिमला अब जल्द ही नगर निगम की परिधि में कूड़ा फेंकने वालों से शुल्क वसूलने की तैयारी में है। यह फैसला नगर निगम की एफसीपीसी की बैठक में हुआ। इसको लेकर निगम को काफी समय से शिकायतें आ रही थीं, जिसके बाद निगम ने पंचायत के साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से कूड़ा शुल्क वसूलने का फैसला लिया है। इसके प्रस्ताव को तैयार किया गया है।

शहर में कई ऐसे क्षेत्र हैं, जो निगम के क्षेत्र में नहीं आते हैं। यह ग्रामीण क्षेत्र में आते हैं, लेकिन शहर के लोग निगम की परिधि के साथ लगते क्षेत्र में कूड़ा छोड़कर चले जाते हैं, जिससे मजबूरन निगम को ही यह कूड़ा उठाना पड़ता है। इस कूड़े का लोग पैसा भी नहीं देते हैं, जिसको देखते हुए बैठक में यह फैसला लिया गया कि अब इन क्षेत्रों से निगम कूड़ा उठाएगा, तो इसके लिए पंचायत के अंतर्गत आने वाले लोगों या पंचायत प्रतिनिधियों को शुल्क देना पड़ेगा। इसके लिए निगम जल्द ही ऐसी पंचायतों को पत्र लिखेगा।

**◗ महापौर सुरेंद्र चौहान ने लोगों से नगर निगम के साथ सहयोग करने की अपील की**

**◗ विकासनगर के सूर्यनगर में एंबुलेंस रोड बनाने को लेकर प्रस्ताव पास किया**



नगर निगम महापौर सुरेंद्र चौहान एफसीपीसी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

निगम के महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि लोग यदि कूड़ा शुल्क देंगे तो डोर टू डोर गारबेज को कलेक्ट किया जाएगा। उनसे भी शहर के कूड़ा शुल्क के बराबर ही कूड़ा शुल्क लिया जाएगा।

महापौर ने लोगों से नगर निगम के साथ सहयोग करने की अपील की। लोगों से शहर को साफ सुथरा बनाए रखने और सड़कों पर कूड़ा न फैलाने के लिए कहा। बैठक में शहर के विकास को लेकर कई फैसले लिए गए। इस दौरान कई मुद्दों पर चर्चा की गई और कई प्रस्ताव पास किए गए। बैठक में विकासनगर के सूर्यनगर में एंबुलेंस रोड बनाने को लेकर प्रस्ताव को पास किया गया।

यहां लोगों की सुविधा के लिए एंबुलेंस रोड बनाना प्रस्तावित था, जिसे बैठक में मंजूरी मिल गई है। इस सड़क को बनाने के लिए 60 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसे बनाने का कार्य जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा। भरयाल में कूड़ा संयंत्र में फैंसिंग की जाएगी। यहां कूड़ा संयंत्र होने के कारण कूड़ा इधर-उधर फैला हुआ नजर आता है, जिससे इसकी फैंसिंग के लिए काफी समय से मांग की जा रही थी। ऐसे में इसकी फैंसिंग के लिए बजट को बढ़ा दिया गया है। अब इसकी फैंसिंग के लिए 50 लाख रुपए का बजट मंजूर कर दिया गया है। बैठक में कैथू वार्ड में को-ऑपरेटिव बैंक का भवन और दुकानों को बनाने पर भी चर्चा की गई।

### कैथू में दुकानों के निर्माण का कार्य जल्द होगा

कैथू में का-ऑपरेटिव बैंक के भवन और दुकानों के निर्माण का कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। बैंक की बिल्डिंग का नक्शा पास कर दिया गया है। अब जल्द ही इसके टेंडर करवाए जाएंगे। इस मुद्दे को निगम के हाउस में भी लाया जाएगा। वहीं, निगम में कंसल्टेंर की भी नियुक्ति की जाएगी। इस मुद्दे को निगम हाउस में लाया जाना है। बैठक में कंसल्टेंर रखने की भी सहमति बनी है। एमसी में पुराने कर्मचारियों को रिटायर्मेंट के समय, जो वेतन मिल रहा था या वह पद खत्म हो गया है, उसे पहले की अपेक्षा वेतन दिया जाएगा। इसके अलावा कंसल्टेंर के लिए एक नए पद पर भर्ती की जाएगी। यह कार्य में कंसल्टेंर की मदद करेगा। अब इस मामले पर निगम हाउस में भी चर्चा की जाएगी।

# विंटर कार्निवाल में लोग प्रदेश की समृद्ध संस्कृति से होंगे रू-ब-रू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी की अध्यक्षता में मंगलवार को 25 से 31 दिसंबर तक आयोजित किए जा रहे शिमला विंटर कार्निवाल की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।



विंटर कार्निवाल की तैयारियों को लेकर बैठक की अध्यक्षता करते डीसी।

उपायुक्त ने कहा कि शिमला विंटर कार्निवाल में पर्यटकों और स्थानीय लोगों को प्रदेश की समृद्ध संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। शिमला विंटर कार्निवाल में भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से 25 दिसंबर को विभिन्न जिलों के सांस्कृतिक दलों की कल्चरल परेड करवाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, महिला व बाल विकास विभाग की ओर से महिलाओं की ओर से महानाटी आयोजित करवाई जाएगी, जिसमें सैकड़ों महिलाएं एक साथ नाटी करेंगी। कार्निवाल के प्रत्येक दिन विभिन्न जिलों के सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मनोरंजन करेंगे। एनजेडसीसी से भी कलाकार अपनी प्रस्तुति कार्निवाल के दौरान देंगे। नगर निगम की ओर से कार्निवाल में प्रत्येक दिन बैटल ऑफ बैंड्स और सेना, पुलिस व होम गार्ड के बैंड की प्रस्तुति देखने को मिलेगी। बैठक में बताया गया कि कार्निवाल में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, ग्रामीण आजीविका मिशन, व्यापार मंडल व अन्य कारोबारियों की ओर से स्टॉल लगाए जाएंगे।

यह स्टॉल दौलत सिंह पार्क से लेकर गेयटी थियेटर तक, रानी झांसी पार्क और रोटरी क्लब के समीप स्थापित किए जाएंगे। कार्निवाल के दौरान रानी झांसी पार्क में बच्चों के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। बैठक में बताया गया कि इस दौरान प्रत्येक दिन गेयटी थियेटर में हर शाम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें सूफी गायन, कवाली, थियेटर फेस्टिवल आदि शामिल रहेंगे। उपायुक्त ने पुलिस विभाग को कार्निवाल के दौरान कानून एवं व्यवस्था का पूरा ध्यान रखने तथा यातायात सुचारु रखने के निर्देश दिए, ताकि पर्यटकों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को किसी दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

बिजली विभाग के अधिकारियों को इस दौरान बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एडीसी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा, आयुक्त नगर निगम शिमला भूपेंद्र अत्री, संयुक्त निदेशक भाषा व संस्कृति विभाग मंजीत सिंह, एसडीएम शिमला शहरी भानु गुप्ता, सहायक आयुक्त डॉ. पूनम बंसल, संयुक्त आयुक्त नगर निगम शिमला डॉ. भुवन शर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी ममता पॉल, जिला पर्यटन विकास अधिकारी संजय भगवती, जिला भाषा अधिकारी अनिल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक से मारपीट करने पर मामला दर्ज

**शिमला।** छोटा शिमला थाना के तहत एक युवक से मारपीट करने का मामला सामने आया है। थाने में आईपीसी की धारा 323 व 506 भारतीय दंड संहिता के तहत चंद्रकांता निवासी गांव छाछड़ू ने मामला दर्ज करवाया है कि विक्रम हिमालवी ने बेटे राकेश के साथ मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### गाड़ी को मारी टक्कर, युवक को आई चोटें

**शिमला।** जनोगघाट में एक गाड़ी को टक्कर मारने का मामला सामने आया है, जिसमें एक युवक को चोटें आई हैं। पुलिस थाना ठियोग में पंकज कुमार पुत्र विक्रम सिंह गांव बमटा तहसील चौपाल उम्र 35 साल ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसकी गाड़ी नंबर एचपी आठ ए 0855 को जानोग घाट में एचपी नौ ए 6268 ने टक्कर मारी है, जिससे इसको हल्की चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### किन्नौर से भर्ती किए जाएंगे 100 सुरक्षा जवान

**रिकांगपिओ।** जिला रोजगार अधिकारी किन्नौर सीमा गुप्ता ने बताया कि किन्नौर में एसआईएस इंडिया लिमिटेड, आरटीए बिलासपुर की ओर से सिक्योरिटी गार्ड के लिए 100 पद निकाले गए हैं, जिसमें वेतन 16,500 से 19000 रुपए प्रतिमाह होगा। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास, आयु वर्ग 21 से 37 वर्ष, अभ्यर्थी की लंबाई 168 सेंटीमीटर से ऊपर, वजन 54 किलोग्राम से अधिक होना अनिवार्य है। इच्छुक उम्मीदवार जो इस पद से संबंधित योग्यता रखते हो, वे अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों व रिज्यूम सहित 27 दिसंबर को जिला रोजगार कार्यालय रिकांगपिओ व 28 को उपरोजगार कार्यालय निचार में प्रातः 11:00 बजे पहुंचना सुनिश्चित करें।

### 23 को पूर्व छात्र संगठन का होगा गठन

**सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में 23 दिसंबर को पूर्व छात्र एसोसिएशन का गठन किया जाएगा। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राम लाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया की कॉलेज के पूर्व में रहे छात्रों की एसोसिएशन का गठन किया जाएगा। उन्होंने समस्त पूर्व छात्रों से आग्रह किया है कि 23 दिसंबर प्रातः 11 बजे कॉलेज में एकत्रित हों तथा एसोसिएशन के गठन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

# 11 जनवरी तक होंगे ईवीएम व वीवीपैट संबंधी जागरूकता कैंप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एसडीएम शिमला शहरी भानु गुप्ता ने कहा कि शिमला शहरी विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम व वीवीपैट संबंधी जागरूकता कैंप चलाया जा रहा है, जो कि 11 जनवरी तक जारी रहेगा।

आज संस्कृत कॉलेज फागली और फागली स्कूल, 21 को बालूगंज स्कूल और कार्यालय अधीक्षण अभियंता केंद्रीय लोक निर्माण विभाग कैनेडी कॉटेज नजदीक विधानसभा, 22 को अनाडेल स्कूल, 23 को कैंथु स्कूल, दरभंगा हाउस कैंथु में जागरूकता कैंप लगाया जाएगा।

इसी प्रकार 26 को संध्या कॉलेज और कार्यालय पर्यटन सूचना केंद्र दि मॉल, 27 को आर्य समाज कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला और सैंट थॉमस वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, 28 को राजकीय मिडल स्कूल शांकली और सत्य प्रकाश डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लक्कड़ बाजार, 29 को आरकेएमवी कॉलेज तथा 30 को राजकीय उच्च पाठशाला जाखू और कार्यालय महानिदेशक (गृह रक्षा) सिविल डिफेंस एंड फायर ब्रिगेड सेल में जागरूकता कैंप लगाया जाएगा।

**◗ संस्कृत कॉलेज फागली व फागली स्कूल में कैंप आज 22 को अनाडेल स्कूल में**

एक को कार्यालय प्राथमिक शिक्षा निदेशालय लालपानी, दो को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (छात्र) लालपानी, तीन को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर, चार को कार्यालय सहायक अधिशाषी अभियंता (बिजली) खलीनी, पांच को तिब्बतियन स्कूल छोटा शिमला, छह को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला।

आठ को कार्यालय इंजीनियर इन चीफ लोक निर्माण विभाग निगम और हिमाचल भवन विश्राम गृह छोटा शिमला, नौ को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संजौली और राजकीय डिग्री कॉलेज संजौली, 10 को सत्य प्रकाश मेमोरियल मॉडल हाई स्कूल इंजन घर तथा 11 को राजकीय प्राथमिक पाठशाला संजौली जुब्बल सराय में जागरूकता कैंप लगाया जाएगा।

# सिंगल्स सुपर फास्फेट खाद पर 62 रुपए बढ़ाना सही नहीं: रविंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

सरकार की ओर से सिंगल्स सुपर फास्फेट खाद पर 62 रुपए बढ़ाना सही नहीं है। यह बात राजीव भवन में प्रदेश किसान कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता कंवर रविंद्र सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान कही।

इससे प्रदेश के किसानों और बागवानों को ज्यादा पैसा खाद खरीदने के लिए चुकाना पड़ेगा। एक तरफ तो प्रदेश का किसान बागवान बरसात की वजह से हुई त्रासदी की मार झेल रहा है। वहीं, दूसरी ओर केंद्र सरकार की ओर से सिंगल सुपर फास्फेट खाद पर 62 रुपए की वृद्धि किए जाना उसके ऊपर दोहरी मार है। सिंगल सुपर फास्फेट खाद व किसानों और बागवानों की ओर से नकदी की फसलें जैसे सेब और अन्य फलों की पैदावार को बढ़ाए जाने के लिए इस्तेमाल में लाई जाती है। पिछले साल सिर्फ कुल्लू में ही 830 मैट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट खाद की खपत हुई थी। पहले जो सिंगल सुपर फास्फेट खाद का पचास किलो का बैग जो 750 रुपए का मिलता था, वो अब केंद्र सरकार की ओर से मूल्य बढ़ाए जाने के बाद किसानों बागवानों को 812 रुपए का मिलेगा। कंवर रवींद्र सिंह ने खाद में बढ़ाए गए मूल्यों को तत्काल प्रभाव से वापस लेने के लिए केंद्र सरकार से आग्रह किया है।



प्रदेश किसान कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रविंद्र सिंह प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए।

केंद्र सरकार ने गत वर्ष सितंबर के माह में दूसरे देशों से आयात किए जाने वाले सेबों में जो 20 प्रतिशत शुल्क घटाया था, उसका परिणाम यह हुआ कि एक सितंबर-नवंबर के बीच वाशिंटन सेब के भारत में 4,40,000 बॉक्स आयात किए गए। इससे भारत और खासकर हिमाचल में जो अच्छी किस्म का सेब जो अभी सीए स्टोर में है, उसको अच्छे मूल्य न मिलने की आशंका जताई है। उन्होंने आयातशुल्क को घटाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है और प्रदेश के सेब के किसानों, बागवानों के साथ भेदभाव बताया है।

### केंद्र ने किसानों के साथ की नाइंसाफी

सरकार की ओर से आयात शुल्क को फिर से बहाल किए जाने के लिए भी प्रदेश के साथ कांग्रेस ने केंद्र सरकार से मांग की है। प्रधानमंत्री की ओर से 2015 में जिस प्रकार पूरे देश के किसानों के साथ उनकी आय को 2022 तक दोगुना करने का वादा था वो सब्सिडी इस घटाने और आयात शुल्क घटाने से पूरा नहीं हुआ है, परंतु उनकी आर्थिक स्थिति और भी खराब हुई है। केंद्र सरकार ने हिमाचल के किसानों और बागवानों के साथ नाइंसाफी की है। आज किसानों को संरक्षण और सहायता की जरूरत है।

# सिक्योरिटी गार्ड के 120 पदों के लिए होंगे साक्षात्कार

**शिमला।** प्रदेश में बेरोजगार युवकों के लिए नौकरी का सुनहरा मौका है। खासकर सुरक्षा में अपना कैरियर बनाने वालों के लिए अच्छी खबर है। बिलासपुर में रोजगार विभाग शिमला की ओर से 120 पद भरे जाएंगे।

क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी शिमला सीमा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला की ओर से एसआईएस इंडिया लिमिटेड आरटीए बिलासपुर के लिए शिमला हिमाचल प्रदेश में सिक्योरिटी गार्ड पदों के लिए 120 पद निकाले गए हैं। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास से अधिक, आयु वर्ग 21 से 37 वर्ष, हाइट 168 सेंटीमीटर से ऊपर तथा उम्मीदवार का वजन 54 किलो से अधिक होना चाहिए। उम्मीदवार जो इन पदों से संबंधित योग्यता रखता हो, वह अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों व रिज्यूम सहित 19 दिसंबर को उपरोजगार कार्यालय ठियोग, 20 को उपरोजगार कार्यालय जुब्बल, 21 को उपरोजगार कार्यालय रोहड़ू तथा 22 को उपरोजगार कार्यालय चिढ़गांव में प्रात: 10:30 बजे पहुंचना सुनिश्चित करें। अधिक जानकारी के लिए 85580-62252 पर संपर्क कर सकते हैं।

# रामपुर के जंगलों में भड़की आग को बुझाने का नहीं किया कोई प्रयास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

रामपुर के आसपास जंगलों में आग फैलने का क्रम तेजी से जारी है। आग लगने से लाखों की वन संपदा स्वाह हो रही है। यह आग रामपुर हेलिपैड के समीप जंगल में फैली है।



रामपुर हेलिपैड के समीप जंगलों में भड़की आग।

अभी तक आग बुझाने का कोई प्रयास नहीं हुआ है। लोगों का आरोप है कि वन विभाग की ओर से वनों में लग रही आग के प्रति जागरूकता एवं आग पर काबू पाने के लिए कोई प्रयास नहीं हो रहे हैं, न ही आग लगाने वालों पर शिकंजा कसने के लिए विभाग प्रयास कर रहा है। ऐसे में शरारती तत्व धड़ले से जंगलों को स्वाह कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि वन विभाग पौधरोपण के दौरान हुए कथित गड़बड़ियों को छुपाने के लिए जानबूझकर जंगलों में आग बुझाने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं, ताकि आग पौधरोपण की गड़बड़ी वाले सबूतों को मिटा सके।

# प्रशासन ने धड़ीकुपड़ सड़क की सफलतापूर्वक पासिंग की

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री व जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित ठाकुर के अथक प्रयासों से नावर की धराड़ा पंचायत के अंतर्गत तीन किलोमीटर लंबी नालटीबाओ-नकसेटली से धड़ीकुपड़ संपर्क सड़क की प्रशासन की ओर से सफलतापूर्वक पासिंग की गई।

कांग्रेस सरकार के गठन के पश्चात् महज एक साल के अंतराल में राहित ठाकुर के प्रयासों से जुब्बल नावर कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में आज 44वीं सड़क व उपचुनाव के पश्चात् दो वर्ष के अंतराल में अभी तक 64वीं सड़क की सफल पासिंग संभव हो पाई है, जबकि भाजपा के चार वर्ष के कार्यकाल में मात्र पांच सड़कों की ही पासिंग हो पाई, विकास के झूठे और खोखले दावे करने वाली पूर्व भाजपा सरकार के पांच वर्षों के कार्यकाल में पूरे विधानसभा क्षेत्र की अनदेखी की गई और भाजपा के कार्यकाल में इन सभी सड़कों की दुर्गति बनी रही और निर्माण कार्य पूरी तरह से लंबित रहा। धराड़ा पंचायत की समस्त जनता एवं लाभार्थियों ने इस सड़क की सफलतापूर्वक पासिंग के लिए शिक्षा मंत्री रोहित का हार्दिक धन्यवाद व आभार व्यक्त किया।



सड़क की सफलतापूर्वक पासिंग में मौजूद लोग।



## न्यूज ब्रीफ

### आरती शर्मा ने बॉडी बिल्डिंग में जीता गोल्ड



प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर आरती को सम्मानित किया।

**सोलन।** जिला मुख्यालय सोलन के साथ लगते कायलर गांव की आरती शर्मा ने जयपुर में राष्ट्रीय विश्व फिटनेस फेडरेशन की ओर से आयोजित बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। आरती की इस उपलब्धि से उनके गांव सहित समूचे सोलन में खुशी है। सोलन पहुंचने पर आरती का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। आरती अब इंटरनेशनल प्रतियोगिता के लिए तैयारी करेगी। आरती शर्मा ने कहा कि युवतियों को बॉडी बिल्डिंग सहित सभी खेलों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की और कोच व परिवार को इसका श्रेय दिया।

### भरौग बनेड़ी में बताईं केंद्र सरकार की योजनाएं



संकल्प विकसित भारत यात्रा के रथ का स्वागत करते लोग।

**रेणुका जी।** धारटी धार की भरौग बनेड़ी पंचायत में लोगों को केंद्र सरकार की योजनाएं बताई गईं। भाजपा मंडल सचिव पं. श्रवण कुमार ने बताया कि केंद्र में मोदी सरकार ने जनहित में कई योजनाएं चलाई हुई हैं, जिनका जनता को हर तरह से लाभ मिल रहा है। उइस दौरान वाहन पर लगी बड़ी स्क्रीन पर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं की झलक दिखाई गई। इस अवसर पर केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ ले चुके कुछ लाभार्थियों ने भी अपने विचार रखें और केंद्र सरकार का आभार जताया। इस दौरान पंचायत प्रधान अंजना शर्मा, सचिव सोमपाल, चंद्रकांता, बिजेंद्र ठाकुर, दीवान सिंह, इंद्र सिंह, ओम प्रकाश शर्मा, सतीश भंडारी, रीना शर्मा, दीप ठाकुर, पदम सिंह हरविंद्र शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पशुपालकों के लिए लगाए जागरूकता शिविर



पशुपालकों को किटें वितरित करते विभागीय अधिकारी।

**राजगढ़।** आत्मा परियोजना के तहत पशुपालन विभाग राजगढ़ के सौजन्य से चार पंचायतों में पशुपालकों के विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। इसमें पशुपालकों को पशुधन के सर्दियों में रख-रखाव व मवेशियों के स्वास्थ्य बारे जानकारी दी गई। पशु चिकित्सालय राजगढ़ के प्रभारी डॉ. प्रवीण वर्मा ने बताया कि आत्मा परियोजना के तहत चार पंचायतों हाब्बन, थैना बसोतरी, पबियाना और भानत (फागू) में एक -एकदिवसीय शिविरों का आयोजन किया गया। इसमें 80 पशुपालकों को किटें भी वितरित की गईं। उन्होंने बताया कि शिविर में पशुपालकों को किसानों के लिए विभाग की ओर से कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं और पशु में विभिन्न रोगों के लक्षण और उपाय के बारे में जानकारी दी गई।

### आंगनबाड़ी केंद्रों के भवनों का निर्माण जल्द हो पूरा



डीसी सिरमौर सुमित खिमटा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए।

**पावंटा साहिब।** डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने पोषण अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते कहा कि जिला में कार्यरत सभी 1486 आंगनबाड़ी केंद्रों में पात्र बच्चों और गर्भधात्री माताओं को समय पर पोषित आहार की आपूर्ति सुनिश्चत बनाई जाए। उन्होने कहा कि सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण अनिवार्य रूप से करें ताकि आंगनबाड़ी केंद्रों में राशन की आपूर्ति के साथ उसकी गुणवता की जांच सुनिश्चित हो सके। उन्होने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन आंगनबाड़ी केन्द्रों के भवनों का निर्माण चल रहा है, उन्हे जल्द तैयार किया जाए तथा जहां नए केंद्रों के भवन बनने निर्धारित हैं, उनकी औपचारिकताएं पूर्ण कर उनका निर्माण कार्य भी जल्द आरंभ किया जाए। इस दौरान पीओ डीआरडीए अभिषेक मित्तल, उपनिदेशक उच्च शिक्षा कर्म चंद, जिला पंचायत अधिकारी विक्रम ठाकुर के अलावा विभिन्न खंडों के बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### जिला सिरमौर में लिंग अनुपात अब बेहतर



डीसी सिरमौर 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**पावंटा साहिब।** डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने कहा है कि जिला सिरमौर में लिंग अनुपात गत वर्ष की अपेक्षा बेहतर हुआ है। उन्होने बताया कि वर्ष 2022-23 में यह अनुपरात 978 था, वहीं इस वर्ष अभी तक यह अनुपात 1027 है। यद्यपि पहले के मुकाबले वर्तमान में समाज में बेटियों के जन्म के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण देखने को मिल रहा है, परंतु हम सभी को मिलकर इस दिशा में और अधिक बेहतर तथा ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है। उपायुक्त सिरमौर के सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जिला स्तरीय कार्यबल समीति की बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त सुमित खिमटा ने की। उपायुक्त ने विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी सभी पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी सरकार की चलाई गई इन योजनाओं के लाभ से वंचित न रहें। जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस सुनील शर्मा ने बैठक का संचालन करते हुए योजनाओं की संपूर्ण जानकारी प्रदान की।

# घुमंतू गुर्जरों से परेशान लोग सड़क पर उतरे

## वन विभाग और बिजली बोर्ड के बड़े भू-खंडों पर किए अवैध कब्जे, डर के साये में जी रहे

**अनंत ज्ञान, पावंटा साहिब**



पांवटा के तहत घुमंतू गुर्जरों से परेशान होकर सड़कों पर उतरकर विरोध करते लोग।

पांवटा साहिब पढ़दूनी और रामपुर भारापुर पंचायतों के सैकड़ों लोग घुमंतू गुर्जरों से परेशान होकर सड़कों पर उतर आए। यहां पर पंचायतों के लोग घुमंतू गुज्जरों की वजह से डर के साए में हैं। आरोप है कि इन्होंने वन विभाग और बिजली बोर्ड के बड़े भू-खंडों पर अवैध कब्जे कर लिए हैं।

यही नहीं इन गुर्जरों के पास अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में संदिग्ध लोग यहां जंगलों में आते हैं और सुबह होने तक गायब हो जाते हैं। हालांकि स्थानीय लोगों ने प्रशासन को बार-बार अवगत भी करवाया है, मगर अभी तक कोई ठोस कार्रवाई इनके खिलाफ नहीं हो रही है, ऐसे मे लोग पिछले नौ दिनों से धरने पर बैठे हैं।

गिरि नगर के आसपास की पंचायतों के लोग घुमंतू गुर्जरों से भयभीत हैं, साथ ही लोग स्थानीय और जिला प्रशासन से भी परेशान हैं। दरअसल, पांवटा साहिब के पढ़दूनी और रामपुर भरपूर पंचायतों के आसपास घुमंतू गुज्जरों की वजह से डर का माहौल बना हुआ है। महज छह महीनों के प्रवास पर आने वाले गुर्जरों ने यहां कई स्थानों पर स्थायी डेरे बना लिए हैं।

गुज्जरों ने सरकार की ओर से निर्धारित स्थान के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के आसपास वन विभाग और बिजली बोर्ड की जमीनों पर कब्जे जमा लिए हैं। यही नहीं, इन गुर्जरों के पास दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा आदि राज्यों से बड़ी संख्या में संदिग्ध लोग आते हैं और रात्रि के समय वन क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियां करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि उन्होंने पिछले 14 अगस्त को यहां पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे भी सुने थे।

ग्रामीणों ने इस संबंध में स्थानीय वन विभाग, स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन को कई बार अवगत करवाया है, मगर हैरानी की बात है कि अभी तक इस संबंध में वन विभाग और प्रशासन ने कोई कदम नहीं उठाया है। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल में घास-पत्ती आदि को लेकर गुर्जर अकसर स्थानीय लोगों से उलझ जाते हैं। इस क्षेत्र में बाहरी राज्यों के लोगों के साथ गुर्जरों की संदिग्ध गतिविधियों को लेकर प्रशासन को हर स्तर पर शिकायत की गई है। वन विभाग को भी गुर्जरों की ओर से अवैध कब्जों को लेकर बार-बार लिखित रूप से सूचित किया गया है, मगर स्थानीय ग्रामीणों के डर का समाधान नहीं हो पा रहा है, न ही अवैध कब्जों को लेकर गुर्जरों के खिलाफ कोई कार्रवाई कर रहा है। उनकी संदिग्ध गतिविधियां बढ़ती ही जा रही हैं। इससे क्षेत्र के लोगों में डर पैदा हो गया है।

वहीं, दूसरी तरफ लोगों की शिकायतों पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। स्थानीय लोग प्रशासन और वन विभाग की इस रवैये के खिलाफ नौ दिन से धरने पर बैठे हैं। धरना-प्रदर्शन में ग्रामीणों की अगुआई के रहे 'आप' नेता नाथूराम चौहान सहित स्थानीय लोगों ने स्पष्ट कर दिया है कि समस्या का समाधान होने तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा और भविष्य में तेज आंदोलन भी किया जाएगा।

उधर, वन विभाग के कंजरवेटर वीके बाबू ने बताया कि इस संबंध में पांवटा साहिब प्रशासन और रैवेन्यू विभाग को पत्र लिखकर अवगत करवाया गया है। गुज्जरों के लिए निर्धारित वन भूमि की डिमार्केशन करवाने के बाद अवैध कब्जों को हटाया जाएगा।

### एड्स से बचाव के तरीके और लक्षण बताए



एड्स जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**अर्की।** अंबुजा सीमेंट दाड़लाघाट में अर्की स्वास्थ्य विभाग की ओर से बीएमओ अर्की के तत्वावधान में द हंस फाउंडेशन टीम के सहयोग से एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर परामर्शदाता विजय शांडिल ने उपस्थित कंपनी के कर्मचारियों व अधिकारियों व अन्य को एड्स के कारण बताए कि कैसे संक्रमित मां से बच्चे को, संक्रमित खून चढ़ाने से, संक्रमित सूई व सिरिंज से, खुलेआम टेटू बनवाने से, असुरक्षित यौन संबंध से यह बीमारी फैलती है। इसके पश्चात उन्होंने इसके लक्षण व बचाव के बारे में बताया। सीनियर लैब तकनीशियन मनीष कुमार ने लगभग 90 लोगों के सैंपल लिए। कार्यक्रम में एसटीएलएस हेमंत गुप्ता, भूषण वर्मा हेल्थ सुपरवाइजर हंस फाउंडेशन के स्वास्थ्य कर्मी भी उपस्थित रहे।

## बीज विज्ञान कांग्रेस में नौणी विवि के छात्रों और शिक्षकों ने जीते इनाम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी, सोलन के बीज विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के वैज्ञानिकों और छात्रों ने 'बदलती जलवायु के तहत गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्धता में नवाचार और चुनौतियां' विषय पर औरंगाबाद में आयोजित 12वीं राष्ट्रीय बीज कांग्रेस-2023 में तीन पुरस्कार अपने नाम किए।

यह कार्यक्रम वसंतराव नाइक मराठवाड़ा कृषि विद्यापीठ, महाराष्ट्र और इंडियन सोसायटी ऑफ सीड टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली की ओर से राष्ट्रीय बीज अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र वाराणसी के सहयोग से आयोजित किया गया।

बीज विज्ञान विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ. रोहित वर्मा ने 'हिमाचल प्रदेश के मध्य-हिमालयी क्षेत्र में करेले में गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन पर जिंक नैनोकण बीज उपचार का प्रभाव' पर लिखित शोध पत्र के लिए प्रथम पोस्टर प्रस्तुति पुरस्कार जीता। इसके अतिरिक्त, विभाग के एक पीएचडी छात्र विनय ने शोध पत्र के लिए दूसरा पुरस्कार जीता। विवि के औद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय, थुनाग में कार्यरत सहायक प्रोफेसर डॉ. नेहा ठाकुर ने पोस्टर प्रस्तुति में शोध पत्र के लिए तीसरा पुरस्कार जीता।



नौणी विवि के वैज्ञानिक डॉ. रोहित वर्मा पहला पुरस्कार प्राप्त करते हुए।

कुलपति प्रोफेसर राजेश्वर सिंह चंदेल, अनुसंधान निदेशक और बागवानी महाविद्यालय के डीन ने उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## गोमाता को प्रदेश सरकार राज्य माता घोषित करे



**पांवटा साहिब।** गोसेवकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पिछले दिनों पांवटा साहिब में मुख्यमंत्री सुक्खू से मुलाकात की है। गोसेवक सचिन ओबेरॉय, अजय संसरवाल, शशिपाल चौधरी, अश्वनी शर्मा, हेमंत शर्मा और नरेंद्र शर्मा आदि ने सीएम को दिए मांग पत्र में दावा किया कि सड़कों पर करीब 15,000 गोवंश मौजूद है, जो कि इस कड़ाके की ठंड में घायल व बीमार होकर मरने को मजबूर है।

उन्होंने उत्तराखंड की तर्ज पर गोमाता को देवभूमि हिमाचल प्रदेश में भी राज्य माता घोषित करने की प्रदेश सरकार से मांग की तथा कठोर कानून बनाने की मांग की ताकि सड़कों पर गोवंश छोड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई हो सके।

## सोलन में अतिक्रमण की कार्रवाई के खिलाफ व्यापार मंडल ने किया बाजार बंद

**पूजा वर्मा, सोलन**



सोलन में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से नाराज कारोबारियों ने बंद रखी दुकानें।

जिला प्रशासन की तरफ से सोलन शहर सहित राजगढ़ रोड में अवैध कब्जों को गिराने की कार्रवाई से नाराज सोलन व्यापार मंडल ने मंगलवार को बाजार बंद रखा। इस दौरान व्यापार मंडल ने कारोबारियों ने मॉल रोड होते हुए कोटलानाला तक रोष प्रदर्शन निकाला और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

व्यापार मंडल के प्रधान कुशल जेठी ने एसडीएम कविता ठाकुर के समक्ष अपना विरोध जताया, साथ ही अतिक्रमण के नाम पर गिराए जा रहे रास्तों को अनुचित ठहराया। व्यापार मंडल ने प्रशासन पर भेदभाव का भी आरोप लगाया।

व्यापारियों ने ओल्ड डीसी ऑफिस से कोटलानाला तक दोबारा से नपाई की मांग भी की। एसडीएम ने कारोबारियों को इसका आश्वासन दिया है। करीब एक बजे तक चले इस प्रकरण के बाद शहर के कारोबारियों ने अपनी दुकानें खोल दीं। वहीं, सुबह के समय दुकाने बंद होने से लोगों को भी दिक्कतें पेश आईं।

वहीं, प्रशासन ने व्यापारियों के विरोध के बावजूद मंगलवार को भी निशानदेही का कार्य जारी रखा, साथ ही अतिक्रमण हटाने के निर्देश भी दिए। ऐसा न करने पर प्रशासन स्वयं अतिक्रमण हटाने के साथ इस पर आने वाले खर्च को भी वसूलेगा। एसडीएम कविता ठाकुर ने कहा कि लोगों को स्वयं ही अवैध कब्जों को तोड़ने का मौका दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रशासन की यह मुहिम जारी रहेगी और यदि किसी को ऐसा लगता है कि उनकी निशानदेही सही नहीं हुई है, तो वहां पर तहसीलदार स्वयं मौके पर जाकर दोबारा से निशानदेही करवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## एचपीपीसीएल में 281 मेगावाट बिजली का उत्पादन

### स्थापना दिवस पर रेणुका बांध के जीएम इं. आरके चौधरी ने फहराया झंडा

**दीपक जोशी, रेणुका जी**



एचपीपीसीएल के रेणुका बांध के स्थापना दिवस पर उपस्थित कर्मचारी और अधिकारी।

हिमाचल प्रदेश पॉवर कारपोरेशन लिमिटेड ने सोमवार को अपना 17वां स्थापना दिवस मनाया। रेणुका बांध के जीएम इंजीनियर आरके चौधरी ने झंडा फहराया व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन एक तकनीकी और व्यावसायिक रूप से शिक्षण संस्था है। एचपीपीसीएल में अब तक 281 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया है। 2024 तक 861 मेगावाट क्षमता के बिजली उत्पादन करने के लक्ष्य के प्रति अग्रसर है।

रेणुका डैम के जीएम ने कहा कि रेणुका बांध परियोजना एक राष्ट्रीय महत्व की परियोजना है। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य देश की राजधानी दिल्ली को पानी मुहैया करवाना है, इसके साथ-साथ 40 मेगावाट ऊर्जा का उत्पादन भी सुनिश्चित किया जाना है। इस परियोजना को भारत सरकार की ओर से पर्यावरण मंजूरी प्राप्त हो चुकी है व मंत्रालय से प्रथम चरण की मंजूरी भी प्राप्त हो चुकी है। बहुउद्देशीय परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से जल संसाधन मंत्री भारत सरकार, राज्यपाल हिमाचल प्रदेश, मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश, ऊर्जा मंत्री हिमाचल प्रदेश सरकार अन्य गणमान्य अतिथियों की अध्यक्षता में 27 दिसंबर 2021 को संपन्न हुआ था।

उन्होंने कहा कि हम सरकार की ओर से निर्धारित लक्ष्य को अपनी कड़ी मेहनत और लगन से प्राप्त करने में सफल होंगे। रेणुका बांध परियोजना प्रभावित परिवारों के लिए लागू की गई कल्याणकारी योजनाओं को जैसे प्रभावित परिवारों के 183 बच्चे हिमाचल प्रदेश के विभिन्न सरकारी आईटीआई संस्थानों में प्रायोजित किए गए। पांच लाख तक की छोटी 103 संविदाओं के माध्यम से लगभग 1.52 करोड़ रुपए की सुविधा रोजगार के माध्यम से परियोजना प्रभावित परिवारों को प्रदान की गई। प्राथमिकता के आधार पर 70 प्रतिशत रोजगार हिमाचल के लिए आरक्षित होंगे।

भूमि आवंटन के लिए योजनाएं तैयार की गई हैं। कार्यक्रम के दौरान खेलकूद प्रतियोगिताएं व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया गया मंच संचालन कपिल ठाकुर ने बखूबी निभाया। इस दौरान आर एंड आर प्लान के सीनियर मैनेजर डॉ. नीरज सिंघल, सीनियर मैनेजर सुनील गुप्ता, डीजीएम राकेश निर्मोही, राकेश सैनी डिप्टी मैनेजर, डिप्टी मैनेजर केके शर्मा, कपिल ठाकुर सहित कई अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

## शूलिनी यूनिवर्सिटी ने उच्च भुगतान वाले ऑफर के साथ प्री प्लेसमेंट में नए रिकॉर्ड बनाए

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय सफलता के साथ प्री-प्लेसमेंट सीजन शुरू किया है, जो छात्रों की प्रतिभा को सुरक्षित करने के लिए उत्सुक शीर्ष स्तरीय कंपनियों को आकर्षित कर रहा है। पहले सत्र में लोरियल पेरिस, आदित्य बिड़ला ग्रुप, डेलॉइट, ईजीडाइनर, इनसेडो, आईसीआईसीआई ग्रुप, एफपीएल टेक्नोलॉजीज और लर्निंग रूट्स सहित कई कंपनियां देखी गईं, जो छात्रों की अंतिम परीक्षाओं से पहले ही सक्रिय रूप से उनसे जुड़ गईं।

इस वर्ष के प्लेसमेंट सीजन ने परंपरा से एक महत्वपूर्ण प्रस्थान को चिन्हित किया, जिसमें केपीएमजी, मैकिन्से और पीडब्ल्यूसी जैसे परामर्श दिग्गजों ने शूलिनी परिसर में भर्ती प्रक्रियाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया। उद्योग में जाने की लिए छात्रों को तैयार करने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता स्पष्ट रही है, जो कॉर्पोरेट परिदृश्य की गतिशील आवश्यकताओं के लिए शूलिनी के शैक्षणिक कार्यक्रमों की अनुकूलनशीलता और प्रासंगिकता को प्रदर्शित करती है। इस वर्ष फिटेलो में असाधारण प्लेसमेंट के साथ, बायोटेक और खाद्य प्रौद्योगिकी और पोषण उम्दा प्लेसमेंट हुई है। पिछले दो-तीन वर्षों में खाद्य और पोषण प्लेसमेंट में पिछली चुनौतियों के बावजूद, इस वर्ष प्लेसमेंट में बढ़त देखी गई है।

प्रवेश और प्लेसमेंट निदेशक, श्रीमती अवनी खोसला ने कहा कि प्लेसमेंट सीजन में भाग लेने वाले उद्योगों में विविधीकरण, वित्तीय सेवाओं के पारंपरिक प्रभुत्व से आगे बढ़ रहा है। इस कार्यक्रम में प्रौद्योगिकी, परामर्श, एफएमसीजी, खुदरा, वित्तीय सेवाओं और बैंकिंग एवं कॉर्पोरेट शामिल है, जिससे छात्रों को करियर के विविध रास्ते तलाशने की सुविधा मिली।

200 से अधिक कंपनियों की भागीदारी के साथ, शूलिनी विश्वविद्यालय का वार्षिक प्लेसमेंट कार्यक्रम न केवल अपनी विशालता के लिए बल्कि विविधता पर जोर देने के लिए भी जाना जाता है। श्रीमती अवनी खोसला ने मजबूत प्लेसमेंट का श्रेय अपनी समर्पित टीम को दिया, जिसका नेतृत्व साझेदारी और गठबंधन की निदेशक सुश्री रितु बैजल और प्लेसमेंट के एसोसिएट निदेशक डॉ. नितिन गुप्ता ने किया।

**चिंता** सड़क किनारे फैले कूड़े से सोलन की सुंदरता का लगा ग्रहण, लोग कर रहे गंदगी का सामना

# शहर को स्वच्छ बनाने की मुहिम के दावे खोखले

**पंकज जोशी, सोलन**





माल रोड के आसपास फैले कूड़े के ढेर जो कि शहर की सुंदरता को ग्रहण लगा रहे हैं। इससे नगर निगम के स्वच्छता के दावों की पोल खुल रही है।

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के दावे तो बहुत किए जा रहे हैं, पर हकीकत में अभी भी शहर की मुख्य सड़कों के आसपास कूड़ा फैला हुआ है। इससे नगर निगम के स्वच्छता के दावों की पोल खुल रही है। सोलन माल रोड के आसपास फैले कूड़े से शहर की सुंदरता को ग्रहण लग रहा है, पर अभी निगम की नजर इस तरफ नहीं जा रही है।

हालांकि स्वच्छता को लेकर नगर निगम सोलन की मुहिम जारी है। निगम के कर्मचारी और अधिकारी प्रत्येक वार्ड और शहर में जगह-जगह जाकर मुआयना कर रहे हैं कि कहां गंदगी ज्यादा है। नगर निगम अब महीने के दो दिन शहर में जितनी भी नालियां हैं, उनकी भी साफ सफाई करवा रही है। निगम का ज्यादा फोकस घर-घर से कूड़ा उठाने पर है, पर शहर के ओपन एरिया में फैल रहे कूड़े को उठाने की दिशा में काम होना बाकी है।

नगर निगम की आयुक्त जफर इकबाल ने कहा कि लगातार शहर वासियों की शिकायत आ रही थी कि खुद नगर निगम के कर्मचारी ही सफाई कर कूड़ा नाली में डाल देते हैं।

इसके चलते यह मुहिम चलाई गई है। नगर निगम का प्रयास है कि मार्च 2024 तक शहर को साफ और स्वच्छ बनाया जाए। उनका कहना है कि नगर निगम के कर्मचारी घर-घर जाकर शहर वासियों को जागरूक कर रहे हैं, परंतु फिर भी गंदगी कम नहीं हुई है।

अगर इसके बाद भी आलम ऐसा ही रहता है तो निगम जगह-जगह गंदगी फैलाने वालों के चालान भी करेगी। निगम आयुक्त का कहना है कि जल्द ही शहर को साफ और स्वच्छ बना दिया जाएगा। दो दिन नालियों की सफाई होगी और शहर वासियों को अभी घर से घर जाकर जागरूक किया जा रहा है कि निगम के कर्मचारियों को कूड़ा अलग-अलग करके ही दें, अन्यथा अब वह कूड़ा नहीं उठाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## उचित मूल्य की दुकानों के लिए आवेदन मांगे

**सोलन।** जिला सोलन की विभिन्न पंचायतों में नई उचित मूल्य की दुकानें खोलने का निर्णय लिया गया है। यह जानकारी जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले सोलन नरेंद्र कुमार धीमान ने दी। नरेंद्र कुमार धीमान ने कहा कि नई उचित मूल्य की दुकानें विकास खंड नालागढ़ के नगर परिषद नालागढ़ क्षेत्र के वार्ड नंबर एक मेहता कॉलोनी तथा विकास खंड धर्मपुर की पंचायत जाडला के नयानगर गांव में खोली जानी हैं।

उचित मूल्य की दुकानों के लिए इच्छुक व्यक्ति या संस्थाओं के आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जनवरी निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इच्छुक व्यक्ति या संस्थाएं किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय आकर या कार्यालय के दूरभाष नंबर 01792-224114 पर संपर्क कर सकते हैं।

# मिचेल स्टार्क आईपीएल के सबसे महंगे प्लेयर

## कोलकाता ने 24.75 करोड़ में खरीदा, पैट कमिंस 20.50 करोड़ में हैदराबाद में शामिल

एजेंसी, दुबई

**इंडियन** प्रीमियर लीग (आईपीएल) का मिनी ऑक्शन दुबई में जारी है। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने। उन्हें 24.75 करोड़ रुपए में कोलकाता नाइट राइडर्स ने खरीदा, उनके लिए गुजरात ने भी आखिर तक बोली लगाई।

एक्सलरेटेड राउंड में ऑस्ट्रेलिया के स्पेंसर जॉनसन 10 करोड़ रुपए में बिके, उन्हें गुजरात टाइटंस ने खरीदा। ऑस्ट्रेलिया के ही जाय रिचर्डसन को दिल्ली ने पांच करोड़ रुपए में खरीदा। श्रीलंका के नुवान थुषारा को 4.80 करोड़ रुपए में मुंबई ने खरीदा।

ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस 20.50 करोड़ रुपए में बिके। उन्हें स्टार्क से डेढ़ घंटे पहले ही सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा था। हर्षल पटेल इस ऑक्शन में सबसे महंगे भारतीय बने। उन्हें 11.75 करोड़ रुपए में पंजाब किंग्स ने खरीदा।



कोलकाता

### मिचेल स्टार्क

24.75 करोड़

बेस प्राइस- 2 करोड़

### स्टार्क के लिए भिड़ गए कोलकाता गुजरात

**ऑस्ट्रेलिया** के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के लिए मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स में शुरुआती बिडिंग वॉर देखने को मिला। दिल्ली ने 9.60 करोड़ रुपए तक और मुंबई ने 10 करोड़ रुपए तक बोली लगाई। यहां से गुजरात टाइटंस और कोलकाता नाइट राइडर्स में बिडिंग वॉर हुआ। आखिर में कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें 24.75 करोड़ रुपए में खरीदा।



पंजाब किंग्स

### हर्षल पटेल

11.75 करोड़

बेस प्राइस- 2 करोड़

### हर्षल पटेल सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी

**स्लोअर** बॉल स्पेशलिस्ट हर्षल पटेल के लिए गुजरात टाइटंस और पंजाब किंग्स में बिडिंग वॉर हुआ। 10.75 करोड़ रुपए तक गुजरात ने बोली लगाई, उनके बाद लखनऊ सुपरजायंट्स भी आ गया। पंजाब फिर भी आखिर तक टिका रहा और हर्षल को 11.75 करोड़ रुपए में खरीदा। वह इस ऑक्शन के सबसे महंगे भारतीय खिलाड़ी बने।



चेन्नई सुपर किंग्स

### डेरिल मिचेल

14 करोड़

बेस प्राइस- 1 करोड़

### मिचेल के लिए पंजाब-चेन्नई में बिडिंग वॉर

**न्यूजीलैंड** के बैटिंग ऑलराउंडर डेरिल मिचेल के लिए पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स में बिडिंग वॉर हुआ। 12 से 13.75 करोड़ रुपए तक दोनों टीमों ने बोली लगाई। आखिर में चेन्नई ने ही मिचेल को 14 करोड़ रुपए में खरीद लिया।



सनराइज हैदराबाद

### पैट कमिंस

20.50 करोड़

बेस प्राइस- 2 करोड़

### कमिंस के लिए भिड़ गए थे बेंगलुरु हैदराबाद

**ऑस्ट्रेलिया** के कप्तान पैट कमिंस के लिए चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस में बिडिंग वॉर शुरू हुआ। 2 करोड़ की बेस प्राइस से मुंबई ने शुरुआत की, उन्होंने 5 करोड़ तक बोली लगाई। यहां से बेंगलुरु और चेन्नई में बिडिंग वॉर हुआ। दोनों ही टीमों को कप्तान की जरूरत है। चेन्नई ने 10 करोड़ तक बोली लगाई। बेंगलुरु और हैदराबाद ने 20 करोड़ तक बोली लगाई। हैदराबाद ने आखिरी में 20.50 करोड़ रुपए में उन्हें खरीदा।



आरसीबी

### अल्जारी जोसेफ

11.50 करोड़

बेस प्राइस- 1 करोड़

### शार्दूल और रचिन सीएसके में शामिल

50 लाख रुपए की बेस प्राइस वले रचिन रवींद्र 1.80 करोड़ रुपए में ही चेन्नई में शामिल हो गए। उनके लिए दिल्ली ने भी बोली लगाई थी। चेन्नई ने सेट-2 में शार्दूल ठाकुर को भी 4 करोड़ रुपए में खरीदा। उनके लिए हैदराबाद ने भी बोली लगाई थी। जेराल्ड कूट्जी 5 करोड़ में मुंबई और क्रिस वोक्स 4.20 करोड़ रुपए में पंजाब का हिस्सा बने।



### रोवमन पॉवेल को 7.40 करोड़ में राजस्थान ने खरीदा

**वेस्टइंडीज** के टी-20 कप्तान रोवमन पॉवेल की बोली 7 करोड़ रुपए के पार पहुंची। ऑक्शन में सबसे पहले उन्हीं का नाम आया। उनकी बेस प्राइस एक करोड़ रुपए थी और उनके लिए कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स ने बिडिंग वॉर हुआ। उन्हें राजस्थान ने 7.40 करोड़ रुपए में खरीदा।



### वर्ल्ड कप स्टार ट्रैविस हेड 6.80 करोड़ रुपए में हैदराबाद के हुए

**ऑस्ट्रेलिया** के लिए वनडे वर्ल्ड कप में हीरो रहे ट्रैविस हेड को 6.80 करोड़ रुपए में सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा। उनके लिए चेन्नई ने भी बोली लगाई। हेड की बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए थी। हेड ने वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में फिफ्टी और फाइनल में भारत के खिलाफ सेंचुरी लगाई थी।



### शिवम मावी 6.40 करोड़ रुपए में बिके

**भारत** के तेज गेंदबाज उमेश यादव को 5.80 करोड़ रुपए में गुजरात टाइटंस ने खरीदा। उनकी बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए थी। 50 लाख की बेस प्राइस वाले शिवम मावी की बोली भी एक करोड़ पार गई। बेंगलुरु और लखनऊ में बिडिंग वॉर हुआ, उन्हें आखिर में लखनऊ ने 6.40 करोड़ में खरीदा।

### मदुशंका 4.60 करोड़ रुपए में बिके

**सेट-4** में जोश हेजलवुड और लॉकी फर्ग्यूसन अनसोल्ड रहे। श्रीलंका के दिलशान मदुशंका को 4.60 करोड़ रुपए में मुंबई ने खरीदा। इस सेट में जयदेव उनादकट को 1.60 करोड़ रुपए में सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा। सेट-4 में चेतन साकरिया को 50 लाख रुपए में कोलकाता ने खरीदा।

### जोसेफ के लिए लखनऊ बेंगलुरु में बिडिंग वॉर

**वेस्टइंडीज** के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु में बिडिंग वॉर हुआ। एक करोड़ रुपए से शुरू हुई उनकी बोली 10 करोड़ रुपए के पार पहुंच गई। उन्हें 11.50 करोड़ रुपए में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने खरीद लिया।

### हसरंगा बेस प्राइस में ही बिके

सेट-2 में श्रीलंका के वनिंदू हसरंगा की खरीदी ने सभी को चौंका दिया। उन्हें 1.50 करोड़ रुपए की बेस प्राइस में ही सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीद लिया। अजमतुल्लाह ओमरजई को 50 लाख रुपए में गुजरात टाइटंस ने खरीद लिया। न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र को 1.80 करोड़ रुपए में ही चेन्नई ने शामिल कर लिया।

### हैरी ब्रुक 4 करोड़ में दिल्ली के हुए, रुसो अनसोल्ड

**इंग्लैंड** के मिडिल ऑर्डर बैटर हैरी ब्रुक को 4 करोड़ रुपए में दिल्ली कैपिटल्स ने खरीदा। उनके लिए राजस्थान ने भी बोली लगाई थी। सेट-1 में साउथ अफ्रीका के राइली रुसो अनसोल्ड रहे।

### 10 करोड़ में बिके स्पेंसर जॉनसन

**ऑस्ट्रेलिया** के लेफ्ट आर्म पेसर स्पेंसर जॉनसन के लिए दिल्ली और गुजरात में बिडिंग वॉर देखने को मिला। 50 लाख की बेस प्राइस से जॉनसन की कीमत 10 करोड़ तक पहुंची। उन्हें आखिर में गुजरात ने बेस प्राइस से 20 गुना ज्यादा कीमत पर खरीदा। **7 अनकैप्ड करोड़पति बने :** समीर रिजवी को चेन्नई सुपर किंग्स ने 8.40 करोड़ में खरीदा। शुभम दुबे 5.80 करोड़ में राजस्थान रॉयल्स व शाहरुख खान को 7.40 करोड़ में गुजरात ने खरीदा। कीपर कुमार कुशाग्र को 7.20 करोड़ में दिल्ली और गेंदबाज यश दयाल को 5 करोड़ में बेंगलुरु का हिस्सा बने।

### रिचर्डसन को दिल्ली, थुषारा को मुंबई ने खरीदा

**ऑस्ट्रेलिया** के राइट आर्म पेसर जाय रिचर्डसन को दिल्ली कैपिटल्स ने 5 करोड़ रुपए में खरीदा, उनकी बेस प्राइस 1.50 करोड़ रुपए थी। इसी राउंड में श्रीलंका के नुवान थुषारा को मुंबई इंडियंस ने 4.80 करोड़ रुपए में खरीदा, उनकी बेस प्राइस 50 लाख रुपए थे। एक्सलरेटेड राउंड में लखनऊ ने डेविड विली और एश्टन टर्नर, कोलकाता ने शेरफन रदरफोर्ड और बेंगलुरु ने टॉम करन को खरीदा। टर्नर की कीमत एक करोड़ और विली की कीमत 2 करोड़ रही। वहीं बाकी दोनों प्लेयर्स 1.50 करोड़ रुपए में बिके।



### साई सुदर्शन और केएल राहुल ने जमाई फिफ्टी

टीम इंडिया ने केबेरा के सेंट जॉर्ज पार्क स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.1 ओवर में 211 रन पर ऑलआउट हो गई। ओपनर साई सुदर्शन (62 रन) और कप्तान केएल राहुल (56 रन) ने अर्धशतक जमाए। शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके। नांद्रे बर्गर ने 3, ब्यिुरन हेन्ड्रिक्स और केशव महाराज को 2-2 विकेट मिले। पावरप्ले में धीमी शुरुआत के बाद भारतीय बैटिंग ऑर्डर मिडिल ऑर्डर में बिखर गया। भारतीय टीम ने बीच के ओवर में 131 रन बनाने में 6 विकेट गंवा दिए। 40 ओवर के बाद टीम इंडिया का

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम को जर्मनी ने 2-3 से किया चित

एजेंसी, वेलेंसिया

**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम का पांच देशों के टूर्नामेंट में लचर प्रदर्शन जारी रहा जब मंगलवार को जर्मनी के खिलाफ 2-3 की हार से उसे लगातार तीसरी पराजय का सामना करना पड़ा।

भारत के लिए पहले हाफ में अभिषेक (नौवें मिनट) और शमशेर सिंह (14वें मिनट) ने गोल दागे। जर्मनी ने हालांकि दो गोल से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए माल्टे हेलविग (28वें मिनट), क्रिस्टोफर रुहर (50वें मिनट) और गोंजालो पेइलाट (51वें मिनट) के गोल से जीत दर्ज की। इससे पहले भारत को स्पेन के खिलाफ 0-1 और बेल्जियम के खिलाफ 2-7 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी। भारत ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले क्वार्टर में अभिषेक और शमशेर के गोल से 2-0 की बढ़त बनाई। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। हेलविग ने दूसरे क्वार्टर के अंतिम मिनटों में गोल दागकर भारत की बढ़त को मध्यांतर तक 2-1 किया। तीसरे क्वार्टर में भारत ने मजबूत डिफेंस का नजारा पेश किया। जर्मनी को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन टीम एक को भी गोल में नहीं बदल सकी।

## कमिंस के लिए 20 करोड़ की बोली लगने की उम्मीद नहीं थी : अनिल कुंबले

एजेंसी, नई दिल्ली

भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के विश्व कप विजेता कप्तान पैट कमिंस को उनके नेतृत्व कौशल के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में 20.50 करोड़ रुपए की मोटी कीमत पर खरीदा गया।

सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल की छोटी नीलामी में कमिंस को अपनी टीम से जोड़ा। उसके अलावा मुंबई इंडियंस, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और चेन्नई सुपर किंग्स ने भी इस तेज गेंदबाज में अपनी दिलचस्पी दिखाई थी। पूर्व भारतीय कोच कुंबले ने जिओ सिनेमा से कहा कि यह वास्तव में बहुत बड़ी कीमत है। 20 करोड़ रुपए की उम्मीद नहीं की गई थी। हम जानते थे कि उसके लिए ऊंची बोली लगेगी, लेकिन 20 करोड़ रुपए, यह तो रिकॉर्ड ही बन गया।

कमिंस के नाम पर आईपीएल नीलामी में सबसे अधिक कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ी का रिकॉर्ड हालांकि कुछ देर तक ही रहा, क्योंकि उनके साथी तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 24.75 करोड़ रुपए में खरीद कर नया रिकॉर्ड बनवा दिया। कुंबले ने कमिंस के बारे में कहा कि सनराइजर्स शायद कप्तान की तलाश में है और इसलिए वह उसे खरीदने के लिए बेताब दिखा। आरसीबी भी संभवत: लंबी अवधि के लिए कप्तान की तलाश में है। पैट कमिंस को शुभकामनाएं। उनके नाम पर तीन विश्व खिताब हैं, लेकिन यह सोने पर सुहागा है।



### न्यूज ब्रीफ

### एएआई और महाराष्ट्र पुरुष और महिला वर्ग में बैडमिंटन राष्ट्रीय चैंपियन के विजेता

**गुवाहाटी।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) ने यहां 75वीं अंतरराज्यीय-अंतर क्षेत्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में दमदार प्रदर्शन से मंगलवार को पुरुष टीम वर्ग का खिताब जीता और महिला वर्ग में उपविजेता रहा। एएआई ने पुरुषों के फाइनल में कर्नाटक को 3-0 से हराया। महिलाओं की स्पर्धा में भी एएआई की टीम फाइनल में पहुंची, लेकिन उन्हें महाराष्ट्र से हार का सामना करना पड़ा। पुरुष वर्ग के फाइनल में थारुन मन्नेपल्ली और मैसनाम मीराबा ने एकल, जबकि अलाप मिश्रा एवं रविकृष्ण की जोड़ी ने युगल मुकाबले को जीत कर एएआई का दबदबा कायम किया। महिला वर्ग के फाइनल में महाराष्ट्र की श्रुति मुंदादा, अलीशा नाइक और सिमरन सिंघी एवं रितिका ठाकर की युगल जोड़ी ने लगातार जीत के साथ टीम को चैम्पियन बनाने में मदद की।

### स्वीडन के महान फुटबाल खिलाड़ी बो लारसन का निधन, संघ ने दी जानकारी

**माल्मो (स्वीडन)।** स्वीडन के लिए 70 अंतरराष्ट्रीय मैच और तीन विश्व कप खेलने वाले महान फुटबाल खिलाड़ी बो लारसन का निधन हो गया। स्वीडन के फुटबाल संघ ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बोसे के नाम से पहचाने जाने वाले लारसन के पास मिडफील्ड और स्ट्राइकर के रूप में खेलने की क्षमता थी। उन्होंने 1970, 1974 और 1978 में विश्व कप टीम का प्रतिनिधित्व किया था। वह घरेलू फुटबाल में माल्मो का प्रतिनिधित्व करते थे। उन्होंने इस क्लब के लिए 1965 से 1977 के बीच 546 मैच में 289 गोल किये थे। वह घरेलू लीग में तीन बार सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी थे। उन्हें माल्मो के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। उनके निधन पर माल्मो के फुटबाल संघ (एमएफएफ) ने लिखा कि कई लोगों के लिए, बोसे लारसन सर्वकालिक महान एमएफएफ खिलाड़ी थे।

प्रतिभा को सलाम | अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने किया देश के खिलाड़ियों का सम्मान

## हार्दिक-सविता बने साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

एजेंसी, लुसाने (स्विट्जरलैंड)

**भारतीय** पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह और महिला टीम की कप्तान सविता को मंगलवार को एफआईएच (अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ) के सालाना पुरस्कार में साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी और साल की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर चुना गया।

विजेताओं का चयन एक विशेषज्ञ पैनल द्वारा किया जाता है, जिसमें राष्ट्रीय संघ (राष्ट्रीय टीमों के कप्तान और कोच), मीडिया के प्रतिनिधियों के अलावा प्रशंसकों का मतदान शामिल होता है।

देश के लिए 114 मैच खेल चुके हार्दिक को भारतीय हॉकी का भविष्य माना जाता है। उनके खेल में इसकी झलक भी दिखी है। वह टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम के अहम सदस्य थे और इसके बाद





से उनके खेल में लगातार सुधार हुआ है। हार्दिक का यह साल का दूसरा बड़ा पुरस्कार है। उन्हें इससे पहले हॉकी इंडिया ने साल 2022 के लिए बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार (साल का सर्वश्रेष्ठ भारतीय खिलाड़ी) से सम्मानित किया था। भारतीय टीम के इस उपकप्तान ने कहा कि जब आपके पास एक बेहतरीन टीम होती है, तो वे आपके खेल को बेहतर और जीवन को आसान बना देती है। मैं उन सभी का आभारी हूं, जिन्होंने मेरे लिए मतदान किया। मैं इस मुकाम तक पहुंचने में मदद करने के लिए पूरी टीम और हॉकी इंडिया का आभारी हूं।

सविता ने लगातार तीसरी बार इस खिताब को अपने नाम किया है। भारतीय गोलकीपर 2023 में शानदार लय में रही है। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट मैचों से लेकर हांग्झोउ एशियाई खेलों में उन्होंने लगातार प्रभावित किया। इस 33 साल की खिलाड़ी ने अक्तूबर में भारत में आयोजित एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि मैं सभी साथियों और सहयोगी स्टाफ के प्रति आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने खिलाड़ी और इंसान के रूप में मुझे आगे बढ़ने में मदद की। यह पुरस्कार मुझे कड़ी मेहनत करने और अपने देश के लिए और अधिक सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा। उन सभी को धन्यवाद, जिन्होंने मुझे मतदान किया।

नीदरलैंड की जैन डी वार्ड को साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी चुना गया। नीदरलैंड के गोलकीपर पिरमिन ब्लैक को पुरुषों के वर्ग में साल का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया। टेरेसा लीमा (स्पेन) और गैसपार्ड जेवियर (फ्रांस) क्रमश: महिला और पुरुष वर्ग में साल के सर्वश्रेष्ठ उभरते हुए खिलाड़ी चुने गये। चीन की महिला टीम की मुख्य कोच एलिसन अन्नान और जर्मनी की पुरुष टीम के मुख्य कोच आंद्रे हेनिंग साल के सर्वश्रेष्ठ कोच चुने गए। अयाना मैक्लीन (त्रिनिदाद और टोबैगो) और बेन गॉन्टगेन (जर्मनी) को साल के सर्वश्रेष्ठ अंपायर का पुरस्कार मिला।

### एनआईटी हमीरपुर और नागपुर बने संयुक्त चैंपियन

**हमीरपुर।** एनआईटी हमीरपुर और एनआईटी नागपुर को संयुक्त चैंपियन घोषित किए जाने के साथ ही अखिल भारतीय अंतर-एनआईटी फैकल्टी और स्टाफ क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 का समापन हो गया। लगातार हो रही बारिश ने फाइनल मैच के कार्यक्रम को बाधित कर दिया, जिससे आयोजकों को दोनों टीमों को सह-चैंपियन घोषित करने का निर्णय लेना पड़ा और ट्रॉफी साझा की गई। एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यावंशी ने टीम को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी और उनके समर्पण और प्रतिभा की प्रशंसा की। एनआईटी हमीरपुर की कुलपति डॉ. अर्चना नानोटी ने भी टीम की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया। टीम के कप्तान डॉ. सुरेंद्र सोनी, मैनेजर डॉ. अशोक कुमार और कोच आरके जमाल्टा को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और मार्ग-दर्शन के लिए सराहा गया। अखिल भारतीय अंतर-एनआईटी फैकल्टी और स्टाफ क्रिकेट टूर्नामेंट ने एनआईटी को एक साथ आने का मंच प्रदान किया।

# नेपाल के जानकी मंदिर में हुए सामूहिक विवाह, 25 जोड़े शादी के बंधन में बंधे

**एजेंसी, काठमांडू**



विवाह पंचमी पर जनकपुरधाम के जानकी मंदिर परिसर में नेपाल के विश्व हिन्दू परिषद की तरफ से सामूहिक विवाह कराया गया। एक ही मंडप में आदर्श विवाह के रूप में 25 जोड़े शादी के बंधन में बंधे हैं।

महामंत्री जीतेंद्र सिंह का कहना है कि विहिप नेपाल की ओर से जनकपुरधाम को विश्व में विवाह स्थल के रूप में पहचान दिलाने के लिए प्रति वर्ष सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता है। इस तरह से शादी करने वाले अधिकतर परिवार आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। 20 वर्ष पार करने वाले ऐसे जोड़ों की शादी उनके परिवार की सहमति से ही की जाती है। इस विवाह समारोह के दौरान शादी से पहले दोपहर में दूल्हे को रथ में बिठाया गया और पूरे शहर की परिक्रमा की गई।

जानकी मंदिर के प्रांगण में दूल्हा-दुल्हन ने एक-दूसरे को माला और अंगूठी पहनाई। इसके बाद विवाह की बाकी सभी रस्में परम्परागत ढंग से हुईं। परिषद के महामंत्री जीतेंद्र सिंह ने बताया कि आयोजकों की तरफ से सभी दुल्हनों को सोने का मंगलसूत्र, दूल्हे को चांदी की अंगूठी और एक जोड़ा वस्त्र भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि नवविवाहित जोड़े को उपहार में बर्तन भी दिए गए।

# सरकार ने कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स फिर घटाया, नई दरें लागू

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव के बीच केंद्र सरकार ने देश में उत्पादित कच्चे तेल पर लागू अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में बड़ी कटौती की है। वहीं, डीजल के निर्यात विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) में कटौती की गई है। हालांकि, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) निर्यात पर लागू लेवी में इजाफा किया गया है। नई दरें मंगलवार से लागू हो गई हैं।

सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के मुताबिक घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स की दर पांच हजार रुपए प्रति टन से घटा कर 1,300 रुपए प्रति टन कर दी गई है।



इसके साथ ही डीजल के निर्यात पर मौजूदा एसएईडी को एक रुपए प्रति लीटर से घटा कर 0.50 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है।

वहीं, एटीएफ के निर्यात पर लेवी शून्य से बढ़ा कर एक रुपए प्रति लीटर कर दी गई है। हालांकि, पेट्रोल पर एसएईडी अभी शून्य बना रहेगा।

# सेंसेक्स ने 71623 और निफ्टी ने 21,505 का हाई बनाया

**एजेंसी, मुंबई**

शेयर बाजार में आज यानी मंगलवार को नया ऑल टाइम हाई बनाया है। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 71623.71 और निफ्टी ने 21,505.05 का स्तर छुआ। इसके बाद बाजार थोड़ा नीचे आया और सेंसेक्स 122 अंक की तेजी के साथ 71,437 के लेवल पर बंद हुआ।

निफ्टी में भी 27 पॉइंट की तेजी है। ये 21,445 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 में तेजी और 15 में ही गिरावट देखने को मिली है। एनर्जी, एफएमसीजी, पावर और पीएसई शेयरों में तेजी रही। जबकि आईटी, ऑटो, मेटल और रियल्टी शेयरों में गिरावट रही। कोल इंडिया के शेयर में आज 6.14 प्रतिशत की तेजी रही। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे कमजोर होकर 83.19 रुपए पर बंद हुआ।

**एफएमसीजी, पावर और बैंकिंग शेयर्स में तेजी रही, कोल इंडिया छह प्रतिशत से ज्यादा चढ़ा**



## आज से ओपन हुए तीन आईपीओ

**आज** शेयर मार्केट में लिस्टिंग के लिए तीन इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ ओपन हो गए हैं। इसमें क्रेडो ब्रांड्स मार्केटिंग लिमिटेड (मुफ्ती मेन्सवियर), RBZ ज्वैलर्स लिमिटेड और हैप्पी फोर्जिंग्स लिमिटेड शामिल हैं। रिटेल इनवेस्टर्स 21 दिसंबर तक इन इश्यू के लिए बिडिंग कर सकेंगे।

## वर्ल्ड न्यूज

### एयर इंडिया ने सोशल मीडिया पर नए लोगो का शुरू किया इस्तेमाल

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की अगुआई वाली एयर इंडिया एयरलाइन ने मंगलवार को अपने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और वेबसाइट पर अपने नए ब्रांड लोगो का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। इसके साथ ही एयर इंडिया ने 'पुरानी एयर इंडिया' से 'नई एयर इंडिया' में इसके पूर्ण परिवर्तन की घोषणा कर दी है। एयर इंडिया अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट और इंस्टाग्राम पर नए लुक में दिख रहा है। एयरलाइन ने नए लोगों को अपनाने के साथ एक वीडियो पोस्ट में लिखा है, ''एयर इंडिया के साहसिक, गर्मजोशीपूर्ण और जीवंत अध्याय में आपका स्वागत है।

### बांग्लादेश में उपद्रवियों ने ट्रेन में आग लगाई, चार की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका के तेजगांव में उपद्रवियों ने एक यात्री ट्रेन में आग लगा दी। आग से तीन बोगियों को नुकसान हुआ है और झुलसने एक बच्चे समेत चार लोगों की मौत हो गई। मंगलवार तड़के राजधानी के तेजगांव रेलवे स्टेशन क्षेत्र में ढाका जाने वाली मोहनगंज एक्सप्रेस ट्रेन में आगजनी के कारण एक बच्चे सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। अग्निशमन सेवा और नागरिक सुरक्षा मुख्यालय मीडिया सेल के उप सहायक निदेशक शाहजहां सिकदर ने पुष्टि की है कि सुबह लगभग 5: 04 बजे ट्रेन के तीन डिब्बों में आग लगा दी गई।

### जम्मू में म्यांमार-बांग्लादेश के नागरिकों के खिलाफ एफआईआर

**जम्मू।** जम्मू पुलिस ने डोडा जिले में म्यांमार-बांग्लादेश के दस नागरिकों और उनके मददगारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने विदेशी नागरिकों की गतिविधियों पर निगरानी करने के लिए स्पेशल ड्राइव लॉन्च की थी। इसके तहत दस विदेशियों के खिलाफ तीन एफआईआर दर्ज की गईं। इन विदेशियों पर आरोप है कि उन्होंने डोडा में गैरकानूनी तरीके से रहने के लिए अवैध तरीके से भारतीय पहचान पत्र हासिल किए। इन डॉक्यूमेंट्स में डोमिसाइल सर्टिफिकेट, आधार कार्ड, राशन कार्ड, वोटर कार्ड और पैन कार्ड शामिल थे।

### अमेरिकी पैट्रियट ने किया कमाल, मार गिराया रूसी 'ब्रह्मास्त्र' किंझल!

**कीव।** यूक्रेन की सेना ने दावा किया कि उसने रूस की हाइपरसोनिक मिसाइल किंझल को मार गिराने में सफलता हासिल की है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने किंझल मिसाइल को 'अजेय' करार दिया था और इसकी तारीफों के पुल बांधे थे। यूक्रेन के सैनिक इस शानदार सफलता से बहुत उत्साहित हैं जो लगातार रूसी मिसाइल हमलों का सामना कर रहे हैं। यूक्रेन ने संकेत दिया है कि उसने अमेरिका के पैट्रियट सिस्टम की मदद से रूसी हाइपरसोनिक मिसाइल को मार गिराया है। अब तक माना जाता था कि रूस की हाइपरसोनिक मिसाइलों को हवा में ही तबाह नहीं किया जा सकता है लेकिन यूक्रेन की सफलता ने पुतिन को बड़ी टेंशन दे दी है।

### सरहद पर बीएसएफ जवान ने खुद को मारी गोली, जांच में जुटी पुलिस

**जैसलमेर।** जैसलमेर से लगती भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ के एक जवान ने अपनी ही सर्विस राइफल से खुद को गोली मारकर खुदकुशी कर ली। इसके बाद वहां मौजूद साथी जवान ने गोली की आवाज सुनी तो वह मौके पर गया और देखा तो जवान मृत पड़ा मिला। साथी जवान ने इस घटना की जानकारी देकर मौके पर बुलाया। अधिकारियों ने शव को रामगढ़ सीएचसी में रखवाया और तनोट पुलिस थाने को इसकी जानकारी दी। सूचना पर तनोट थानाधिकारी खुशालचंद मय जाब्ता मौके पर पहुंचे।

# बंधक बोले- हम मरना नहीं चाहते हमास का वीडियो हुआ वायरल

**एजेंसी, वाशिंगटन**

हमास ने सोमवार को तीन इसराइली बंधकों का एक वीडियो रिलीज किया। तीनों बंधक की उम्र 80 साल के करीब है। वीडियो में उन्होंने कहा- हमें यहां से आजाद कराया जाए, चाहे इसके लिए कितनी ही कीमत चुकानी पड़े। हम यहां और बूढ़े नहीं होना चाहते। न ही हम इसराइली सेना के हमलों में मरना चाहते हैं। हमें यहां बहुत ही मुश्किल हालातों में रहना पड़ रहा है।

दूसरी तरफ, जंग में सीजफायर की मांग के बीच मंगलवार को यूएन सिक्योरिटी काउंसिल में एक बार फिर सीजफायर के लिए वोटिंग होगी। टाइम्स ऑफ इसराइल के मुताबिक, यह पहले सोमवार को होने वाली थी, लेकिन सदस्य देशों को डर था कि अमेरिका फिर वीटो लगा देगा।

इस बीच कई देशों के डिप्लोमैट्स मिलकर अमेरिका को सीजफायर के पक्ष में वोट डालने या फिर वोटिंग से दूर रहने के लिए मनाने में जुटे हैं। यूएनएससी में इस प्रस्ताव को अरब देशों ने पेश किया है।

**हमें यहां से निकालें; एनएससी में सीजफायर वोटिंग के लिए अमेरिका को मना रहे देश**



तस्वीर हमास की कैद में मौजूद 84 साल के अमीरम कूपर, 79 साल के चैम पेरी, और 80 साल के योरम मेट्ज़गर की है।

## अमेरिका बोला- जंग के अगले फेज में बढ़े इसराइल



**इसराइल** पहुंचे अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बैठक में इसराइली नेताओं से जंग को अगले फेज में ले जाने की बात कही है। ऑस्टिन ने कहा कि वो इसराइल को जंग की टाइमलाइन या शर्तें बताने नहीं आए हैं। इससे पहले ऑस्टिन सोमवार को इसराइल पहुंचे थे। उन्होंने इसराइल के डिफेंस मिनिस्टर योव गैलेंट से मुलाकात की। बाद में जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- अमेरिका हमेशा इसराइल के साथ खड़ा है।

# महाकाल मंदिर से जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया टीम ने लिए भस्म और भांग के नमूने

## छह वर्ष पूर्व शिवलिंग क्षरण को लेकर दायर की गई थी याचिका

**एजेंसी, उज्जैन**



भगवान बाबा महाकाल के शिवलिंग की स्थिति पर नजर बनाए रखने के लिए सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (जीएसआई) की टीम ने मंगलवार को महाकाल मंदिर से भगवान को अर्पित होने वाली भस्म, पानी और भांग के नमूने लिए है।



दरअसल, लगभग छह वर्ष पूर्व भगवान महाकालेश्वर के शिवलिंग क्षरण और मंदिर की संपदा का नुकसान होने के साथ अन्य अव्यवस्थाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने मंदिर की परंपरा और पूजन पद्धति पर हस्तक्षेप से तो इनकार कर दिया था, लेकिन शिवलिंग क्षरण रोकने और मंदिर की संपदा को सुरक्षित रखने के जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) को गाइडलाइन बनाने के आदेश दिए थे। कोर्ट ने दोनों संस्थाओं की गाइडलाइन का पालन करने के आदेश मंदिर प्रबंध समिति और जिला प्रशासन को दिए थे। इसके साथ ही कोर्ट ने जीएसआई, एएसआई को प्रति छह माह में मंदिर के साथ शिवलिंग का निरीक्षण, भगवान को अर्पित होने वाली सामग्री तय मानक के अनुसार होने के संबंध में परीक्षण के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में जीएसआई की सात सदस्य टीम सोमवार शाम उज्जैन पहुंची। इसके पहले भी कई बार जीएसआई, एएसआई की टीम यहां आकर जांच कर चुकी है। सात सदस्यीय दल ने आज मंदिर पहुंचकर शिवलिंग की स्थिति का आकलन किया। जीएसआई भोपाल कार्यालय के डायरेक्टर आरएस शर्मा समेत सात लोगों के दल ने सुबह से मंदिर में अलग-अलग सैंपल लेना शुरू किए। इसमें भस्म, आरओ वॉटर, भांग, श्रृंगार और पूजन के बाद चैंबर में निकलने वाले पानी के नमूने लिए हैं। लैबोरेटरी में टेस्टिंग के बाद रिपोर्ट जीएसआई के अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

मंदिर समिति ने भस्म आरती में भगवान महाकाल को अर्पित की जाने वाली भस्म को लेकर भी निर्देश जारी किए थे। समिति ने निर्देश दिए कि भस्म आरती में भगवान महाकाल को भस्म अर्पित करने से पहले ज्योतिर्लिंग को शुद्ध सूती वस्त्र से पूरा ढका जाए, इसके बाद ही भस्म अर्पित करें।

# अब्देल फतह अल-सीसी 89.6 फीसदी वोटों से सत्ता पर काबिज




**काहिरा।** मिस्र के राष्ट्रपति के रूप में अब्देल फतह अल-सीसी ने बंपर 89.6 फीसदी वोट के साथ देश की सत्ता पर तीसरी बार काबिज हुए हैं। नेशनल इलेक्शन अथारिटी ने सोमवार को यह जानकारी दी। लगातार तीसरी जीत के साथ अगले छह वर्ष तक देश की सत्ता में रहेंगे।

राष्ट्रपति अल-सीसी को चुनाव में आसान जीत के कारण किसी भी विपक्षी दल की तरफ से गंभीर चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। मिस्र की धीमी अर्थव्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी थी। लेकिन गाजा में लड़ाई छिड़ जाने से राष्ट्रपति को इससे निपटने में सफलता मिली। कुछ मतदाताओं ने स्पष्ट कहा कि गाजा के संघर्ष ने उन्हें राष्ट्रपति अल-सीसी को फिर से वोट देने के लिए प्रेरित किया। इससे हिंसा प्रभावित क्षेत्र में देश की स्थिरता को बल मिलेगा।

मिस्र में 10-12 दिसंबर को हुए चुनाव में 66.8 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2018 के पिछले चुनाव से 41 प्रतिशत से काफी अधिक है। अल-सीसी के मुकाबले तीन अन्य उम्मीदवारों में कोई भी हाई प्रोफाइल नहीं था। अल-सीसी सेना के पूर्व जनरल हैं। वह 2014 में पहली बार लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित हुए थे। उसके बाद 2018 में चुनाव जीता था। 2019 में संविधान संशोधन के जरिए राष्ट्रपति के कार्यकाल को चार वर्ष से बढ़ाकर छह वर्ष कर दिया गया था।

# थाइलैंड में सेना के साथ मुठभेड़ में 15 ड्रग तस्करों की मौत

**मादक पदार्थ मेथामफेटामाइन की 20 लाख गोलियां जब्त**

**बैंकॉक।** थाइलैंड ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 ड्रग तस्करों को मार गिराया है। थाइलैंड की सेना ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए म्यांमार सीमा पर यह कार्रवा की है। सेना ने तस्करों के पास से मादक पदार्थ मेथामफेटामाइन की 20 लाख गोलियां जब्त की। नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड (एनसीबी) के अनुसार, सेना को चियांग प्रांत में सीमा के पास तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी।

छापेमारी के दौरान सेना के अधिकारियों को इलाके में 20 लोग पीठ पर बैग लाद कर ले जाते हुए दिखे। जब अधिकारियों ने उन्हें पहचान बताने और बैग का निरीक्षण करने के लिए कहा तो तस्करों ने सेना पर गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने जवाबी गोलीबारी में 15 तस्करों को मार गिराया।

अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी में मारे गए 15 तस्करों की पहचान अभी नहीं हुई है। मादक पदार्थों के स्रोत का पता लगाने में एनसीबी जुटी है। इससे पूर्व बुधवार को म्यांमार सीमा के पास से ही मेथामफेटामाइन की पांच करोड़ गोलियां जब्त की गई थीं।

# जैकलीन फर्नांडीज ने खटखटाया दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा

**200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दर्ज क्रिमिनल केस और चार्जशीट रद्द करने की मांग की**

**एजेंसी, मुंबई**



बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज ने दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एक्ट्रेस ने ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी द्वारा दायर किए क्रिमिनल केस और चार्जशीट को रद्द करने की मांग की है। जैकलीन को इस मामले में ईडी ने सहआरोपी बनाया है। वहीं, दिल्ली पुलिस द्वारा दर्ज एक्सटॉर्शन केस में जैकलीन को गवाह बताया गया है।

## एक्ट्रेस बोलीं- ईडी द्वारा पेश सबूत उनकी बेगुनाही साबित कर देंगे

आठ अगस्त 2021 ECIR, 17 अगस्त 2022 की सेकेंड सप्लिमेंट्री कम्प्लेन और इस मामले में हुई कार्यवाही को रद्द करने की मांग करते हुए, एक्ट्रेस ने अपनी याचिका में कहा है कि ईडी द्वारा दायर किए गए सबूत साबित करते हैं कि वो निर्दोष हैं और चंद्रशेखर के टारगेटेड अटैक की शिकार हैं।

## जैकलीन की याचिका की प्रमुख बातें

- याचिका में एक्ट्रेस ने कहा कि सुकेश के ब्लैक मनी को व्हाइट करने में उनका कोई हाथ नहीं है।
- जैकलीन को सुकेश चंद्रशेखर और उसके सहयोगियों के अपराध की कोई जानकारी नहीं थी।
- जैकलीन ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े PMLA 2002 के तहत कोई अपराध नहीं किया और ना ही वह किसी तरह के अपराध में शामिल थीं।
- याचिकाकर्ता ने दावा किया कि श्वष्ठ द्वारा पेश सबूत एक्ट्रेस की बेगुनाही साबित कर देंगे।
- याचिका में यह भी कहा गया कि उन्हें EOW केस में अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में पेश किया गया था।

# भाजपा सरकार से जो भी सवाल करेगा वो जेल जाएगा : राघव चड्ढा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ईडी के भेजे समन को लेकर सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि आज इस देश में अगर कोई भी व्यक्ति भाजपा सरकार से सवाल करता है, तो उसे गिरफ्तार कर लिया जाता है या फिर सस्पेंड कर दिया जाता है।

राघव चड्ढा ने कहा कि आज अगर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और सत्येंद्र जैन भाजपा में शामिल होने के लिए हामी भर देते हैं तो वो दो मिनट के अंदर जेल से छूटकर बाहर आ जाएंगे और भाजपा उन्हें ढोल-नगाड़ों के साथ अपनी पार्टी में शामिल करा लेगी। ऐसा ही कुछ हम सबने महाराष्ट्र में देखा है। महाराष्ट्र में छगन भुजबल, अजित पवार को भाजपा भ्रष्ट कहती थी।

इन पर ईडी और सीबीआई ने कई मुकदमे किए। यह नेता जैसे ही भाजपा में शामिल हुए, उनके ऊपर लगे सारे मुकदमे ठंडे बस्ते में डाल दिए गए या बंद कर दिए और उन्हें गले लगाकर भाजपा में शामिल कर लिया गया। चड्ढा ने कहा कि इसका स्पष्ट मतलब ये है कि आज अगर भाजपा किसी से डरती है तो वो अरविंद केजरीवाल हैं। इसलिए भाजपा अरविंद केजरीवाल को कमजोर करना चाहती है।

भाजपा वालों के सोते-जागते सपने में केवल अरविंद केजरीवाल ही आते हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल 19 दिसंबर को विपश्यना के लिए जा रहे हैं। वो विपश्यना के लिए लगातार जाते रहते हैं। इस बार भी उनका यह कार्यक्रम पहले से ही तय है। वो वकीलों से सलाह लेंगे कि ईडी को जवाब देना है या नहीं देना है और आगे की रणनीति तैयार करेंगे।

**जानकारी** मनमोहन के 10 साल में 59 सांसद हुए थे सस्पेंड, इनमें लोकसभा के 52 और राज्यसभा के सात सांसद थे

# मोदी काल में 255 सांसद निलंबित, इनमें बीजेपी का कोई नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मोदी शासन के दौरान 255 सांसदों पर अब तक निलंबन की कार्रवाई हो चुकी है। यह मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान हुई निलंबन कार्रवाई से करीब 400 फीसद से ज्यादा है। 17वीं लोकसभा का आखिरी शीतकालीन सत्र शुरू होते ही सुर्खियों में है। पहले, लोकसभा के सभी सुरक्षा घेरा को तोड़ दो घुसपैठिए संसद के भीतर चले गए। यह संसद के इतिहास की सबसे बड़ी सुरक्षा चूक थी। इसी सुरक्षा चूक पर बहस की मांग कर रहे विपक्ष के 141 सांसदों को लोकसभा और राज्यसभा से सस्पेंड कर दिया गया है। इन सांसदों पर संसद की कार्यवाही में व्यवधान का आरोप लगाया गया है।



निलंबित किए गए 11 सांसदों के मामले को प्रिविलेज कमेटी के पास भेजा गया है। प्रिविलेज कमेटी की रिपोर्ट के बाद इन सांसदों पर आगे की कार्रवाई होगी। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है जब किसी विषय पर बहस की मांग कर रहे सांसदों पर कार्रवाई की गई है। मोदी शासन के दौरान 255 सांसदों पर अब तक निलंबन की कार्रवाई हो चुकी है। यह मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान हुई निलंबन कार्रवाई से करीब 400 फीसद से ज्यादा है। मनमोहन कार्यकाल के दौरान करीब 59 सांसदों पर निलंबन की कार्रवाई हुई थी।

## मोदी सरकार के कार्यकाल में निलंबन का रिकॉर्ड

**मनमोहन** सिंह के 10 साल के कार्यकाल के दौरान 59 सांसद सस्पेंड किए गए थे। इनमें लोकसभा के 52 और राज्यसभा के 7 सांसद थे। मनमोहन सरकार के पहले कार्यकाल यानी की 2004 से 2009 तक सिर्फ पांच सांसद निलंबित किए गए थे। मोदी कार्यकाल में निलंबन की सबसे ज्यादा कार्रवाई हुई है। लोकसभा और राज्यसभा के आंकड़ों को देखा जाए तो मोदी सरकार के कार्यकाल में अब तक 206 सांसदों को निलंबित किया गया है। 2015 में पहली बड़ी कार्रवाई में तत्कालीन लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने कांग्रेस के 25 सांसदों को निलंबित कर दिया था। 2019 में विपक्ष के 49 सांसद निलंबित किए गए थे। कृषि बिल 2020 पर वोटिंग के दौरान राज्यसभा के सांसदों को निलंबित किया गया था।

## निलंबन की कार्रवाई क्यों होती है?

**संसद** को सुचारु रूप से चलाने के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं। संसद में अनुशासन बनाए रखने के लिए पीठासीन अधिकारी को निलंबन की कार्रवाई का भी अधिकार दिया गया है। लोकसभा में स्पीकर और राज्यसभा में सभापति को निलंबन का अधिकार है। हालांकि, बहुत ही कम ऐसे मौके आए, जब सांसदों के निलंबन के बाद सदन की कार्यवाही व्यवस्थित तरीके से चली हो। लोकसभा स्पीकर के पास नियम 373, नियम 374 और नियम 374-ए के तहत कार्रवाई का अधिकार है। राज्यसभा सभापति नियम 255 और नियम 256 के तहत कार्रवाई कर सकते हैं।

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099, ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com, फोन नंबर : 01892-299098, 98168-75517